फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 12 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 24, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

राष्ट्रपति की बेटी आसिफा बनेंगी पाकिस्तान की प्रथम महिला 16

अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सोमवार को देश में ही विकसित अग्नि-5 मिसाइल, मिशन दिव्यास्त्र का पहला सफल परीक्षण किया। इसके साथ ही भारत 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) तकनीक पर आधारित मिसाइल विकसित करने वाले दुनिया के चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अग्नि-5 मिसाइल के पहले सफल परीक्षण के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिकों पर गर्व है।

एमआईआरवी तकनीक क्या है?

एमआईआरवी तकनीक के तहत किसी मिसाइल में एक ही बार में कई परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता होती है और इन हथियारों से अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बनाया जा सकता है। इसकी एक खासियत यह भी है कि इसे सड़क मार्ग से कहीं भी ले जाया जा सकता है। नए टेस्ट के साथ भारत मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) क्षमता वाले देशों की खास सूची में आ गया है।

अग्नि-5 क्या है?

अग्नि-5 एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) है। इस मिसाइल की खासियत है कि यह वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करने से पहले अंतरिक्ष में जाती है। अग्नि-5 मिसाइल बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ 5,000 किलोमीटर तक लक्ष्य पर प्रहार करने में सक्षम है। इस तरह से अग्नि-5 की मारक क्षमता चीन के सबसे उत्तरी हिस्से के साथ-साथ यूरोप के कुछ क्षेत्रों सहित लगभग पूरे एशिया तक हो सकती है।

5,000 किलोमीटर तक लक्ष्य पर प्रहार करने में सक्षम है अग्नि-5 मिसाइल

पीएम मोदी ने किया 1,052 करोड़ के रुद्रपुर बाईपास का शिलान्यास

ब्यूरो, देहरादून

कई राज्यों की विकपरियोजनाओं का वर्चुअल शिलान्यास करते प्रधानमंत्री मोदी व अन्य।

- सीएम धामी के प्रतिनिधि के रूप में वर्चुअल माध्यम से जुड़े काबीना मंत्री
- मंत्री गणेश जोशी ने पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्री गडकरी का जताया आभार

अमृत विचारः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय अन्तर्गत द्वारका एक्सप्रेस समेत निर्माणाधीन एक लाख करोड़ से अधिक की 144 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इसमें उत्तराखंड के लिए 1052 करोड़ रुपये लागत के रुद्रपुर बाईपास का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ने के लिए देहरादून आईआरडीटी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में काबीना मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उन्होंने कहा बीते दशक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड को कई महत्पूर्ण परियोजनाएं जैसे चारधाम यात्रा मार्ग, दिल्ली-देहरादून एक्स्प्रेस-वे, इंडो नेपाल कनेक्टविटी प्रोजेक्ट, केदारनाथ और हेमकुंड साहब में रोपवे आदि योजनाएं मिली हैं। इस पर्वतीय राज्य के मेहनती लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज इसी लक्ष्य को आगे बढाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1052 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 21 किलोमीटर रुद्रपुर बाईपास का शिलान्यास किया है। मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार प्रकट किया। रुद्रपुर में बनने वाला बाईपास दोनों राज्यों उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से गुजरेगा। इस बाईपास में 2 आरओबी, 6 छोटे पुल, फ्लाईओवर और 2 रेलवे उपरगामी सेतु (आरओबी) व 1 फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित है। रुद्रपुर देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल हब में से एक है। यहां उत्तराखंड सरकार की सबसे बड़ी एकीकृत औद्योगिक एस्टेट सिडकुल में 1300 से अधिक कंपनियां हैं। परियोजना का निर्माण कार्य 12 जनवरी, 2024 से प्रारम्भ हो चुका है, जिसके पूरा करने के लिए 2 वर्ष की समयावधि निर्धारित है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस परियोजना से रुद्रपुर शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक खजान दास, सचिव पंकज पांडे सहित कई लोग उपस्थित रहे।

एक नजर

महुआ मोइत्रा की याचिका पर मई में सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर मई में सुनवाई करेगा जिसमें लोकसभा से निष्कासन को चुनौती दी है। उनकी याचिका न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। मोइत्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि उनका इस मामले में लोकसभा महासचिव द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामे पर प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है।

पुलिस से मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में सोमवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर कर दिया। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना जताई जा रही है।

केंद्र सरकार ने सीएए-2019 लागू करने के लिए जारी की अधिसूचना

नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू

31 दिसंबर 2014 तक भारत आए गैर मुस्लिम शरणार्थियों को मिलेगी नागरिकता

नई दिल्ली, ब्यूरो

- अफगानिस्तान पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए शरणार्थी ही पा सकेंगे नागरिकता
- हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी, जैन और ईसाई समुदाय के प्रवासियों को मिलेगी सुविधा

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करने का ऐलान किया है। 4 वर्ष 3 माह पूर्व इस अधिनियम को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी। लेकिन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की वजह से इसे लागू नहीं किया गया था। अब पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का रास्ता साफ हो गया है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक नागरिकता देने के लिए एक पोर्टल का सृजन किया गया है। उसमें आवेदन करने के बाद सरकार की एक एजेंसी आवेदन कर्ता के सारे दस्तावेजों का बारीकी से अध्ययन करने के बाद नागरिकता देने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देगी। 6 धर्मों के व्यक्तियों को नागरिकता मिलेगी। जिसमें हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी एवं ईसाई शामिल है। जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। अभी तक इन धर्मों के नागरिक अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में नागरिकता कानून में संशोधन करने का प्रस्ताव था। 2019 में सत्ता में आने के बाद भाजपा ने नागरिक संशोधन विधेयक तैयार किया और 10 एवं 11 दिसंबर को इसे लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करवा दिया था। अगले ही दिन राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दे दी थी। लेकिन दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सरकार ने इसे लागू नहीं किया था। अब तक इस कानून में छह बार संशोधन हो चुका है। इस विधेयक के पीछे सरकार का तर्क था कि पड़ोसी देशों में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले नागरिकों को भारत में समायोजित करने का रास्ता निकालना है।

चुनाव से पहले सीएए लाना ध्रुवीकरण का प्रयासः कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सीएए को लागू करने से जुड़े नियमों को अधिसूचित किए जाने के बाद सोमवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले देश और खासकर पश्चिम बंगाल एवं असम में ध्रुवीकरण का प्रयास किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद सरकार ने 'हेडलाइन मैनेज करने' की कोशिश भी की है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह चुनाव में ध्रुवीकरण करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से असम और बंगाल में।

नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू कर भाजपा ने ऐतिहासिक वादा पूरा किया : भट्ट

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया है। केंद्रीय मंत्री भट्ट ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार जनता से किया हर वादा पूरा करती है। 11 मार्च को फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक और ऐतिहासिक वादा पूरा किया है। देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना जारी होने के बाद यह एक्ट लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि 9 नवंबर 2019 को यह बिल लोकसभा में पेश किया गया था जो उसी दिन पास हो गया था। दो दिन बाद 11 नंबर 2019 को राज्यसभा से भी पारित हो गया। फिर अनुमोदन के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा गया। दिसंबर 2019 में राष्ट्रपति से मंजूरी मिल गई थी। अब इस एक्ट की अधिसूचना लागू हो गई है, यह देश भर में लागू हो गया है। इस अधिसूचना के चलते 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के 6 समुदाय जिनमे हिंदू, सिख, इसाई, जैन, बौद्ध और पारसी शामिल है इन्हें भारत की नागरिकता मिलेगी।

गढ़ी नेगी को नगर पंचायत बनाने समेत कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

ब्यूरो देहरादून

- मुख्यमंत्री धामी के मंत्रिमंडल ने लोस चुनाव से पूर्व हुई अंतिम कैबिनेट में लिए अहम फैसले

अमृत विचार : आम चुनाव से पूर्व हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने काशीपुर में गढ़ी नेगी को नगर पंचायत बनाने समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई।

सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें पहली सेवा क्षेत्र नीति के साथ ही बेसिक शिक्षकों की सेवा नियमावली में संशोधन और निजी भूमि पर पेड़ कटाने की अनुमति के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसके अलावा अन्य सरकारी विभागों की सेवा नियमावली एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी विकास, आवास, पर्यटन, कृषि विभागों के कई प्रस्तावों पर भी मंथन हुआ।

इसके बाद कैबिनेट ने अटल आयुष्मान योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में डायलसिस सेंटर पर 100% प्रतिपूर्ति देने, लखवाड़ परियोजना के तहत विस्थापन नीति, उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति के प्रख्यापन, राजकीय होटल मैनेजमेंट संस्थान देहरादून और अल्मोड़ा की सेवा नियमावली, गढ़ी नेगी क्षेत्र काशीपुर को नगर पंचायत बनाने, पीएचडी करने वाले ऐसे 100 छात्रों जिन्हें कहीं से भी छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है उन्हें 5 हजार प्रति माह देने, सुप्रीम के आदेश के तहत प्राथमिक शिक्षक भर्ती में बीएड की अनिवार्यता के खात्मे, पिथौरागढ़ के आदि कैलास, ओम पर्वत का पांच दिवसीय हेली दर्शन के लिए छह माह के ट्रायल, कैंसर अस्पताल हर्रावाला और मातृ अस्पताल पीपीपी मोड में चलाने पर सहमति बनी है।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका

संदेशखालि : ईडी टीम पर हमले की जांच सीबीआई ही करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की एक टीम पर पांच जनवरी को किए गए हमले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित करने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। हालांकि, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के पांच मार्च के आदेश में राज्य सरकार और पुलिस के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणी को रिकॉर्ड से हटाने का आदेश दिया।

पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की इस दलील पर गौर किया कि यदि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को जांच हस्तांतरित करने के अंतिम आदेश को यथावत रखा जाता है, तो उन्हें टिप्पणी हटाए जाने से कोई आपत्ति नहीं है। सुनवाई के दौरान पीठ ने पश्चिम बंगाल पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता से कई सवाल किए। पीठ ने पूछा कि तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख को पांच जनवरी के हमले के बाद क्यों तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया और मामले की जांच में विलंब क्यों हुआ।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर चुनाव आयोग के दो आयुक्तों की नियुक्ति दिसंबर 2023 में लागू नए कानूनी प्रावधानों के बजाय ''अनूप बरनवाल'' मामले में संविधान पीठ के निर्देशानुसार करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। कांग्रेस की जया ठाकुर की ओर से दायर याचिका में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर दिसंबर 2023 में लागू नए कानून के प्रावधानों के अनुसार दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति नहीं करने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की अपील की गई है।

भोजशाला परिसर का होगा वैज्ञानिक सर्वेक्षण

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को धार जिले के विवादास्पद भोजशाला परिसर का छह सप्ताह के भीतर एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का सोमवार को निर्देश दिया।

एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। एएसआई के सात अप्रैल 2003 को की गई एक व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है।

बनभूलपुरा हिंसा : महिला समेत चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

पुलिस की हिरासत में बनभूलपुरा हिंसा के आरोपी। ● अमृत विचार

100 उपद्रवी अब तक जा चुके हैं जेल अंदर हिंसा को 33 दिन हुए पूरे गिरफ्तारियां रहेंगी जारी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा को 33 वें दिन महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन गुजरे दिनों में पुलिस सौ उपद्रवियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। गिरफ्तारियों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। बनभूलपुरा थाना, मुखानी थाना और नगर निगम की ओर से दर्ज मुकदमों में नामजद समेत करीब 5 हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। सोमवार को हुई चार और गिरफ्तारियों के बाद उपद्रवियों की संख्या 100 हो गई। खास बात ये है कि इनमें से अभी तक एक की भी जमानत नहीं सकी है।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक के बगीचा में अतिक्रमण ढहाने के दौरान हिंसा भड़की थी। मामले में बनभूलपुरा की ओर से दर्ज मुकदमे में अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद समेत 35 लोगों पर यूएपीए लगा। मलिक और उसका बेटा घटना के दिन से फरार थे। घटना के 16वें दिन दिल्ली से अब्दुल मलिक और 21वें दिन अब्दुल मोईद को भी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब्दुल मलिक समेत पांच लोगों की कुर्की भी हुई थी। मलिक समेत 35 लोगों पर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) में भी मामला दर्ज है।

सीसीटीवी और वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए पुलिस हिंसा भड़काने और प्रकरण में शामिल लोगों को लगातार गिरफ्तार कर रही है। सोमवार को पुलिस ने बनभूलपुरा पुलिस की ओर से दर्ज मुख्य मुकदमे में इंद्रानगर निवासी नवी हुसैन और मलिक का बगीचा स्थित पानी की टंकी के पास रहने वाले जीशान उर्फ जिब्बू को गिरफ्तार किया। वहीं नगर निगम की ओर से दर्ज मामले में पुलिस ने लाइन नंबर सात निवासी मोहम्मद समीर और नई बस्ती गोपाल मंदिर के पास रहने वाली महिला आरोपी हाजरा बेगम पत्नी अब्दुल वाजिद को गिरफ्तार किया है। तीनों मामलों में अब तक पुलिस 100 लोगों को गिरफ्तारी हो चुकी है। जिसमें छह महिलाएं और 94 पुरुष हैं। सभी आरोपी अभीजेलमें हैं।

गाजीपुर में एचटी लाइन की चपेट में आई बस, 5 की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में बराती हुए हादसे के शिकार, 10 गंभीर
- मुख्यमंत्री ने जताई संवेदना आर्थिक मदद देने की घोषणा

अमृत विचार : गाजीपुर में शादी समारोह में शामिल होने जा रही सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस के अचानक हाइवोल्टेज बिजली के तार के संपर्क में आने से बड़ा हादसा हो गया। 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आई बस में धू-धू कर जल गई जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 10 बुरी तरह झुलस गए। इसमें पांच की हालत नाजुक है। बस में 38 यात्री सवार थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये जबकि गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा और अनिल राजभर गाजीपुर पहुंचे। उर्जा मंत्री एके शर्मा ने हादसे में कार्रवाई करते हुए पावर कारपोरेशन के एक अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई को निलंबित कर दिया। साथ ही, लाइनमैन को बर्खास्त कर दिया।

कांग्रेस के सीईसी ने जारी की दूसरी सूची 40 उम्मीदवार शामिल

नयी दिल्ली। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के लिए 60 से अधिक उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की जिनमें करीब 40 पर मुहर लगाई।

सूत्रों का कहना है कि उम्मीदवारों की दूसरी सूची अगले एक-दो दिन में जारी हो सकती है जिनमें राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ के नाम शामिल होंगे। सूत्रों ने यह भी बताया कि अपने पुत्र के चुनाव लड़ने के कारण अशोक गहलोत के और सचिन पायलट के चुनाव लड़ने की संभावना कम है।

कोर्ट ने खारिज की एसबीआई की समयसीमा बढ़ाने की मांग, निर्वाचन आयोग 15 मार्च तक जानकारी वेबसाइट पर डाले

24 घंटे में दें चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी : शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बड़ा झटका देते हुए चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी का खुलासा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध करने वाली उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी और उसे 12 मार्च को कामकाजी घंटे समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड संबंधी विवरण उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग को भी एसबीआई द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

पीठ ने एसबीआई को नोटिस दिया कि यदि बैंक उसके निर्देशों और समयसीमा का पालन करने में विफल रहता है तो शीर्ष अदालत अपने 15 फरवरी के फैसले की जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है।

पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और चंदा प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

विपक्ष ने केंद्र सरकार को घेरा, कहा- कोर्ट के आदेश से असलियत से पर्दा हटेगा

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड्स को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के ताजा फैसले से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के जरिए चुनावी बॉन्ड के रूप में मिले चंदे पर लीपा पोती करने की उसकी कोशिश पर पानी फिर गया है और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की असलियत जल्द ही जनता के सामने आ जाएगी। खरगे ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड प्रकाशित करने के लिए एसबीआई द्वारा साढ़े चार महीनें माँगने के बाद साफ़ हो गया था कि मोदी सरकार अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने की हर संभव कोशिश कर रही है। आज के माननीय सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले से देश को जल्द इलेक्टोरल बॉन्ड से भाजपा के चंदा देने वालों की लिस्ट पता चलेगी। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय द्वारा एसबीआई की याचिका खारिज किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब कम से कम चुनावी बॉण्ड से जुड़े लोगों की सूची सामने आ जाएगी जिससे पता लग जाएगा कि चुनावी बॉण्ड किन-किन लोगों से सम्बन्धित है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अब सवाल यह है कि वह सूची सार्वजनिक की जाएगी या नहीं। हम और आप जान पाएंगे या नहीं।

मांगों को लेकर सरकार पर गरजे ईपीएस पेंशनर्स

नैनीताल रोड पर निकाला जुलूस, एसडीएम कोर्ट में किया प्रदर्शन, न्यूनतम पेंशन सात हजार रुपये करने की उठाई मांग

नैनीताल रोड में जुलूस निकालते संघर्ष समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न उपक्रमों व निगमों से सेवानिवृत्त पेंशनरों ने सोमवार को नैनीताल रोड पर जुलूस निकालकर एसडीएम कोर्ट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी न्यूनतम पेंशन की धनराशि को बढ़ाकर साढ़े सात हजार रुपये कराने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के सेवाकाल के दौरान उनसे 400 से लेकर 1250 रुपये तक की धनराशि प्रति माह सामाजिक सुरक्षा के नाम से अंशदान के रूप में काटी जाती रही है। लेकिन वर्तमान महंगाई के दौर में उन्हें औसतन 1170 रुपये प्रति माह पेंशन मिलती है। इतनी कम धनराशि में वृद्ध दंपती का गुजारा कर पाना मुश्किल होता है। उन्होंने एक स्वर से न्यूनतम पेंशन की धनराशि को 1 हजार रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये कराने और उन्हें मुफ्त चिकित्सा सुविधा दिलाने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी की जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो आने वाले दिनों में उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होगे। इस मौके पर जगत सिंह डोबाल, लीला बोरा, पान सिंह नेगी, कैलाश गुरूरानी समेत कई लोग मौजूद रहे।

नौकरी-पेंशन को गुरिल्लों का हल्ला बोल

▸▸ लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की दी चेतावनी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सरकारी नौकरियों में आरक्षण और पेंशन समेत गुरिल्लों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर गुरिल्लों ने सोमवार को नैनीताल गांधी चौक पर एकत्र होकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

साथ ही जुलूस निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम ज्ञापन भेजकर गुरिल्लों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की। गांधी चौक पर एकत्रित होकर गुरिल्ला संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद झालकोटी ने कहा कि पूर्व में नैनीताल हाई कोर्ट की

नैनीताल गांधी चौक में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते गुरिल्ले।

खंडपीठ उत्तराखंड सरकार को गुरिल्लों को सरकारी नौकरी और उनकी सुविधा देने का आदेश दे चुकी है।

इसके बावजूद भी अब तक राज्य सरकार हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं कर रही। बीते वर्ष मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ हुई बैठक के दौरान गुरिल्ला संगठन को आश्वासन दिया गया था कि सभी गुरिल्लों को सरकारी विभागों में समायोजित किया जाएगा लेकिन आश्वासन के बावजूद भी अब तक कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। इस दौरान नैनीताल जिलाध्यक्ष पीतांबर मेलकानी, शिवराज बनोला, भोला शर्मा, पान देव जोशी, गिरीश कफलटिया, प्रमिला, ताराचंद आदि मौजूद रहे।

मेट्रोपोल पार्किंग का ठेका 40 लाख में रचना के नाम

▸▸ डीएसए पार्किंग के लिए तीसरी बार भी नहीं आया कोई आवेदन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पालिका में ईओ राहुल आनंद, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा व लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता व गठित टीम के नेतृत्व में सोमवार को मेट्रोपोल पार्किंग की निविदा खोली गई।

इसके लिए ठाकुर जी इंटरप्राइजेज, रचना साह, विमल बिष्ट व हिमांशु जोशी ने आवेदन किया था। तकनीकी निविदा में विमल बिष्ट व हिमांशु जोशी के आवेदन सही नहीं पाए गए। वहीं फाइनेंशियल बिट में ठाकुर जी इंटरप्राइजेज द्वारा 40 लाख पांच हजार व रचना साह द्वारा 40 लाख 11 हजार रुपये की निविदा डाली गई थी। इसके बाद अगले साल के लिए मेट्रोपोल पार्किंग का संचालन रचना साह को दिया गया। डीएसए पार्किंग के लिए तीसरी बार भी आवेदन नहीं आने के बाद अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने कहा कि डीएसए पार्किंग के लिए फिर टेंडर निकाला जाए या नहीं इस पर विचार चल रहा है।

टेंडर प्रक्रिया में शामिल अधिकारी। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

डॉ. अंकिता को रुद्रपुर में किया सम्मानित

हल्द्वानी : हल्द्वानी की डॉ. अंकिता चांदना को रुद्रपुर में सम्मानित किया गया है। मोनाल वेलफेयर सोसायटी ने मल्टीटेलेंटेड रिनाइंड वीमेन अवॉर्ड से उन्हें सम्मानित किया गया। डॉ. अंकिता वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट हैं। साथ ही वह एक लेखिका भी हैं और हिंदी कविताएं लिखती हैं।

ऑल सेंट्स कॉलेज के बच्चों ने चित्रकला में दिखाई प्रतिभा

नैनीताल : ऑल सेंट्स कॉलेज में सोमवार को इनक्रेडिबल इंडिया कार्यशाला के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 6 तक के सभी बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। बच्चों ने 'फॉरेस्ट एंड इनोवेशन : न्यू सॉल्यूशन फॉर ए बैटर वर्ल्ड' और 'बर्ड्स ऑफ द हिल्स' विषय पर चित्रकारी कर अपने रचनात्मक गुणों का परिचय दिया। इस दौरान मनबीर बेदी, आंचल मल्होत्रा, रेनू सिंह, सुनीता, नरेश झावर आदि मौजूद रहे।

कुमाऊं वाणी ने मनाया वार्षिकोत्सव

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत करता स्टाफ।

भीमताल : कम्युनिटी रेडियो कुमाऊंवाणी 90.4 एफएम ने रंगारंग कार्यकमों के साथ 14वां वार्षिक दिवस मनाया। मुक्तेश्वर के पास स्थित इस सामुदायिक रेडियो पर कुमाऊंनी बोली में गीत संगीत समेत कई उपयोगी कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं। वार्षिक दिवस पर अल्मोड़ा से आए रंगकर्मी त्रिभुवन गिरी महाराज, संगीत नाट्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त डॉ. जहूर आलम, लोक गायिका लता पांडे, शीला पंत आदि मौजूद रहे।

महिला दिवस के इतिहास की जानकारी दी

कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि व मौजूद छात्र।

भीमताल : एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान/हरमन माइनर डिग्री कॉलेज भीमताल में महिला दिवस का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि केसी जोशी ने महिला दिवस के इतिहास के बारे में जानकारी दी। संस्थान की प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं कई संकटों का सामना कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान बीना नेगी, गणेश चन्द्र, राजेन्द्र सिंह खाती, राहुल कुमार, नितिन भगवाल, शीतल सिंह मौर्य, रामकृष्ण आर्या, डॉ. हेमा मेहरा, डॉ. मनोज जोशी, नेत्र प्रसाद गौतम, डॉ. मंजू नेगी, पूजा आर्या आदि मौजूद रहे।

आपदा प्रबंधन को लेकर हुई कार्यशाला

हल्द्वानी : महिला डिग्री कॉलेज में सोमवार को एक कार्यशाला हुई जिसका विषय आपदा प्रबंधन उत्तराखंड के संदर्भ में था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या प्रो. शशि पुरोहित ने किया। कार्यशाला में प्रो. टीबी सिंह और प्रो. नरेंद्र कुमार ने आपदा प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। साथ ही छात्राओं ने भी अपने लेख प्रस्तुत किए। इसमें सौम्या पंत पहले स्थान, बिमला दूसरे और अंजली जोशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर डॉ. बीना जोशी, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. सरस्वती बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी वर्कर्स की हड़ताल को दिया समर्थन

रामनगर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सरकार पर अपनी उपेक्षा का आरोप लगाया। वे आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले डालकर कार्य बहिष्कार कर रहीं।

सोमवार को केवीआर पार्क में एकत्रित हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को समाजसेवी डॉ. जफर सैफी ने सरकार से उनकी मांगों को माने जाने का अनुरोध किया। निवर्तमान सभासद रूबीना सैफी की ओर से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित समर्थन पत्र दिया। कहा कि अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो वह आगामी चुनाव का बहिष्कार करेंगी। सभा में शिक्षक नेता राजेन्द्र पांडे, दीपा थापा, पूनम गोला, विनीता रानी, मीरा भारती, प्रीति विद्यार्थी, शीला थाप, चांदनी कस्सार, ममता भंडारी, अंजुम, चन्द्रकला, समरेश, परवीन, अजरा मौजूद रहे।

घर-घर जाकर बताईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

हल्द्वानी, अमृत विचार : भाजपा किसान मोर्चा नैनीताल की ओर से ग्राम परिक्रमा यात्रा के तहत दमुवाढूंगा स्थित जवाहर ज्योति में घर-घर जाकर मोदी सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इसमें बताया गया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार किसानों और मजदूर वर्ग के लिए कई लाभकारी योजनाएं चलाई हुई हैं।

जिसमें किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना समेत अनेक योजनाओं की जानकारी बीजेपी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने लोगों को दी।

इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष पनराम, किसान मोर्चा के जिला मंत्री मदन सिंह रावत समेत कई लोग मौजूद रहे।

भीमताल नगर पालिका परिषद बना

▸▸ विधायक राम सिंह कैड़ा ने नगर पालिका कार्यालय का किया उद्घाटन, कहा- विकास को मिलेगी रफ्तार

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : विधायक राम सिंह कैड़ा ने सोमवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय का उद्घाटन किया। विधायक कैड़ा ने कहा कि नगर पंचायत के उच्चीकरण की मांग पिछले पांच दशकों से की जा रही थी।

पूर्व में कई जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत को पालिका का दर्जा दिलाने का आश्वासन दिया था लेकिन कोरा साबित हुआ। किसी भी सरकार ने इसका शासनादेश जारी नहीं किया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के उच्चीकरण को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नगर पालिका परिषद बनाने की मांग की थी। इस अनुरोध को मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया और शासनादेश और गजट भी जारी किया। अब भीमताल को सरकारी तौर पर पूर्ण रूप से नगरपालिका का दर्जा मिल गया है।

नगर पालिका बनने से भीमताल के विकास के लिए अधिक बजट मिलेगा। इस अवसर पर लोगों ने विधायक का आभार जताया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमला आर्य, योगेश तिवारी, जिला पंचायत सदस्य, अनिल चनोतिया, कमलेश रावत, भावना महरा, पुष्कर महरा, आशा उप्रेती, दिनेश सागुड़ी, मनोज भट्ट, कमलेश रावत, गौतम मटियाली, पंकज जोशी, सुनीता पांडेय, पूरन बृजवासी, शरद पांडेय, संदीप पांडेय, ईओ उदयवीर सिंह, कमल जोशी, राहुल जोशी मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद कार्यालय का उद्घाटन करते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष मुकेश बोरा और ब्लाक प्रमुख डॉ. बिष्ट।

उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था महिलाओं पर निर्भर : बोरा

भीमताल : पर्वतीय क्षेत्र के दूरस्थ ओखलकांडा ब्लॉक के खनस्यू में आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम में दुग्ध संघ नैनीताल के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने बताया कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था महिलाओं पर निर्भर है। महिलाएं पशुपालन कर अपनी आजीविका बढ़ा सकती हैं। ब्लॉक प्रमुख भीमताल हरीश सिंह बिष्ट ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक अच्छा कार्य कर रहे हैं। ओखलकांडा बाजार क्षेत्र में मुकेश बोरा, हरीश सिंह बिष्ट और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान गीता ओझा, प्रधान गणेश ठठोला, श्याम मेहरा, खीम सिंह मेहरा, संजय सिंह, सुभाष बाबू, थानाध्यक्ष रोहताज सिंह, प्रधानाचार्य आदि मौजूद थे।

रानीबाग एचएमटी की भूमि हाईकोर्ट के लिए उपयुक्त

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : भीमताल ब्लॉक के अंतर्गत रानीबाग ग्राम सभा में बंद पड़ी एचएमटी फैक्ट्री में हाईकोर्ट खोलने की मांग स्थानीय निवासियों ने की है।

इस संबंध में तर्क देते हैं कि हाईकोर्ट को नैनीताल से हल्द्वानी लाने के लिए पहले गौलापार में 50 एकड़ की वन भूमि चयनित की गई परंतु वहां कई पेड़ों के कटने की संभावना के कारण भारत सरकार के वन और पर्यावरण मंत्रालय ने आपत्ति लगा दी। इसके बाद प्रशासन ने हल्द्वानी से 18 किलोमीटर दूर फतेहपुर से आगे बेल बसानी के पास चौसला मे जमीन का चयन किया पर उस चयन पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं।

एक तो उस रास्ते पर कई बरसाती नाले हैं, जो बरसात के मौसम में रौद्र रुप धारण कर लेते हैं। दूसरा यह वन्य जीव बाहुल्य क्षेत्र है। यह सब देखते हुए रानीबाग का एचएमटी वाला क्षेत्र हाईकोर्ट के लिए सबसे उपयुक्त है। यहां लगभग 91 एकड़ जमीन उपलब्ध है। पहले से ही भवन व आवासीय परिसर बने हुए हैं। दूसरा यह क्षेत्र शहर से हटकर पहाड़ी व नदी के किनारे शांत जगह पर है।

रानीबाग के निवासियों ललित मोहन बिष्ट, धीरज बिष्ट, धीरज पंत, महेश भंडारी, विश्व दीपक तिवारी, नवल बिष्ट आदि ने एचएमटी की जमीन पर ही हाईकोर्ट को शिफ्ट करने की मांग की है।

एचएमटी परिसर में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी सहित पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह है। यहां न वन्य जीवों का खतरा है और न ही यहां पेड़ काटने पड़ेंगे।
-दीपक नौगाई, सामाजिक कार्यकर्ता

रानीबाग में वन भूमि का भी कोई पेच नहीं है। भूमि सरकार के अधीन है सो ज्यादा समस्या भी नहीं है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए यह सबसे सही जगह है।
-राजा राणा, अध्यक्ष युवक मंगल दल

हाईकोर्ट के लिए एचएमटी की भूमि सबसे मुफीद है। सरकार को इस पर जल्द फैसला लेना चाहिए क्योंकि देखरेख के अभाव में भवन व आवासीय परिसर खंडहर में तब्दील हो रहे हैं।
-संजय साह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य

राहत भूस्खलन की रोकथाम के लिए शासन ने स्वीकृत किए 10.35 करोड़ रुपये

आपदाग्रस्त ठंडी सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : ठंडी सड़क पर पाषाण देवी मंदिर के समीप पहाड़ी से हुए भूस्खलन की रोकथाम के लिए 10 करोड़ 34 लाख खर्च किए जाएंगे। सिंचाई विभाग ने आईआईटी रुड़की के सहयोग से सर्वे कार्य कर पहाड़ी की रोकथाम को लेकर डीपीआर तैयार की थी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद पहाड़ी की रोकथाम का कार्य शुरू कर दिया गया है।

प्रोजेक्ट के अनुसार पहाड़ी में नैनी झील से लगी सुरक्षा दीवार, ठंडी सड़क के ठीक ऊपर स्थित केपी हॉस्टल तक सुरक्षा कार्य किए जाएंगे। बीते वर्ष 2022 में 24 जुलाई को ठंडी सड़क पर पाषाण देवी मंदिर के समीप हल्का भूस्खलन हुआ था। इस दौरान पहाड़ी से मिट्टी व बोल्डर ठंडी सड़क पर आ गिरे थे मगर समय रहते भूस्खलन की रोकथाम नहीं की गई। नतीजतन 31 अगस्त को पहाड़ी पर भारी भूस्खलन हुआ। इस दौरान भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर झील में समा गए।

इससे सड़क पर लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था। इसके बाद जियो बैग में कंक्रीट भरकर दीवार बनाई गई। पहाड़ी के ऊपर स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के केपी छात्रावास तक भूस्खलन पहुंचने पर खतरा बढ़ गया था।

सिंचाई विभाग को तत्काल पहाड़ी का उपचार के निर्देश दिए थे। मगर वर्षा होने के कारण तत्काल ट्रीटमेंट शुरू नहीं हो सका। सिंचाई विभाग सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि करीब 10 करोड़ 34 लाख में पहाड़ी पर झील से लगी सुरक्षा दीवार से केपी छात्रावास तक सुरक्षा कार्य किए जाएंगे।

इसमें झील से रिटेनिंग वॉल, वायर क्रेट्स और माइक्रो पाइलिंग किया जाना है। अभी रिटेनिंग वॉल का काम शुरू कर दिया गया है।

निर्माणाधीन ठंडी सड़क। ● अमृत विचार

स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन आज से

भीमताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित परिसर में प्रदेश सरकार के देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप का आयोजन 12 मार्च से प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें कुमाऊं विश्वविद्यालय के अतिरिक्त क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संस्थागत विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों सहित पॉलिटेक्निक, निजी विश्वविद्यालय निजी संस्थान तथा क्षेत्र में निवासरत विद्यार्थियों को स्टार्टअप प्रारंभ करने के लिए विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारियां दी जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. तीरथ कुमार और डॉ. आशीष बिष्ट ने बताया कि कैंप के लिए 180 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया है।



भीमताल से लापता युवक का शव झील में मिला

भीमताल : लापता व्यक्ति का शव भीमताल झील में उतराता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दे दी है। थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि देर शाम को भूपेन्द्र कन्नौजिया ने सूचना दी कि भीमताल हल्द्वानी मोटर मार्ग में एक शव झील में दिखाई दे रहा है। जांच के दौरान शव से आधार कार्ड बरामद हुआ। मृतक का नाम घनश्याम राम पुत्र मोहन राम निवासी मगरूपहरी खाईखाल बागेश्वर पाया गया। बताया कि मृतक की गुमशुदगी थाने में 4 मार्च को दर्ज कराई गई थी।

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट सोमवार की सायं हल्द्वानी में अमृत विचार के रामपुर रोड स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। रक्षा राज्य मंत्री भट्ट ने अमृत विचार कार्यालय का भ्रमण किया और संपादकीय व अन्य विभागों की टीम से भी मुलाकात की। अजय भट्ट संसद में नैनीताल –ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें हाईकमान ने दोबारा इसी सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। इस दौरान लोकसभा क्लस्टर सह प्रभारी प्रदीप बिष्ट, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, कमल नयन जोशी, डॉ. वाईसी शर्मा, परमजीत सिंह शंटी, मुकेश बेलवाल आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

मलिक और मोईद के साथ 300 बंदी करेंगे गुनाहों से तौबा

जेल में ही गुजरेगा मलिक, मोईद समेत 100 उपद्रवियों का रमजान का पाक महीना, हल्द्वानी और नैनीताल जेल में तैयारी पूरी

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : रमजान का पाक महीना न सिर्फ इबादत का महीना है, बल्कि गुनाहों से तौबा करने और जरुरतमंदों की मदद का भी महीना है। बनभूलपुरा हिंसा के आरोप में नैनीताल जेल में बंद अब्दुल मलिक और बेटा अब्दुल मोईद भी रमजान का हर रोजा रखेंगे और गुनाहों से तौबा करेंगे। इनके साथ नैनीताल और हल्द्वानी जेल में बंद करीब 300 कैदी व बंदी भी रोजा रख रहे हैं। रमजान के लिए जेल प्रशासन ने व्यापक इंतजाम भी किए हैं।

बनभूलपुरा हिंसा के मामले में अब तक पुलिस सौ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिसमें छह महिलाएं भी हैं। मलिक अपने बेटे के साथ नैनीताल जेल में बंद है। जबकि हल्द्वानी उप कारागार में 92 पुरुष उपद्रवियों को एक ही बैरक में रखा गया। गिरफ्तार की गई छह महिला उपद्रवियों को अलग महिला कारागार में रखा गया है। 12 फरवरी से रमजान का पाक महीना शुरू हो रहा है। मुस्लिम समुदाय के लिए ये सबसे बड़ा पर्व है, जो ईद के साथ समाप्त होता है। नैनीताल जेल में मलिक और मोईद के साथ मुस्लिम समुदाय के 40 बंदी व कैदी मंगलवार से रोजे की शुरुआत करेंगे। हल्द्वानी उप कारागार और जिला जेल नैनीताल में जेल प्रशासन ने रोजे की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

रोजा में रोज सुबह सूर्य निकलने से पहले कुछ खाने का रिवाज है, जिसे सेहरी कहते हैं। शाम सूरज डूबने के बाद इफ्तार किया जाएगा यानी रोजा खोला जाएगा। जेल प्रशासन ने सेहरी और इफ्तार के लिए खजूर, बिस्कुल, फल आदि का इंताजम किया है। जबकि शाम सूर्यास्त के बाद यानी इफ्तारी में भोजना का इंतजाम है। सूर्योदय और सूर्यास्त के दरम्यान खाने और पीने पर पूरी तरह पाबंदी होती है। सोमवार को पुलिस ने नवी हुसैन पुत्र मो. हुसैन निवासी इन्द्रानगर एक मिनार मस्जिद के पीछे बनभूलपुरा, जीशान उर्फ जिब्बू पुत्र मो. गुड्डू निवासी मलिक का बगीचा पानी की टंकी के पास बनभूलपुरा, मो. समीर पुत्र मो. राशिद निवासी लाइन नंबर 7 बिलाली मस्जिद के पास बनभूलपुरा और हाजरा बेगम पत्नी अब्दुल वाजिद निवासी नई बस्ती गोपाल मन्दिर के पास बनभूलपुरा को भी हल्द्वानी जेल में दाखिल किया गया है। नैनीताल जेल से जेलर एचएच हयांकी ने बताया कि मलिक और मोईद के साथ जेल में 40 रोजेदार हैं। जबकि उप कारागार हल्द्वानी के जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय ने बताया कि कारागार में रोजा रखने वाले करीब 250 लोग हैं। इन सभी के लिए खाने-पीने का पूरा इंतजाम किया गया है।

अब्दुल मलिक।

अब्दुल मोईद।

जावेद।

35 लोग जेल से निहारेंगे ईद का चांद

हल्द्वानी : बनभूलपुरा हिंसा के मामले में जिन सौ लोगों की अभी तक गिरफ्तारी हो चुकी है, उसमें से तमाम लोगों को जमानत मिल सकती है। हालांकि मलिक और मोईद समेत 35 लोगों को रमजान के साथ ईद भी जेल में ही मनानी पड़ेगी। दरअसल, बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज मुकदमे में इन 35 लोगों के नाम हैं और सभी पर यूएपीए लगा है। जानकारों का कहना है कि यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपी को तीन महीने से पहले जमानत का प्रावधान नहीं है। ऐसे में ईद का चांद भी जेल से ही देखना होगा।

मलिक और मोईद कैसे चुकाएंगे जकात

हल्द्वानी : रमजान के महीने में गरीबों की मदद का रिवाज भी है। इस महीने में हर वो मुस्लिम मर्द और औरत, जो साहिब–ए–निसाब है, यानी जिनके पास साढ़े सात तोला सोना या साढ़े बावन तोले चांदी है या इतनी या इससे ज़्यादा मात्रा में किसी भी तरह की दौलत है, तो उन पर अपनी उस प्रॉपर्टी की ढाई फीसद रकम जकात के तौर पर निकालना जरूरी है। अब न तो मलिक की दौलत का हिसाब है और न मोइद की संपत्ति का आंकलन हो सका है। ऐसे में दोनों किस हिसाब से जकात चुकाएंगे।

पैरामिलिट्री फोर्स और बनभूलपुरा पुलिस के साथ गश्त करते थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी।

रमजान और चुनाव से पहले बनभूलपुरा में फ्लैग मार्च

हल्द्वानी : रमजान और चुनाव से पहले पुलिस ने बनभूलपुरा समेत जिले के सभी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। बनभूलपुरा इलाके में लाइन नंबर 17, नई बस्ती इंदिरा नगर छोटी रोड, पप्पू का बगीचा, गोपाल मंदिर, कब्रिस्तान गेट, लाइन नंबर 16, चोरगलिया रोड में बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने थाना पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसी तरहर कोतवाली हल्द्वानी, रामनगर, काठगोदाम, चोरगलिया, कालाढूंगी, मल्लीताल, मुखानी, मुक्तेश्वर, मल्लीताल में मालरोड, तिब्बती मार्केट, अंडा बाजार, मजिस्द तिराहा, काठगोदाम में पुरानी चुंगी, नरिमन तिराहा, रेलवे स्टेशन, कोलटैक्स, कैनाल रोड, शीशमहल, मुक्तेश्वर में भटेलिया बाजार, धानाचुली, धारी बाजार, पदमपुरी, कालाढूंगी में बन्दरजुड़ा, ग्राम उदयपुर, कनकपुर, में फ्लैग मार्च किया।

एमबीपीजी के छात्र का था गधेरे में मिला कंकाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गधेरे में रविवार को मिले कंकाल की पहचान हो गई है। शव पर मिले जैकेट और घड़ी से उसकी शिनाख्त हुई। मृतक एमबीपीजी में बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था और डेढ़ माह पहले परिजनों ने उसकी गुमशुदगी काठगोदाम थाने में दर्ज कराई थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

भदूनिया भीमताल निवासी नवीन चंद्र पलड़िया (22 वर्ष) पुत्र नित्यानंद पलड़िया हल्द्वानी में एमबीपीजी द्वितीय वर्ष का छात्र था और यहां मल्ला काठगोदाम में चाचा गंगा दत्त और एलएलबी की तैयारी कर रही छोटी बहन नानू के साथ रहता था।

परिजनों का कहना है कि नवीन बीती 24 जनवरी को बरेली जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन न तो वो बरेली पहुंचा और न ही लौट कर घर आया। उसने परिजनों को बताया था कि वह नौकरी के लिए बरेली जा रहा था। दो दिन तलाश करने के बाद 26 जनवरी को परिजनों ने काठगोदाम थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 24 तारीख के बाद से नवीन का फोन भी स्विच ऑफ हो गया था। नवीन अपने माता पिता का इकलौता बेटा था।

जांच

- 24 जनवरी से था लापता, काठगोदाम थाने में दर्ज थी गुमशुदगी
- रविवार को गुलाबघाटी से ढाई किमी ऊपर गधेरे में मिली थी लाश

17 फरवरी से लापता भाष्कर का भी नहीं लगा पता

हल्द्वानी : मूलरूप से पदमपुरी के पास रहने वाले सुभाष दुम्का का 15 वर्षीय बेटा भाष्कर यहां शिवपुरी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में अपने फूफा मोहन सनवाल के घर पर रहता है। वह यहां हिमालय विद्या मंदिर आवास विकास में 9वीं कक्षा का छात्र है। भाष्कर बीती 17 फरवरी की सुबह साढ़े 8 बजे स्कूल के लिए निकला था। भाष्कर आखिरी बार 17 फरवरी को शीतला माता मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में नजर आया था।

बस में मारपीट, चालक परिचालक मौके से फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रविवार देर रात सवारियों और बस के चालक-परिचालक में मारपीट हो गई। वजह सिर्फ इतनी थी कि बस अपने तय समय से पांच घंटा देरी से चली और इस पर नाराजगी जाहिर की तो परिचालक सवारियों से उलझ गया। बीच बचाव में एक युवक भी घायल हो गया। जिसके बाद चालक-परिचालक मौके से फरार हो गए।

शहर के चार दर्जन से अधिक लोगों को रामपुर, बरेली और लखनऊ जाना था। काठगोदाम पुलिस ने बताया कि उक्त लोगों ने एक ट्रैवल एजेंसी की वॉल्वो बस में अपनी सीट बुक कराई थी। बस को रविवार रात करीब साढ़े 8 बजे शीशमहल से रवाना होना था। सवारियां तय समय पर पहुंच गई और बस में सीज पर काबिज भी हो गईं, लेकिन बस तय समय पर रवाना नहीं हुई।

एक-एक करके पांच घंटे गुजर गए और सवारियों ने अपना आपा खो दिया। रात 12 बजे के बाद भी बस आगे नहीं बढ़ी तो सवारियों ने चालक-परिचालक से आपत्ति दर्ज कराई। परिचालक ने एसी खराब होने की बात कही। जिस पर बात और बिगड़ी और गाली-गलौज शुरू हो गई। जानकारी परिचालक के अन्य साथी भी मौके पर पहुंच गए और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो मौके से चालक-परिचालक फरार हो गए।

जिसके बाद रात करीब 1 बजे सवारियों को रवाना किया गया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि बस के कागज नहीं थे, बस नो पार्किंग में खड़ी थी और चालक के पास लाइसेंस भी नहीं थी। जिस पर बस को सीज कर दिया गया है।

मामला

- पांच घंटे देरी से चली बस, नाराजगी जताई तो सवारियों से भिड़ा परिचालक
- बीच-बचाव में घायल हुआ युवक, पुलिस ने वॉल्वो बस की सीज

सुबह हल्की बारिश दोपहर में गर्मी

हल्द्वानी, अमृत विचार: मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार सोमवार को मौसम बदल गया। सुबह के समय हल्की बारिश दर्ज की गई हालांकि दोपहर के समय चटक धूप निकल गई।

हल्द्वानी में मौसम में बदलाव आया। सुबह की शुरूआत हल्की बारिश के साथ हुई। बारिश थोड़ी देर ही रही। बाद में मौसम साफ हो गया। दोपहर के समय चटक धूप निकल गई और अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री पहुंच गया जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है वहीं न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में उछाल आएगा। अगले तीन से चार दिनों में पारा 30 डिग्री को पार कर जाएगा। पश्चिमी विक्षोभ भी अब कमजोर पड़ गया है।

हरजीत बने गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गुरुद्वारा श्री गुरुनानकपुरा की प्रबंधन कमेटी के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। चुनाव में सरदार हरजीत सिंह सच्चर ने प्रतिद्वंद्वी रमनदीप सिंह साहनी को 194 वोटों से हराजीत अध्यक्ष पद जीता।

गुरुद्वारा श्री गुरुनानकपुरा कमेटी में अध्यक्ष पद के लिए हरजीत सिंह सच्चर व रमनदीप सिंह साहनी उम्मीदवार थे। सोमवार की सुबह 8 बजे अध्यक्ष पद के लिए मतदान शुरू हुआ, जो दोपहर 1 बजे तक हुआ। कुल 828 लोगों ने मतदान किया। इसमें 10 वोट निरस्त हो गए और 818 वोटों की गिनती हुई। सच्चर को 506 और साहनी को 312 वोट मिले। इस तरह सच्चर ने साहनी को 194 वोटों के अंतर से हराया और प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष बन गए। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी नरेंद्रजीत सिंह कोहली, चार सहयोगियों परमजीत सिंह कोहली शंटी, आईपी सिंह, जगमीत सिंह आनंद, डिंपल कोहली की देखरेख में संपन्न हुए। जीत के बाद सच्चर ने संगत का आशीर्वाद लिया और सभी का आभार जताया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वापजेयी, जसपाल सिंह कोहली, कंवलजीत सिंह गुजराल, परविंदर सिंह कोहली, चरणजीत सिंह बिंद्रा, अमरजीत सिंह, अमरजीत सिंह सेठी गगन कोहली, सिमरन सबरवाल, अमन बिंद्रा, हरविंदर सिंह चड्ढा, लकी चड्ढा आदि मौजूद रहे।

गुरुद्वारा श्री गुरुनानकपुरा की प्रबंधन कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

बेकाबू कार फुटपाथ पर चढ़ी, दुकानदार घायल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर फुटपाथ पर चढ़ गई और दुकान लगाने की तैयारी कर रहा दुकानदार चपेट में आ गया। इसके बाद कार वहीं लगे बिजली के पोल से टकराकर रुक गई। दुकानदार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार को सीज कर दिया है।

छन्नाकोठी निवासी सुरेश नैनीताल रोड पर फुटपाथ किनारे नारियल पानी का ठेला लगाता है। सोमवार की सुबह सुरेश ठेले पर नारियल सजा रहा था। तभी पिथौरागढ़ नंबर की एक तेज रफ्तार टैक्सी कार अनियंत्रित ठेले से टकराते हुए फुटपाथ पर चढ़ गई। घटना में सुरेश बुरी तरह घायल हो गया और सुरेश को चपेट में लेने के बाद कार वहीं लगी बिजली के पोल से टकरा गई। इससे पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। सुरेश के सिर और नाक से खून बहने लगा। इसके बाद कार चालक ने ही सुरेश को निजी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार को सीज कर दिया।

तैनाती चार डिप्टी जेलर और 44 बंदी रक्षकों की होगी तैनाती, स्वीकृति मिली

हल्द्वानी जेल की सुरक्षा करेंगे यूपी से ट्रेंड अफसर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बंदी और कैदियों के तीन गुना बोझ से दबे हल्द्वानी उप कारागार की सुरक्षा पर हमेशा सवालों के घेरे में रही है, लेकिन अब उत्तर प्रदेश से ट्रेंड अफसर और बंदी रक्षकों को हल्द्वानी जेल की सुरक्षा में लगाया जाएगा। एक महिला समेत चार डिप्टी जेलर और दो महिला समेत 44 बंदी रक्षकों को लखनऊ में ट्रेनिंग देने के बाद तैनाती दी जाएगी।

बता दें कि करीब साढ़े छह सौ बंदी और कैदियों की क्षमता वाले हल्द्वानी उपकारागार में कभी भी संख्या 15 सौ से कम नहीं होती। बंदियों और कैदियों की संख्या कई बार 18 सौ के पार चली जाती है। इस लिहाज से जेल में सुरक्षा कर्मियों की संख्या काफी कम है और पद रिक्त पड़े हैं। ऐसे में वर्ष 2023 में बंदी रक्षकों व जेल विभाग में अधिकारियों के पदों पर भर्ती की गई थी। भर्ती हुए कर्मियों को अलग-अलग जेलों में तैनाती दी जा रही है। हल्द्वानी उप कारागार में भी एक महिला सहित चार डिप्टी जेलर और दो महिला सहित 44 बंदी रक्षकों की नियुक्ति को स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन इन्हें अभी तैनात नहीं किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि तैनाती से पहले इन सभी को ट्रेनिंग के लिए लखनऊ उत्तर प्रदेश भेजा जाएगा। लखनऊ में 15 से 20 दिन की ट्रेनिंग के बाद सभी को हल्द्वानी जेल में तैनात किया जाएगा। सभी की अलग-अलग बैच में ट्रेनिंग होगी। बताया जा रहा है कि चार डिप्टी जेलर और 11 बंदी रक्षक की तैनाती भी कर दी गई है। जेलर आरपी सैनी ने बताया कि नई तैनाती वाले सभी बंदी रक्षकों को बहुत जल्द लखनऊ स्थित जेल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में तकनीकि व सुरक्षा व्यवस्था की बारीकियां सीखने के लिए भेजा जाएगा। हालांकि जेल प्रशासन अभी ट्रेनिंग के आदेश का इंतजार कर रहा है।

मुक्त विवि में अकादमिक भवन को मिली स्वीकृति

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय को 12 विद्या शाखाओं के निर्माण के लिए 55.33 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिल गई है।

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) योजना के तहत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार ने यूओयू ने इसके लिए केंद्र सरकार को पूर्व में प्रस्ताव दिया था। अब कैबिनेट से विश्वविद्यालय के 12 विद्या शाखाओं के भवन के लिए बजट को स्वीकृति मिल गयी है। कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि अकादमिक भवन बनने के बाद प्रत्येक विद्या शाखा के पास अपना भवन होगा, जिससे कि अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि भवन में सभी आधुनिक संसाधन होंगे। कुलसचिव प्रो. पीडी पंत ने बताया कि यह भवन चार मंजिला होगा, जिसे लगभग आठ ब्लॉक में बांटा जायेगा।

स्ट्रीट लाइटें लगने के साथ ही हो जाती हैं खराब, सीवर लाइन न होने से वार्डवासियों को होती है परेशानी

वार्ड-11 में समस्याएं अपार, नहीं सुनती सरकार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: वार्ड-11 नगर निगम कार्यालय के सबसे नजदीक है लेकिन विकास की किरण यहां तक नहीं पहुंच पाई। यहां कहीं जल निकासी की सुविधा न होने, स्ट्रीट लाइटें अक्सर खराब रहने, पेयजल, सड़क, सीवर आदि की समस्याएं देखने को मिलीं।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि वार्ड में आनंद बाग मल्ला गोरखपुर में जल निकासी की सुविधा नहीं है। उन्होंने बताया कि थोड़ी-सी बरसात होने पर ही घरों में गंदा पानी घुस जाता है, जिससे लोगों को खासी दिक्कतें होती हैं। उन्होंने कहा कि कई बार नगर निगम के अधिकारियों को समस्या से अवगत करा दिया लेकिन अब तक समस्या का हल नहीं हुआ है।

वार्ड में करीब 200 स्ट्रीट लाइटें लगी हैं लेकिन उनमें से ज्यादातर खराब पड़ी हैं। लोगों ने बताया कि स्ट्रीट लाइटें कई दिनों से खराब पड़ी हैं लेकिन शिकायत के बावजूद ठीक नहीं की जा रहीं। तल्ला गोरखपुर में आनंदी जोशी ने बताया कि यहां छह महीने पहले ही एक स्ट्रीट लाइट लगाई गई, जो तब से कई बार खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि एक स्ट्रीट लाइट को पिछले सप्ताह ही सही किया गया, जो फिर से खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि लाइट खराब होने के कारण लोगों को अंधेरे में आवागमन में दिक्कतें और दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय पार्षद रवि जोशी ने बताया कि आनंद बाग में 20-25 जगहों पर स्ट्रीट लाइटें लगाई ही नहीं गई हैं और बद्रीपुरा, पांडे निवास, आनंदपुर आदि की 30-40 स्ट्रीट लाइटों की खराबी की शिकायत की गई लेकिन कोई सुनने-देखने वाला नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कई स्ट्रीट लाइटें कई दिनों से खराब पड़ी हैं, जबकि जिन लाइटों को दिन में रिपेयर किया जाता है, वे रात होने तक खराब हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइटों की खरीद में घोटाला किया गया है। तल्ला गोरखपुर की कुसम जोशी ने बताया कि डेढ़ साल पहले बरसाती नहर बनाते समय उनके मकान की दीवार टूट गई, जिसे बनाने के लिए उन्होंने कई बार कह दिया लेकिन आज तक दीवार नहीं बनी। मुरली बाबा आदि कॉलोनियों में सीवर लाइन की व्यवस्था न होने से भी लोगों को दिक्कतें होती हैं। वार्ड की कई सड़कें सालों से टूटी-फूटी पड़ी हैं। स्टैट बैंक की ओर जाने वाली सड़क की हालत भी खराब है। बद्रीपुरा में लोगों को पेयजल की पंकज गुप्ता, शोभा कठायत, दीपा

अपने स्तर पर वार्ड में सड़क आदि के कई काम कराए हैं। हमेशा लोगों से जुड़ा रहता हूं। निगम की स्ट्रीट लाइटें अक्सर खराब हो जाती हैं।
– **रवि जोशी**, पार्षद, वार्ड-11

हमारे घर के सामने की स्ट्रीट लाइट को सही किए कुछ ही दिन हुए, यह फिर से खराब हो गई लेकिन कोई सही करने नहीं आ रहा।
– **कुसुम जोशी**, तल्ला गोरखपुर

पेयजल आदि की समस्याएं हल हुई हैं। पार्षद मिलनसार व उन्होंने काम किया है। बद्रीपुरा में पेयजल की दिक्कत है।
– **सुशील कुमार**, निवासी, वार्ड-11

रोडवेज की सीएनजी बस रास्ते में खराब, हंगामा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: रोडवेज की अनुबंधित सीएनजी बस हल्द्वानी से दिल्ली के लिए यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी लेकिन 150 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद बस खराब हो गई इसके चलते सवार यात्रियों ने हंगामा करते हुए बस परिचालक से अपना पूरा किराया वसूल लिया।

सोमवार को दिल्ली रूट के निकली सीएनजी बस 150 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद मुक्तेश्वर गढ़ इलाके में बस खराब हो गई जिसके चलते बस में सवार कुछ यात्री हंगामा करते हुए परिचालक से 450 रुपये किराया वसूल लिया हंगामा बढ़ता देख चालक ने कंट्रोल रूम में सूचना दी जिसके बाद ही स्थिति नियंत्रण में आ सकी।

इधर एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि बस खराब होने के चलते कुछ यात्री हंगामा करने लगे और चालक व परिचालक पर दबाव बनाकर रुपये वापस देने की मांग करने लगे जिसके बाद कुछ यात्रियों से रुपये की रिकवरी भी हुई है, लेकिन कुछ यात्री पूरा रुपये लेकर जाने में सफल रहे।

होम्योपैथिक हैल्थकेयर क्लीनिक

डॉ. गौरव बिष्ट
(बी.एच.एम.एस., एन.डी.डी.वाई.)
होम्योपैथिक फिजिशियन

होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जो बीमारी को दबाने के बजाय बिना किसी साइड इफेक्ट के उसे जड़ से खत्म करती है।

उपलब्ध सुविधायें :-

चर्म रोग
- मुंहासे, मस्से, स्किन एलर्जी
- सफेद दाग
- बालों का झड़ना, डैण्ड्रफ

नाक व श्वास के रोग
- अस्थमा, बार-बार जुकाम होना
- टॉंसिल
- साइनस संबंधित रोग

पेट के रोग
- अपच, कब्ज, गैस
- अल्सर, आँत में सूजन
- फैटी लिवर

हड्डी के रोग
- जोड़ों का दर्द
- गठिया, सर्वाइकल
- कमर दर्द, साइटिका

मानसिक रोग
- माइग्रेन, सिरदर्द, मिर्गी के दौरे
- नींद न आना, डिप्रेशन, तनाव

बच्चों के रोग
- चिड़चिड़ापन, भूख न लगना
- दांत देरी से और दिक्कत से आना
- बिस्तर गीला करना
- बच्चे का विकास सही से न होना

पुरुष रोग
- प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्यायें
- नपुंसकता, शीघ्रपतन
- वैरिकोसील

स्त्री रोग
- मासिक धर्म की अनियमितता
- सफेद पानी
- बच्चेदानी में गांठ, पीसीओडी
- बांझपन

अन्य जटिल रोग
- गुर्दे की पथरी, ब्लड प्रेशर पीलिया
- डायबिटीज, टाइफाइड बार-बार होना
- शरीर के किसी भी हिस्से में कमजोरी
- लकवा इत्यादि

क्लीनिक में आने का रास्ता



बिना ऑपरेशन बवासीर, पथरी, शरीर में गांठ आदि जटिल बीमारियों का सफल इलाज

समय
सुबह 10:00 AM से 02:00 PM
सायं 05:00 PM से 08:00 PM
रविवार पूर्ण अवकाश

लालडांट रोड, शिवालिक विहार के सामने, निकट देवदुर्गा वैडिंग प्वाइंट, हल्द्वानी
7737269262

सार-संक्षेप

वरमाला के लिए तैयार निर्धन कन्याएं। ● अमृत विचार

पांच निर्धन कन्याओं का विवाह कराया

रामनगर : सामाजिक संस्था वन स्टेप एन वी प्राउड की ओर से पांच निर्धन कन्याओं का विवाह अग्रवाल सभा भवन में कराया गया। संस्था ने निर्धन कन्याओं को घरेलू सामान भी भेंट किया। इसमें बेड, गद्दे, अलमारी आदि शामिल थे। आसपास के लोगों ने भी गरीब कन्याओं को अपनी तरफ से काफी उपहार दिए गए। इस दौरान पांच दूल्हे अलग-अलग घोड़ी पर चढ़कर गाजे बाजे के साथ बारात लेकर रामनगर के अग्रवाल सभा भवन पहुंचे। संस्था द्वारा बारात का स्वागत किया गया। इस दौरान फर्स्ट स्टेप बी प्राउड के शुभंकर शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व भी चार बार निर्धन कन्याओं का विवाह कराया जा चुका है। कार्यक्रम में सौरभ मित्तल, रोहित मित्तल, आदित्य बेलवाल, विकास अग्रवाल, सौरभ मित्तल, रिंकू देवल, ऋषि अग्रवाल, हर्षित वर्मा, गौरव अग्रवाल, पुलकित माहेश्वरी, कौशल सैलानी, संजीव मौजूद रहे।

नया गांव में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ देवी भागवत कथा शुरू

कालाढूंगी : कोटाबाग के नयागांव चंदन सिंह में स्थित कोटगाड़ी मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के हुआ। पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। सोमवार को कथावाचक कपिल देव महाराज ने श्रीमद् देवी भागवत कथा के पहले दिन देवी पार्वती के विभिन्न रूपों का वर्णन किया। देर शाम तक भजन कीर्तन किए गए। मुख्य यजमान गंगा सामंत, पूर्व दर्जा मंत्री गजराज बिष्ट, विपिन पांडे, त्रिवेणी ग्याल, महिमन सिंह चौहान, देव सिंह सामंत, जगत सामंत, गंगा चौहान, राम बुढलाकोटी, पुष्कर राणा, हरक कोरंगा आदि मौजूद रहे।

रामनगर में बोर्ड अधिकारियों से मिलते शिक्षक। ● अमृत विचार

बोर्ड अधिकारियों से मिले राजकीय शिक्षक

रामनगर : राजकीय शिक्षक संघ, कुमाऊं मंडल कार्यकारिणी द्वारा उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर में अपर सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी एवं अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत के साथ परिषद से संबंधित कई समस्याओं पर वार्ता कर ज्ञापन सौंपा गया। बोर्ड अधिकारियों ने मंडल कार्यकारिणी की समस्त मांगों पर विस्तार से चर्चा कर अगले शैक्षणिक सत्र में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। बोर्ड परीक्षा में प्रश्नपत्र में पाठ्यक्रम से इतर आए प्रश्नों पर कमेटी बना दी गई है। इस दौरान प्रांतीय संयुक्त मंत्री जगदीश बिष्ट , मंडल अध्यक्ष गोकुल मर्तोलिया, मंडल मंत्री रविशंकर गुसाईं, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र पटवाल, मंडल उपाध्यक्षा कृष्णा बिष्ट, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर कौशिक मिश्रा उपस्थित रहे।

रामनगर में साहित्य की पुस्तकों के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

एनएसएस कैंप में हुई भारतीय साहित्य पर चर्चा

रामनगर : पीएनजीपीजी महाविद्यालय के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रामनगर में चल रहे एनएसएस कैंप में आज भारतीय साहित्य पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राची बंगारी, हिमानी बंगारी द्वारा वीरेन डंगवाल की कविता हमारा समाज से हुई। सत्र के विशेष वक्ता अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने भारतीय साहित्य और साहित्यकारों पर बातचीत रखी। इस मौके पर आशा, रहनुमा, हिमानी, तनुजा नेगी, भावना मनराल, हर्षिता बजाज, प्रियंका बंगारी, हिमानी त्रिपाठी मौजूद रहे।

आज ठीक हो जाएगा जीजीआईसी का नलकूप

हल्द्वानी : बीते कई दिनों से कालाढूंगी रोड स्थित जीजीआईसी नलकूप खराब होने से इलाके में पानी की समस्या बनी हुई थी। सोमवार को नलकूप के मरम्मत का कार्य जारी रहा। इस दौरान कई कॉलोनियों में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति कराई गई। इधर जल संस्थान के ईई आर एस लोशाली ने बताया कि नलकूप को ठीक करने का काम जारी है। मंगलवार से नलकूप से ही इलाके में पानी की आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी।

सम्मेलन में 165 शोधार्थियों के शोध पत्रों पर चर्चा

सतत विकास के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कृषि विज्ञान रहा सम्मेलन का विषय, शोध सार पुस्तक का हुआ विमोचन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: लामाचौड़ स्थित एमआईईटी कुमाऊं कॉलेज में सोमवार से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो गया जिसका विषय सतत विकास के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कृषि विज्ञान रहा।

प्रबंध निदेशक डॉ. बीएस बिष्ट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन उत्तराखंड राज्य विज्ञान व प्रौद्योगिकी परिषद (यूकास्ट) और उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा व अनुसंधान केंद्र (यूसर्क) के सहयोग से किया जा रहा है। सम्मेलन में 256 शोधार्थियों ने भाग लिया, जिनमें पहले दिन 165 शोधार्थियों के शोध पत्रों पर चर्चा हुई। इस दौरान कृषि, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान और इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी के शोधकर्ताओं ने शोध पत्र प्रस्तुत किए और 38 अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में शोध सार पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

एमआईटी में अंतरर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी।

38 अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए

मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थित सभी शिक्षाविदों को पर्वतीय क्षेत्रों के विकास और विभिन्न समस्याओं के समाधान पर मंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह नई शिक्षा नीति नहीं बल्कि प्राचीन शिक्षा नीति है क्योंकि नई शिक्षा नीति में भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था को वापस लाया गया है।

प्रो. आरपी पंत ने विभिन्न वैदिक मंत्रों से गणित के फार्मूला के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. ओपीएस नेगी ने भारतीय प्रणाली में शामिल बुनियादी अनुसंधान सिद्धांतों को समझाया और उत्तराखंड में विकास के बारे में चर्चा की। इससे पहले सम्मेलन का उद्घाटन भगत सिंह कोश्यारी, संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. बीएस बिष्ट, कुमाऊं विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. डीएस रावत, उच्च शिक्षा निदेशक उत्तराखंड प्रो. सीडी सूंठा, उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो ओपीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक डॉ. तरुण कुमार सक्सेना, एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन के सीईओ डॉ. कमल रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान प्रो. कमल पांडे, प्रो. लता पांडे, प्रो. महेंद्र राणा, प्रो. पीडी पंत, प्रो. आशुतोष भट्ट, प्रो. जितेंद्र पांडे, डॉ. अनिता राणा, डॉ. रत्ना प्रकाश, डॉ. गौरव वार्ष्णेय, प्रो. केके पांडे, प्रो. केसी पंत आदि ने शोध पत्र और विचार प्रस्तुत किए।

सहभोग समरसता कार्यक्रम में एकजुटता का आह्वान

आयोजन

- महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने की शिरकत

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने केंद्रीय पर्यटन व रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के साथ तिवारी नगर बिन्दुखत्ता में आयोजित सहभोज समरसता कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, राम सिंह कैड़ा आदि मौजूद रहे।

महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के भतीजे दीप कोश्यारी ने सोमवार को गैर राजनीतिक रूप से बिंदुखत्ता के तिवारी नगर में सहभोज समरसता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व राज्यपाल कोश्यारी व केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए एकजुटता का आह्वान किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री भट्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को अपना राजनीतिक गुरु बताते हुए कहा कि आज वह जिस पद पर हैं वह उनकी देन है। पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सभी जाति वर्ग के लोगों के साथ सामूहिक रूप से भोज करना है। विभिन्न जाति वर्गों के लोगों के साथ मिलकर सभी को एक सूत्र में पिरोने का कार्य भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट सहित भाजपा युवा मोर्चा नेता नवीन पपोला, शंकर कोरंगा, लक्ष्मण खाती मौजूद थे।

अवमानना याचिका पर 18 मार्च को होगी सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 18 मार्च की तिथि नियत की है।

चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया ने अवमानना याचिका दायर कर कहा कि उत्तराखंड में बारिश के समय नदियां उफान में रहती हैं। नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने से बाढ़ व भूकटाव का खतरा रहता है। नदियों के उफान पर होने से हजारों हेक्टेयर वन भूमि, पेड़, सरकारी योजनाएं बह जाती हैं। नदियों का चैनलाइजेशन नहीं होने की वजह से नदियां आबादी की ओर रुख करती हैं। इसकी वजह से ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार, हल्द्वानी, रामनगर, रुड़की, देहरादून में बाढ़

की स्थिति उत्पन्न होती है। पिछले साल बाढ़ में कई पुल बह गए थे। इसकी मुख्य वजह सरकार की लापरवाही है। सरकार ने नदियों के मुहानों पर जमा गाद, बोल्डर, मलबा नहीं हटाना है। बाढ़ से सरकार को एक हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। याचिका में यह भी कहा गया कि सरकार ने हाईकोर्ट के 14 फरवरी 2023 के दिए आदेश का पालन नहीं किया है। सरकार को संबंधित विभागों के जरिए चैनलाइजेश के आदेश देने थे लेकिन अभी तक आदेश का पालन नहीं किया, जबकि कुछ माह बाद बारिश का मौसम आ जाएगा। याचिका में नैनीताल व हरिद्वार डीएम को पक्षकार बनाया गया है।

अव्यवस्था श्रम विभाग में भीड़ बढ़ने के बावजूद मात्र एक काउंटर पर हो रहा काम

कार्ड के नवीनीकरण के लिए सुबह से लाइन में लगे रहे लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: श्रम विभाग पंजीकृत श्रमिकों को कंबल, छाता समेत अन्य सामानों का वितरण तो कर रहा है, लेकिन श्रम विभाग कार्यालय में श्रम कार्ड के नवीनीकरण के लिए श्रमिकों को सुबह से ही लाइन में खड़े होकर धक्के खाने पड़ रहे हैं।

सोमवार को नैनीताल रोड स्थित श्रम कार्यालय में लोग श्रम कार्ड के नवीनीकरण और अन्य अनुदान से संबंधित कार्य कराने पहुंच रहे हैं। लेकिन विभाग 1 ही काउंटर की उपलब्धता के चलते लोगों को लंबी लाइन लगाकर अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं काउंटर में कर्मचारियों की कमी के चलते भी लोगों के काम लटके हुए हैं।

श्रम विभाग कार्यालय में पहुंचे मुक्तेश्वर से मोहन चंद्र शर्मा ने बताया कि श्रम कार्ड के नवीनीकरण के लिए सुबह 6 बजे ही कार्यालय में पहुंचा हुआ हूं लेकिन 1 ही काउंटर खुलने के चलते घंटे लाइन में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ रहा है। जब कर्मचारियों से काम में देरी होने का कारण पूछा जाता तो कभी सर्वर डाउन तो कभी काउंटर में कर्मचारी न होने की बात कही जा रही है।

गरमपानी से आई सुनीता ने बताया कि सुबह 9 बजे से लाइन में लगी हूं, लेकिन घंटे बीत जाने के बात भी नंबर नहीं आया है। वहीं श्रम कार्ड के नवीनीकरण के बिना भी अनुदान का लाभ नहीं प्राप्त हो पा रहा है। इधर श्रम निरीक्षक पूनम कांडपाल ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है अभी अवकाश पर चल रही हूं।

श्रम विभाग कार्यालय में लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

पहले दिन 50 लोगों का ही हो पाया काम

पहले दिन श्रम कार्ड का नवीनीकरण करीब 50 लोगों का ही हो पाया जबकि काउंटर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहा। इस दौरान 300 से अधिक की संख्या में श्रमिक कार्यालय पहुंचे थे लेकिन कई श्रमिक कार्ड धारकों के काम पूरे नहीं हो पाए है। काउंटर में कर्मचारी भी नहीं होने के चलते दिक्कत बनी हुई है, एक काउंटर पर केवल ही कर्मी की तैनाती है वो भी रामनगर से बुलाकर यहां पर काम चलाया जा रहा है। 5 दिनों तक श्रम विभाग में काउंटर को श्रम कार्ड व अन्य कार्यों के लिए ओपन किया जाना है।

काठगोदाम में आज होगा एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का उद्घाटन

हल्द्वानी : रेलवे के इज्जतनगर मंडल सभागार में सोमवार को डीआरएम रेखा यादव की ओर से 12 मार्च को प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन समारोह को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 12 मार्च को सुबह 9 :15 बजे रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। इस क्रम में इज्जतनगर मंडल में सुबह 8 बजे ''एक स्टेशन एक उत्पाद'' स्टॉल, ट्रॉली कार्यक्रम का लोकार्पण होगा। इसके लिए मंडल के काशीपुर, इज्जतनगर, पीलीभीत और काठगोदाम पर समारोह का आयोजन किया जा रहा है। डीआरएम रेखा यादव ने बताया कि रेल मंत्रालय ने भारत सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने और स्वदेशी उत्पादों को बाजार प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशनों पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना प्रारम्भ होने जा रही है। इस दौरान काठगोदाम रेलवे स्टेशन में दो स्टॉल, हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में एक, लालकुआं रेलवे स्टेशन में एक, पंतनगर रेलवे स्टेशन में एक स्टॉल का लोकार्पण होगा।

अस्पताल ने खुद किया प्राइवेट वार्डों पर कब्जा, किसी में अल्ट्रासाउंड कक्ष बनाया तो कहीं लगा ताला, मरीजों को हो रही परेशानी

बेस अस्पताल : दान में मिले प्राइवेट वार्डों का 'निजी' उपयोग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बेस अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के लिए दानदाताओं ने प्राइवेट वार्डों का निर्माण करवाया था। कुल 12 प्राइवेट वार्ड बनाए गए थे लेकिन अब बेस अस्पताल या तो स्वयं इन वार्डों का इस्तेमाल कर रहा है या फिर वार्डों में ताला लगा हुआ है। जिस बेस अस्पताल के हर वार्ड में रोजाना मरीज भर्ती रहते हैं, उस अस्पताल में प्राइवेट वार्डों को बेस अस्पताल अपने निजी कामों में इस्तेमाल कर रहा है।

बेस अस्पताल के नैनीताल रोड से सटे गेट के पास से ही प्राइवेट वार्ड शुरू हो जाते हैं। साल 1980 और उसके आसपास दानदाताओं ने दान करके इन वार्डों का निर्माण करवाया था। कुल 12 वार्ड बनाए गए हैं। इन वार्डों को बनाने का मुख्य उद्देश्य से पहाड़ के दूर-दराज से आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को सुविधा देना था। जिससे सरकारी दरों पर ही प्राइवेट वार्ड उपलब्ध हो जाए। फिलहाल तो इन प्राइवेट वार्डों की बात करें तो एक जगह अल्ट्रासाउंड कक्ष बनाया गया है। सामने के एक वार्ड पर कोविड 19 के सैंपल लिए जाने का नोटिस चिपका हुआ है और फिलहाल इसे बंद किया गया है। एक वार्ड को डॉक्टरों के इमरजेंसी रूम के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। अन्य वार्डों का भी यही हाल है।

कहीं ताला लटका है तो कहीं बेस अस्पताल ने अपने ही कामों के लिए वार्ड का इस्तेमाल किया है। यह भी जानकारी मिली कुछ वार्डों में तो अस्पताल के स्टाफ के ठहरने की भी सुविधा कर दी जाती है। यहां तक की कुछ वार्ड तो अंदर से धूल भी फांक रहे हैं।

अस्पताल में बेवजह के खर्चे लेकिन काम के नहीं

बेस अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में लगा ताला।

हल्द्वानी : कुछ सालों पहले अस्पताल के मुख्य गेट का जीर्णोद्धार करके उसे नया बनाया गया था। अगर इसकी जगह अल्ट्रासाउंड या अन्य उन कामों के लिए कक्ष बनाए जाते हैं जिनकी वजह से प्राइवेट वार्ड घिरे हुए हैं तो प्राइवेट वार्डों का लाभ मरीजों को मिल जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम बेलवाल ने बताया कि बेस अस्पताल में सालों पहले प्राइवेट वार्ड का अच्छा इस्तेमाल होता था लेकिन अब कुछ सालों से ऐसा देखने में नहीं आ रहा है।

> जब मरीजों की ओर से कोई प्रार्थना पत्र आता है तब प्राइवेट वार्ड दे दिया जाता है। **–डॉ. केके पांडेय**, पीएमएस, बेस अस्पताल, हल्द्वानी

बेस में ऑनलाइन बिलिंग शुरू, एसटीएच में समय लगेगा

हल्द्वानी, अमृत विचार : बेस अस्पताल में विगत दिनों खराब हुई ऑनलाइन बिलिंग सुविधा शुरू हो गई है हालांकि सुशीला तिवारी अस्पताल में ऑनलाइन बिलिंग सुविधा में अभी समय लगेगा। अभी तक अस्पताल में हाथ से ही बिल बनाए जाते हैं। बेस अस्पताल में पिछले तीन दिन तक ऑनलाइन बिलिंग रूक गई थी। इस वजह से वहां हाथ से ही बिल बनाए जा रहे थे। जिस वजह से काम भी देरी से हो रहा था। अब अस्पताल में फिर से ऑनलाइन बिलिंग की सुविधा शुरू हो गई है। इधर एसटीएच में अभी भी हाथ से ही बिल बनाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अस्पताल में ऑनलाइन बिलिंग के लिए शासन में पत्र भेजा गया है। विगत दिनों एसटीएच में बिलिंग घोटाले के बाद वहां हड़कंप मच गया था। पहले भी अस्पताल में ऑनलाइन बिलिंग की ही सुविधा थी लेकिन बाद में मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही इसे रोक दिया गया था। हाथ से बिल बनाए जाने की परंपरा की वजह से ही अस्पताल में लाखों रुपये का घोटाला सामने आ गया। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि अस्पताल में ऑनलाइन बिलिंग परंपरा शुरू कराना इतना आसान भी नहीं है। इसके लिए समय लगेगा। इसके बाद ही ऑनलाइन बिलिंग शुरू की जा सकती है। डॉ. केके पांडेय बेस अस्पताल चिकित्साधिक्षक ने बताया कि बेस अस्पताल में दो–तीन दिनों के लिए ऑनलाइन बिलिंग सेवा बंद हुई थी। इसे अब फिर से ठीक करके शुरू कर दिया गया है।

सोमवार को अस्पतालों में मरीजों का तांता

हल्द्वानी : सोमवार को अस्पतालों में मरीजों की लंबी भीड़ रही। सुबह से ही ओपीडी के लिए पर्चे बनाने वाले काउंटर पर लोगों की कतार रही। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में करीब 3000 मरीजों देखा गया है। एसटीएच में सोमवार को 1820 मरीज ओपीडी में पहुंचे। शुक्रवार और रविवार को अवकाश और शनिवार को द्वितीय शनिवार के चलते सोमवार को मरीजों की संख्या बढ़ गई। एसटीएच में सबसे ज्यादा मरीज मेडिसन विभाग में आए। इसी तरह बेस अस्पताल और महिला अस्पताल में हाल थे। ओपीडी में काफी देर तक डॉक्टर मरीजों को देखते रहे। डॉक्टरों के अनुसार इन दिनों मौसमी सर्दी–जुकाम की समस्या बढ़ रही है जिस वजह से मरीजों की संख्या में उछाल आ रहा है।

सार संक्षेप

आर्मी कैंट सड़क पर भरा नाले का पानी, लोग परेशान

आर्मी कैंट जाने वाली सड़क में नाला चोक होने के कारण सड़क में भरा पानी।

हल्द्वानी : तिकोनिया के पास आर्मी कैंट की ओर को जाने वाली सड़क में सोमवार को नाले का पानी आने से लोग घंटों परेशान रहे। गंदा पानी रोडवेज वर्कशॉप परिसर में घुस गया, जिससे कर्मचारियों को भी खासी परेशानी हुई। इसके अलावा, रेलवे क्रॉसिंग के पास बनी झोपड़ियों के भीतर भी गंदा पानी घुस गया। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने बताया कि रेलवे पटरी के नीचे से बह रहा नाला संकरा है, इधर अचानक से बरसाती नाले का पानी खोल देने से नाली चोक हो गई। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद इसकी सफाई करवा दी गई। हालांकि, गंदा पानी सड़क व रोड़वेज वर्कशॉप में आने से लोग व कर्मचारी को घंटों परेशानी हुई।

कालाढूंगी के रुद्राक्ष ने जू-जित्सु में जीता कांस्य पदक

कांस्य पदक के साथ रुद्राक्ष

कालाढूंगी : देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय जू–जित्सु प्रतियोगिता में कालाढूंगी के रूद्राक्ष नेगी ने कांस्य पदक जीता है। टीम के कोच व भारतीय जू–जित्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार जोशी ने बताया कि 77 किलो वर्ग प्रतियोगिता में देश भर के 56 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में रुद्राक्ष नेगी पुत्र राजेन्द्र नेगी निवासी वार्ड नं 2 ने कांस्य पदक जीता। स्पोर्ट समिति के महासचिव गोविन्द पांडे ने बताया कि रूद्राक्ष ने ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त खेल में क्षेत्र के लिए पहली बार मेडल लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रूद्राक्ष के पिता खेल प्रशिक्षक भी हैं। उन्होंने बताया कि रूद्राक्ष अभ्यास के लिए कालाढूंगी से हल्द्वानी जाता है।

कार्यशाला में शुद्ध पेयजल की जानकारी दी

रामनगर : कोसी बैराज स्थित एक रेस्टोरेंट में एनजिक कंपनी के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने जल और स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कंपनी के वरिष्ठ प्रतिनिधि विपिन ध्यानी ने आधुनिक जीवनशैली के स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव पर चर्चा की गई। दिल्ली से आए हुए जल विशेषज्ञ रोहित आर्यन ने एल्कलाइन वॉटर के लाभ बताए। सेमिनार में दीपक शर्मा, रामनगर से अनीता मितेश्वर आनंद, योगाचार्य डॉ. नितिन ढोमने, विनीत शर्मा, विनीत रिखाड़ी उपस्थित रहे।

भाजपा भारी बहुमत से होगी विजयी: भगत

विधायक बंशीधर भगत के साथ भाजपा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : कुसुमखेड़ा के तुलसी गार्डन क्षेत्र में 45 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। सदस्यता ग्रहण कराने वाले स्थानीय विधायक बंशीधर भगत ने कहा हर वो व्यक्ति को जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखता है, वह भाजपा से जुड़ा हुआ है। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव भाजपा भारी बहुमत से विजयी होगी। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड़, दीपक सनवाल, गिरधारी सिंह दिगंबर भोजक, विपिन सिंह, प्रेम सिंह, रवि मोहन जोशी, बीडी जोशी, सुरेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष व अन्य निदेशकों को प्रमाण पत्र सौंपे

लालकुआं : दुग्ध संघ प्रबंध कमेटी के चुनाव को चुनौती देने संबंधी याचिका के हाईकोर्ट की डबल बेंच में खारिज होने के बाद सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दुग्ध संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश बोरा तथा प्रबंध कमेटी के अन्य निदेशकों को निर्वाचित होने के प्रमाण पत्र सौंपे। मंगलवार को देहरादून में दुग्ध संघ अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह किया जाएगा। यहां दुग्ध संघ के सभागार में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट तथा पूर्व विधायक नवीन दुम्का ने निर्वाचित अध्यक्ष एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी ने चुने हुए अध्यक्ष मुकेश सिंह बोरा, किशन सिह बिष्ट, दीपा रैक्वाल, गोविंद सिंह मेहता, दीपा देवी, खष्टी देवी, पुष्पा देवी को निर्वाचन संबंधी प्रमाण पत्र सौंपे।

अग्निवीर योजना को लेकर सरकार का पुतला फूंका

अग्निवीर योजना के विरोध में प्रदर्शन करते युवा। ● अमृत विचार

लालकुआं : अग्नि वीर योजना वापस लेने की मांग को लेकर क्षेत्र के दर्जनों युवाओं ने यहां काररोड मुख्य बाजार में केंद्र सरकार का पुतला फूंका। सोमवार देर शाम काररोड मुख्य बाजार स्थित चौराहे पर क्षेत्र के दर्जनों युवा एकत्र हुए और उन्होंने चौराहे पर नुक्कड़ सभा कर अग्निवीर योजना वापस लेने के नारे लगाए। भाजपा सरकार को चेताया कि अगर अग्नि वीर योजना को वापस नहीं लिया गया तो इसका खामियाजा भाजपा को लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा। पुतला फूंकने वालों में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय सामंत, मोहित जीना, गौरव तुलेड़ा, निकेत बोरा, करन सिंह, मुकुल बोरा, चंदन सिंह, दीवान सिंह, प्रताप सिंह, रमेश सिंह आदि शामिल थे।

घुड़सवारों के करतब देख हैरत में लोग

गौलापार में दिन से चल रहे अखंड पाठ व एकदशम पाठ संपन्न, करतब देखने को उमड़ी भीड़

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः सीतापुर, गौलापार में बीते तीन दिन से चल रहे अखंड पाठ व एकदशम पाठ संपन्न हो गया। इसके तहत सोमवार को घुड़सवारों ने तरह-तरह के करतब दिखाए।

सोमवार को खंडपाठ के बाद पंच प्यारों ने अमृत पान कराया, जिसके बाद दल ने हाथी और घोड़ों के कई हैरतअंगेज करतब दिखाएं, जिन्हें देखकर दर्शक दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए। घुड़ सवारों ने होला महल्ला निकाला और नेजे बाजी, गतका बाजी, खालशाही के करतब दिखाए। दल के करतब देखने के लिए तीन हजार से ज्यादा लोग यहां पहुंचे थे। गुरुद्वारा सिंह सभा संत बाबा जगत सिंह सीतापुर गौलापार में बाबा विधि चंद 12वें गद्दी निशिन सिंह साहिब जत्थेदार संत बाबा अवतार सिंह खालसा फौजा तीन दिन पूर्व में घोड़ों-हाथी सहित दल लेकर आए थे। इसके बाद दल का अगला पड़ाव सितारगंज में रहेगा। इस अवसर पर संत बाबा अवतार सिंह, मुख्य मुखी दल, जत्थेदार बाबा चरनजीत सिंह, दल पंथ के कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह, बलजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, जगतार सिंह, गुरमेज सिंह, हरदेव सिंह, इंद्रजीत सिंह, जसवीर सिंह, गज्जन सिंह, मनजीत सिंह, कुलदीप सिंह, बलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

गौलापार में करतब दिखाते घुड़सवार। ● अमृत विचार

पेयजल मूल्य वृद्धि को लेकर जल संस्थान में तालाबंदी

अमृत विचार, रामनगर : मोहल्ला पंपापुरी दुर्गापुरी भरतपुरी क्षेत्र के लोगों ने पेयजल मूल्य वृद्धि के विरोध में जल संस्थान का घेराव कर विभाग में तालाबंदी की। घेराव करने गए उपभोक्ता जल संस्थान में अधिकारियों के नहीं होने पर आक्रोशित हो गए। गुस्साए लोगों ने विभाग में तालाबंदी कर दी।

आक्रोशित लोगों ने जल संस्थान परिसर में सभा भी की। इसका संचालन हरि दत्त रेखाड़ी एवं बेबी डंगवाल ने किया। सभा में पूर्व सचिव छात्र संघ नवीन सुनेजा ने कहा कि जल संस्थान विभाग द्वारा दिसंबर में भी पेयजल के बिलों में बढ़ोतरी की गई थी। जन दबाव में बाद में इसे वापस लिया था और अब दोबारा जनवरी से मार्च माह के बिलों में वृद्धि की गई है। इस दौरान हीराबल्लभ उपाध्याय, कुबेर सिंह कड़ाकोटी, चंद्रशेखर जोशी, महेश सती, राजपाल रौतेला, श्याम सिंह मठपाल, मोनू रावत, सोभन सिंह मनराल, चंदन सिंह रावत, पीएस गोसाई, नंदन सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

रामनगर में जलसंस्थान में तालाबंदी करते लोग। ● अमृत विचार

सर्वेक्षण का पूरा डाटा भरें विवि और महाविद्यालय

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ कार्यशाला में एआईएसएचई की भूमिका के बारे में बताया

अमृत विचार: अखिल भारतीय सर्वेक्षण इन हायर एजुकेशन के विषय पर आयोजित कार्यशाला में एआईएसएचई पोर्टल पर सूचनाएं भरने के बारे में निर्देश दिए गए।

एमबीपीजी में सोमवार को अखिल भारतीय सर्वेक्षण इन हायर एजुकेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। केंद्रीय उच्चतर शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. सीडी सूंठा ने अंतिम तिथि (20 मार्च) से पहले सर्वेक्षण का पूरा डाटा समस्त महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय को भरने के लिए कहा। उन्होंने उच्च शिक्षा में एआईएसएचई की भूमिका के बारे में बताया। समस्त छात्रवृत्तियों में, नेक पोर्टल और यूजीसी के समस्त पोर्टल पर महाविद्यालय के एआईएसएचई से ही डेटा लिया जाता है। कार्यशाला में उच्चतर शिक्षा विभाग नई दिल्ली से आए हुए सहायक निदेशक सौरवकांत ने उच्च शिक्षा सर्वेक्षण में राज्य के समस्त महाविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय और प्राइवेट कॉलेज की ओर से भरे गए सर्वेक्षण प्रपत्र की चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान में विभिन्न विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के 36 विषयों में 200 कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। एमबीपीजी की एआईएसएचई नोडल डॉ. कामिका चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी।

मजिस्ट्रेटों की जिम्मेदारी, मतदान में कोई बाधा न हो

तैयारी

▸▸ जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, कालाढूंगी के अधिकारियों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वंदना ने सोमवार को लालकुआं, हल्द्वानी, कालाढूंगी एवं रामनगर विधानसभा सीटों पर नियुक्त किए 22 जोनल एवं 69 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को कर्तव्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी।

डीएम वंदना ने कहा कि मतदाता बिना भय, शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कर सकें इस के लिए जोनल व सेक्टर अधिकारी मतदाता, बूथ, ईवीएम तथा पोलिंग में अहम जिम्मेदारी से काम करना होगा। आचार संहिता के पालन के लिए भी मतदान केंद्रों का नियमित भ्रमण करें। अधिकाधिक मतदान के लिए मतदाओं से समन्वय बनाया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट का मुख्य काम मतदाताओं को बूथ तक लाने में कोई बाधा नहीं हो इसलिए प्रत्येक बूथ की वलनरेबिलिटी मैपिंग की जानी है ताकि इसका समाधान हो सके। मतदान की प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं हो मतदान सुगमतापूर्वक हो यह सभी सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रटों की जिम्मेदारी है। डीएम ने कहा कि पीठासीन अधिकारी से समन्वय कर सभी सामग्री सूची अनुसार लेना और भौतिक सत्यापन भी करना सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी होगी ताकि मतदान केंद्र पर कोई समस्या न हो। ईवीएम को लेकर एसओपी का पालन किया जाए। इस दौरान एडीएम एफआर चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, राहुल साह, रेखा कोहली, तुषार सैनी, तहसीलदार सचिन कुमार, संजय कुमार, मनीषा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों की बैठक लेतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह। ● अमृत विचार

दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें

हल्द्वानी : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वंदना ने एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वाड टीम), एसएसटी(स्टैटिक सर्विलांस टीम) और वीवीटी(वीडियो व्यूइंग टीम) की 37 टीमों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दायित्वों को ईमानदारी एवं सजग होकर निर्वहन किया जाए। टीम के सदस्य से ड्यूटी शालीनता और संयमिता के साथ करें। प्रत्येक टीम की ड्यूटी आठ घंटे की होगी तथा तीन शिफ्ट के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। उन्होने कहा कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की जांच आदि की वीडियोग्राफी अवश्य की जाए। निर्वाचन की घोषणा होते ही उड़न दस्ता सक्रिय हो जाता है।

सुखद | दार्जिलिंग चिड़ियाघर से लाई गई मादा मारखोर

पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु मारखोर अब बढ़ाएगा नैनीताल चिड़ियाघर की शान

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु मारखोर अब नैनीताल के पंडित गोविंद बल्लभ पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान की शोभा बढ़ाएगा। नैनीताल आने वाले पर्यटक मारखोर का दीदार कर सकेंगे।

रविवार को दार्जिलिंग चिड़ियाघर से मादा मारखोर को नैनीताल चिड़ियाघर लाया गया है। उसे अभी स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिड़ियाघर में रखा गया है। जिसे अगले सप्ताह से दर्शकों के दीदार के लिए रखा जाएगा। चिड़ियाघर के रेंजर प्रमोद तिवारी ने बताया कि एनिमल एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत एक मादा मारखोर, एक जोड़ा गोल्डन फिजेंट, एक जोड़ा सिल्वर फिजेंट को नैनीताल चिड़ियाघर लाया गया है। चिड़ियाघर के बायोलॉजिस्ट अनुज कांडपाल ने बताया मारखोर मुख्यतः उच्च हिमालय क्षेत्र लेह लद्दाख, भारत-पाकिस्तान से लगी सीमावर्ती क्षेत्र में पाया जाता है। इसके अलावा मारखोर पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु है। मारखोर भारत के मात्र दो चिड़ियाघर नैनीताल और दार्जिलिंग में पाया जाता है। इनकी संख्या बढ़ाई जाने को लेकर काफी लंबे समय से नैनीताल और दार्जिलिंग चिड़ियाघर के बीच पत्राचार चल रहा था। केंद्रीय चिड़ियाघर प्रबंधन से अनुमति मिलने के बाद अब मारखोर की मादा प्रजाति को नैनीताल लाया गया है। दार्जिलिंग से लाई मारखोर के बाद अब नैनीताल चिड़ियाघर में इनकी संख्या एक नर मारखोर और एक मादा हो गई है।

नैनीताल चिड़ियाघर में पहुंची मादा मारखोर। ● अमृत विचार

किंग कोबरा को मार डालता है मारखोर

चिड़ियाघर के बायोलॉजिस्ट अनुज कांडपाल बताते हैं कि हिमालय क्षेत्र में रहने के कारण मारखोर की शारीरिक और सींग की बनावट बेहद मजबूत होती है। मारखोर इतना शक्तिशाली होता है कि खतरनाक किंग कोबरा को अपने दांतों से चबा डालता है और किंग कोबरा के जहर का मारखोर पर कोई असर नहीं होता।

कॉर्बेट पार्क से एक और बाघिन राजाजी पार्क भेजी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कार्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेस्क्यू सेंटर से सोमवार को बाघिन को राजाजी टाइगर रिजर्व देहरादून भेजा गया। राज्य के प्रमुख वन संरक्षक (वन्य जीव)/मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक समीर सिन्हा की अनुमति के बाद चौथे बाघ की शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। अब एक नर बाघ राजाजी पार्क भेजा जाना शेष है।

सीटीआर से पांच बाघ (तीन मादा, दो नर) राजाजी पार्क में भेजे जाने हैं। राजाजी टाइगर रिजर्व में स्थानान्तरित करने के लिए केंद्रीय जू अथॉरिटी के मानकों तथा एनटीसीए (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) के प्रोटोकॉल के अनुसार नॉन टूरिस्ट जोन से मादा बाघ चिह्नित की गई थी। 5 से 6 वर्ष की इस मादा बाघ को पकड़ने के बाद ढेला रेस्क्यू सेंटर लाया गया था। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे दोपहर में रेस्क्यू वाहन से राजाजी पार्क भेजा गया। शिफ्टिंग टीम के साथ सीटीआर के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डा. दुष्यन्त शर्मा और चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटर के डा. अमित ध्यानी, एसडीओ आरटीआर हरीश नेगी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के संयोजक डा. मिराज अनवर के साथ क्यूएटी, एसओजी टीम के एस्कार्ट वाहन सम्मिलित है। देर शाम तक मादा बाघ को सुरक्षित राजाजी टाइगर रिजर्व पहुंचा दिया गया।

> एनटीसीए के निर्देशों के तहत सोमवार दोपहर मादा बाघ को राजाजी पार्क में शिफ्ट किया गया है। अब कार्बेट टाइगर रिजर्व से एक नर बाघ और स्थानांतरित किया जाना बाकी है।
> **–डॉ. धीरज पांडे, निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व**

प्रदर्शनी में हरदीप की संकर गाय रही सर्वश्रेष्ठ

जीबी पंत विवि में किसान मेले के तीसरे दिन पशु प्रदर्शनी का आयोजन, 43 पशु पालकों ने किया प्रतिभाग

किसान मेला

- मोहम्मद आरिफ और संजय कांडपाल का बकरा प्रथम रहा
- पशुपालकों ने अपने पशुओं का सात वर्गों में प्रदर्शन किया

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय किसान मेले के तीसरे दिन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें पशुपालकों ने अपने पशुओं का सात वर्गों में प्रदर्शन किया। पशु प्रदर्शनी में हरदीप भल्ला पुत्र जसपाल सिंह रुद्रपुर की संकर गाभिन गाय को सर्वश्रेष्ठ पशु घोषित किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान ने रिबन बांधकर सुशोभित किया। पशु प्रदर्शनी में कुल 43 पशु सम्मिलित हुए।

सोमवार को विश्वविद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में सांड वर्ग में भूपेंद्र भारती का सांड, बछिया वर्ग में भूपेंद्र भारती की बछिया, संकर शुष्क गाय वर्ग में डॉ. सलीम की गाय, गाभिन भैंस वर्ग में डॉ. सलीम की भैंस, स्वदेशी गाभिन गाय वर्ग में भूपेंद्र भारती की गाय, स्वदेशी दुधारु गाय वर्ग में भूपेंद्र भारती की गाय, भैंस कटरा वर्ग में मोहम्मद आरिफ का कटरा, संकर गाभिन गाय वर्ग में हरदीप भल्ला की गाय एवं बकरा वर्ग में मोहम्मद आरिफ और संजय कांडपाल का बकरा पहले स्थान पर रहा।

इसी तरह शुष्क बछिया वर्ग में रोहित यादव की बछिया, स्वदेशी बछिया वर्ग में राम प्रवेश की बछिया, स्वदेशी कटरा वर्ग में भूपेंद्र भारती का कटरा एवं भैंस वर्ग में मोहम्मद आरिफ की भैंस दूसरे स्थान पर रही। पशु प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल में डॉ. शिव प्रसाद, डॉ.जेएल सिंह, डॉ.आरएस बरवाल, डॉ.बीएन शाही एवं डॉ.अमित प्रसाद शामिल थे। प्रदर्शनी के अंत में पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य संबंधित किट एवं मिनरल मिक्चर निशुल्क वितरित किये गये। इस अवसर पर पशु प्रदर्शनी के संयोजक अधिष्ठाता पशुचिकित्सा डॉ.एसपी सिंह, सह संयोजक डॉ.एससी त्रिपाठी, डॉ.एसके सिंह, डॉ.सुनील कुमार, डॉ.राजीव रंजन, डॉ.सतीश कुमार समेत महाविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्र भी मौजूद रहे।

संकर गाय को रिबन बांधकर सर्वोत्तम पशु के रूप में सुशोभित करते कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान। ● अमृत विचार

विश्वविद्यालय के स्टॉलों से बीजों की खरीदारी करते किसान। ● अमृत विचार

मेले में डिजिटल लिफाफों और कैलेंडर की जानकारी लेते लोग। ● अमृत विचार

हाथ से बने उत्पादों की हो रही जमकर खरीद

पंतनगर। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि लोगों को 375 बड़े एवं छोटे स्टाल लगाये गये हैं। इस दौरान महिला सशक्तिकरण केंद्र में लोग हाथ से बने उत्पाद जेम, जेली, पापड़, मंडवे का आटा, राजमा और अन्य पहाड़ी उत्पादों की जमकर खरीद कर रहे हैं। इसके अलावा अन्य स्टॉलों में लोग हाथ से बने उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं। स्टॉल मालिकों को खरीदारी अधिक होने पर प्रोत्साहन भी मिल रहा है।

विभिन्न स्टॉलों पर हुई 16 लाख रुपये के बीजों की बिक्री

पंतनगर। जीबी पंत विश्वविद्यालय में चल रहे किसान मेले में तीसरे दिन भी किसानों ने विभिन्न खरीफ फसलों के बीजों की जमकर खरीद की। इस दौरान किसानों ने मेले में विश्वविद्यालय के फसल अनुसंधान केंद्र, प्रजनक बीज उत्पादन केंद्र, विश्वविद्यालय फार्म और एटिक स्टालों से अब तक 16 लाख रुपये के विभिन्न खरीफ फसलों के बीजों की खरीद की गयी। इसके अतिरिक्त औषधीय एवं सगंध पौध अनुसंधान केंद्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केंद्र, उद्यान अनुसंधान केंद्र, कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र, मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के स्टालों से लगभग 45 हजार रुपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही एटिक व प्रकाशन निदेशालय के स्टालों से लगभग 31 हजार रुपये के प्रकाशनों की बिक्री की गई।

मेले में लगे स्टॉलों में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

कैलेंडर और लिफाफों ने मोहा मन

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: जीबी पंत विश्वविद्यालय में लगे किसान मेला में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग के छात्रों द्वारा डिजिटल डिजाइनिंग का इस्तेमाल कर बनाए गए कैलेंडर और शगुन लिफाफे आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कोर्स इंचार्ज एवं प्रभारी अधिकारी प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन डॉ.अनुपमा पांडे के मार्गदर्शन में विभाग के 13 विद्यार्थियों ने 'हैंड्स ऑन ट्रेनिंग इन प्रिंट एंड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रोडक्शन' पाठ्यक्रम के तहत आय सृजन परियोजना के रूप में कुछ उत्पादों को विकसित किया।

सोमवार को कोर्स इंचार्ज एवं प्रभारी अधिकारी प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन डॉ. पांडे ने बताया कि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के स्टॉल पर बिक्री के लिए रखे गए इन कैलेंडरों और शगुन लिफाफों को किसान मेला के उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व सीएम और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने भी सराहना की। उन्होंने बताया कि कुछ कैलेंडरों में उत्तराखंड की धरोहर स्थलों के चिह्न, पहाड़ों की मनोरम छवियां और राज्य के पारंपरिक ढांचों को दर्शाया गया है।

गांधी हॉल में मेले का समापन आज

पंतनगर। जीबी पंत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि मेले का समापन कार्यक्रम विश्वविद्यालय के गांधी हाल में मंगलवार को किया जाएगा। इस दौरान पशु, पुष्प, फल-फूल व प्रसंस्कृत उत्पादों की प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समापन समारोह कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के निदेशकों, अधिष्ठाताओं, वैज्ञानिकों, विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि, विद्यार्थियों एवं किसानों की उपस्थिति में किया जाएगा।

पंतनगर किसान मेले में उत्पादों के साथ काशीपुर एफपीओ के सदस्य।

प्रगतिशील कृषकों ने दी उत्पादों की जानकारी

काशीपुर। प्रगतिशील कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति द्वारा किसान मेले में स्टॉल लगाया गया। जिसमें किसानों को सरसों तेल, नमक और पूसा बासमती चावल के बारे में जानकारी दी गयी। सोमवार को पंतनगर में लगे किसान मेले में किसानों को कोल्ड प्रेस सरसों तेल, काले नमक का चावल, काले नमक का धान के बीज के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पूसा बासमती 1847 का चावल व पूसा 1847 का बीज और देसी गाय के गोबर से निर्मित उत्पादन जैसे स्वास्तिक घड़ी, ओम की रिंग और दिए आदि को किसान मेले में बिक्री के लिए रखा गया। इस अवसर पर एफपीओ अध्यक्ष व किसान मोर्चा जिला काशीपुर अध्यक्ष बलकार सिंह, एफपीओ के सीईओ सन्मीत कौर, लेखाकार परमिला, मुख्तयार सिंह, लखविंदर सिंह, कुलवंत सिंह, जितेंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

जु-जित्सू में बेटियों ने दिखाया दमखम

प्रतियोगिता

- जिले की 127 बालिकाओं ने किया प्रतिभाग, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : रुद्रपुर में हुई जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता में जिले की 127 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें से ज्यादातर प्रतिभागियों ने पदक जीते। विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर प्रोसाहित किया गया।

इस दौरान जु-जित्सू के जिला अध्यक्ष भारत भूषण चुग ने कहा कि चाहे खेल कूद हो या अंतरिक्ष विज्ञान, हमारे देश की महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। वे आगे बढ़ रही हैं और अपने क्षेत्र, राज्य व देश का गौरव बढ़ा रही हैं। एसोसिएशन के द्वारा महासचिव ऋषि पाल भारती की अगुवाई में महिलाओं व बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के प्रति जागरूक करने एवं सजक बनने के उद्देश्य को लेकर लगातार तीन वर्षों से निःशुल्क जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जो मील का पत्थर साबित होंगा। इस मौके पर कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, सभा के अध्यक्ष चेतन धीर, मैनेजर शेखर सक्सेना, वसीम खान, गुरविंदर सिंह, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, हिमा भट्ट, कैनाथ लाल, वसीम खान, विक्रम भंडारी, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र कुमार, गंगा मेहरा, राजीव राना, सुखदेव सिंह, कृष्ण साना सहित अन्य अभिभावक लोग मौजूद रहे।

अपने मेडल दिखाते जु-जित्सू प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

आर्मी स्कूल की परीक्षा पास की

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर गायत्री विहार पेज 1 स्थित वीजे डिफेंस एकेडमी में कोचिंग ले रहे पांच बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एपीएस की परीक्षा पास कर कोचिंग व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इन बच्चों को एपीएस दगशाई सोलन (हिमाचल प्रदेश) में प्रवेश मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

वीजे डिफेंस अकेडमी में सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय और मिलिट्री स्कूल की कोचिंग ले रहे बच्चों में से छठी कक्षा के छात्र बिन्दुखत्ता निवासी सार्थक सम्मल पुत्र किशन सिंह, गौरव सिंह कोरंगा पुत्र ईश्वर सिंह कोरंगा, कक्षा नौ की माही कोरंगा पुत्री ईश्वर सिंह कोरंगा, महिमा कोरंगा पुत्री विक्रम सिंह कोरंगा तथा भावेश काण्डपाल पुत्र गौतम काण्डपाल ने अकेडमी के हैड विकास जोशी के मार्गदर्शन में कोचिंग लेकर यह परीक्षा पास की है। इस मौके पर पूर्व जिलापंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, जिला पंचायत सदस्य दीपा प्रेम आर्या, प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा ललित काण्डपाल, सामाजिक कार्यकर्ता मोहन चंद्र पांडे, क्षेत्र पंचायत सदस्या लता संजय पटवाल, प्रताप सिंह कोरंगा, चंदन कोरंगा, पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा आदि रहे।

एकेडमी में प्रतिभाशाली बच्चों व कोचिंग हेड को सम्मानित करते अभिभावक व जनप्रतिनिधि।

सूचना

श्री रवि प्रकाश पुत्र श्री सूरज सिहं कर्मचारी नैनी पेपर्स लिमिटेड़ मुरादाबाद रोड काशीपुर। आपको दिये गये आरोप पत्र दिनांक 27-12-2023 में गठित घरेलू जाँच, जाँच अधिकारी द्वारा सम्पन्न कर जाँच रिपोर्ट प्रबंधकों को सोंप दी हैं। आप पर लगाये गये सभी आरोप सही पाये गये हैं। जाँच रिपोर्ट की कॉपी आपको कम्पनी में उपलब्ध पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी दी गयी हैं। आप जाँच रिपोर्ट कम्पनी से भी प्राप्त कर 3 दिन के अन्दर-अन्दर अपना प्रतिनिधित्व दें सकते हैं।

तकनीकी निदेशक
नैनी पेपर्स लिमिटेड
मुरादाबाद रोड, काशीपुर

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

चार कन्याओं का विवाह कराया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: सामूहिक विवाह कार्यक्रम में चार कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया। बता दें कि भाई कन्हैया जी सेवा समिति के तत्वावधान में दूसरा समिति के बैनर तले चार निर्धन कन्याओं का विधि विधान से विवाह संपन्न कर वर वधू को विदाई दी गई। नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित होटल में आयोजित विवाह कार्यक्रम में पहुंचे वर वधू के परिवारजनों एवं रिश्तेदारों के लिए भोजन की व्यवस्था कराई गई।

होटल परिसर में हवन यज्ञ आयोजित कर विधि विधान एवं धार्मिक रीति रिवाज के साथ चार निर्धन कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद देकर उनके सुखी दाम्पत्य जीवन की ईश्वर से प्रार्थना की। विवाह कार्यक्रम के बाद समिति के माध्यम से वर वधु को उपहार स्वरूप डबल बेड, घरेलू गैस चूल्हा, पंखा, वाटर कूलर, अलमीरा, मेज-कुर्सियां, बेड गद्दे, कंबल, तकिया, चादर, प्रेस, कपड़े आदि घरेलू सामान भेंट किया गया। भाई कन्हैया सेवा समिति के सेवादार जसवंत सिंह गंभीर एवं समिति सदस्य प्रवीण रहेजा ने बताया कि विगत करीब 18 वर्षों से भाई कन्हैया सेवा समिति समाज सेवा के कार्य में अपनी भागीदारी निभा रही है। उन्होंने बताया कि समिति के माध्यम से आयोजित द्वितीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम में चार निर्धन कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया है तथा एक सप्ताह के भीतर एक अन्य निर्धन कन्या का विवाह संपन्न कराया जाएगा। वरिष्ठ नेत्री शैली फुटेला ने समिति सदस्यों को भविष्य में भी हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मौके पर विनोद फुटेला, सुदर्शन ठुकराल, सुरेश ढींगरा, संजीव खन्ना, भूषण नारंग, ममता नारंग, सचिन कुमार, चेतन गंगवार, हरविंदर सिंह, दिलजीत सिंह, राजेश प्रताप सिंह, छोटेलाल कोली, एकता खड़का, प्रदीप सिंह के अलावा सिमरन सेवा समिति के भाई गुरविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह, भाई रणजीत सिंह, रेनू जुनेजा आदि मौजूद रहे।

किच्छा में नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते लोग। ● अमृत विचार

पुलिस और पैरामिलिट्री ने निकाला फ्लैग मार्च

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर कोतवाली काशीपुर पुलिस की ओर से पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया।

सोमवार को एसएसआई प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में निकाले गए मार्च के दौरान क्षेत्र के लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग कर अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। फ्लैग मार्च से आम जनता को निष्पक्ष मतदान के लिए आश्वस्त किया गया, वहीं दूसरी ओर असामाजिक व अराजक तत्वों को सख्त हिदायत दी कि चुनाव के दौरान यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी/कानून व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास किए जाएंगे तो ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश बसपा से निष्कासित

बाजपुर। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार गौतम ने बताया कि पार्टी के उच्च पदाधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर पूर्व जिलाध्यक्ष लेखराज गौतम को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के चलते आगामी 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है।

अवैध शराब के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

काशीपुर। आईटीआई पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से महिला समेत दो लोगों को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पैगा चौकी पुलिस ने अलीगंज रोड पर पेट्रौल पम्प के पास से कच्ची शराब की तस्करी कर ले जाते कृपाल सिंह निवासी ग्राम चंपतपुर चकला थाना बढ़ापुर जिला बिजनौर को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से पुलिस ने 111 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की। उधर गश्त के दौरान बांसखेड़ा गांव से महुआखेड़ागंज निवासी एक महिला को कच्ची शराब बेचते गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने 43 पाउच कच्ची शराब बरामद की।

अवैध शराब के साथ आरोपी दबोचा

खटीमा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के साथ रविवार को बिरिया निवासी निवासी योगेंद्र सिंह राणा को 45 पाउच अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

स्मैक के साथ एक को किया गिरफ्तार

काशीपुर। कुंडा थाना पुलिस ने 5.17 ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मंडी चौकी प्रभारी मनोहर सिंह टीम के साथ रविवार शाम ढेला पुल पर चेकिंग कर रहे थे। तभी एक एक व्यक्ति पुलिस को देख भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से 5.17 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नूर मोहम्मद निवासी ग्राम सरवरखेड़ा बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से स्मैक बेचकर कमाए 420 रुपये भी बरामद किये। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

पुलिस ने आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया

बाजपुर। चौकी पुलिस सुल्तानपुर पट्टी ने आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें वार्ड नंबर-एक मोहल्ला शिवनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी रामअवतार पुत्र पूरन सिंह, राहुल पुत्र हरकेश, विकास उर्फ भोले पुत्र सिसवाल, विशाल पुत्र शीशपाल, अर्जुन पुत्र हरकेश, रोहित अवतार पुत्र रामअवतार, ग्राम रामजीवनपुर निवासी राजाराम पुत्र ओमप्रकाश तथा नया गांव तगावाला थाना नौगांव जिला अमरोहा (उत्तर-प्रदेश) निवासी देवेंद्र कुमार शर्मा पुत्र कालू शर्मा आदि शामिल हैं। इन सभी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया।

शांतिभंग में तीन लोगों का चालान

काशीपुर। पुलिस ने पारिवारिक विवाद करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया। सफोड़ान चौकी इंचार्ज सुनील सुतेड़ी ने झगड़ा कर रहे महेशपुरा निवासी सूरजपाल, नई सब्जी मंडी निवासी मोहित मेहरा व खड़कपुर देवीपुरा निवासी सचिन पाल को गिरफ्तार कर तीनों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

चकरपुर के ग्रामीणों ने तहसील में नायब तहसीलदार को उपजिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा

भूमि कब्जामुक्त कराने तहसील पहुंचे लोग

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करने के लिए ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ लोगों ने दबंगई के बल पर अवैध रूप से भूमि पर कब्जा कर रखा है, जिसे मुक्त कराया जाए।

सोमवार को ग्राम चकरपुर के दर्जनों ग्रामीण विजय कुमार के नेतृत्व में तहसील पहुंचे जहां उन्होंने नायब तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट को उपजिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राजस्व अभिलेखों में भूमि मेरे दादा के नाम दर्ज है लेकिन रुद्रपुर निवासी एक व्यक्ति ने दबंगई के बल पर उक्त भूमि पर कब्जा कर रखा है।

गदरपुर तहसील में उपजिलाधिकारी के नाम नायब तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

उनका कहना था कि उक्त भूमि के लिए कई बार तहसील में शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण तहसील में धरने पर भी बैठेंगे। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, सतीश कुमार, सागर कुमार, मदनलाल, गोल्डी नारंग, ऊषा रानी, एकता रानी, आशा रानी, कृष्ण लाल, संगीता रानी, दर्शन रानी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

छह शराब भट्ठियां तोड़ 11 धरे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसएसपी के आदेश पर एसओजी, एएनटीएफ और थाना पुलिस ने कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए छह शराब की भट्ठियां ध्वस्त कर दी और 11 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर हजारों लीटर लहन नष्ट कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रविवार की देर शाम को एसएसपी के आदेश पर एसओजी और एएनटीएफ की टीम ने ग्राम बिंदुखेड़ा स्थित जंगलों में कच्ची शराब की भट्ठियों के स्थान पर दबिश दी और जंगलों में संचालित छह शराब की भट्ठियां ध्वस्त कर 340 लीटर शराब बरामद की। इस दौरान एक हजार लीटर लहन नष्ट कर दिया। टीम ने आरोपियों की बाइक को सीज कर शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किये। टीम ने मौके से सुनील मसी निवासी हमीदपुर बिलासपुर यूपी, सुखदेव उर्फ सुक्खा निवासी बिंदुखेड़ा, पूरन सिंह निवासी बिंदुखेड़ा, बिट्टू, मलकीत सिंह, कुल्ली और मंगू निवासी बिंदुखेड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके अलावा ट्रांजिट कैंप और सिडकुल पुलिस द्वारा 22 पाउच के साथ लखविंदर सिंह निवासी अमरपुर, ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने एफसीआई गोदाम के पीछे गंगापुर मार्ग पर कच्ची शराब बेचने पर सुशांत स्वर्णकार निवासी वार्ड-11 संजयनगर खेड़ा को गिरफ्तार कर 45 लीटर कच्ची शराब पकड़ी। सिडकुल चौकी पुलिस द्वारा हरपाल सिंह निवासी छतरपुर को 53 पाउच शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

भट्ठियों की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद बरामद उपकरणों के साथ एसओजी टीम।

व्यापारियों की समस्याओं का कराएंगे समाधान

पूर्व मुख्यमंत्री निशंक ने व्यापारियों के साथ किया संवाद, समस्याओं को सुनने के साथ ही सुझाव भी लिए

संवाद

- व्यापारियों को देश का करदाता के रूप में जाना जाता है
- व्यापारी हितों को लेकर मोदी सरकार भी सदैव चिंतित

40 लाख रुपये से अधिक आय वाले व्यापारियों का उत्तर प्रदेश में होता है रजिस्ट्रेशन जबकि उत्तराखंड में यह सीमा 20 लाख रुपये से अधिक तय की गई है। यह रजिस्ट्रेशन शुल्क एक समान होना चाहिए

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : हरिद्वार के सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक सोमवार को नगर निगम सभागार में पहुंचे और व्यापारियों से संवाद किया। इस दौरान पूर्व सीएम के समक्ष व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं और सुझाव भी रखे। पूर्व सीएम ने कहा कि व्यापारियों के सुझाव को शीर्ष नेताओं तक पहुंचाने के साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता कर निष्कर्ष निकलने का प्रयास किया जाएगा।

सोमवार को नगर निगम सभागार में व्यापारियों के साथ संवाद के दौरान पूर्व सीएम डॉ. निशंक ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के बाद अब व्यापारी हितों को लेकर मोदी सरकार भी सदैव चिंतित है। व्यापारी हमारे देश का करदाता के रूप में जाना जाता है। इस दौरान प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि प्रत्येक व्यापारी जीएसटी अदा करता है इसके लिए उसका एक्सीडेंटल बीमा के साथ नेचुरल डेथ का भी बीमा होना चाहिए।

इसके अलावा उत्तराखंड में व्यापार का ऐसा माहौल बनाना चाहिए जिससे व्यापारी खुलकर व्यापार कर सकें। उन्होंने कहा कि चार-छह माह में व्यापारियों व अधिकारियों के बीच बैठक भी होनी चाहिए, ताकि आधी समस्याओं का समाधान बैठक में ही हो सके।

देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन 40 लाख से ऊपर वालों का होता है, जबकि उत्तराखंड में 20 लाख रुपये से अधिक है। यह रजिस्ट्रेशन शुल्क एक समान शुल्क होना चाहिए। इसके अलावा अन्य व्यापारियों ने भी अपनी समस्या और सुझाव रखे। इससे पूर्व पूर्व सीएम डॉ. निशंक, विधायक शिव अरोरा और जिला अध्यक्ष कमल जिंदल का व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर नरेश ग्रोवर, सुनील ठुकराल, मनोज छाबड़ा, सुशील गाबा, संदीप राव, विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, अमित नारंग, नरेंद्र अरोड़ा, किरण वर्क, घनश्याम अग्रवाल ,वेद ठुकराल, सुरेंद्र मिड्ढा पंकज गाबा, मोहित चड्ढा, मनोज मदान, नितेश कुमार सहित तमाम व्यापारी मौजूद थे।

नगर निगम सभागार में व्यापारियों से संवाद करते हरिद्वार के सांसद व पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक। ● अमृत विचार

उत्तराखंड में पांचों सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी भाजपा

रुद्रपुर। हरिद्वार के सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में लिये गये ऐतिहासिक फैसले लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की पांचों सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी और पीएम नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा होगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प भी है। सोमवार को रामपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में यह बात हरिद्वार के सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री निशंक ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, लोक सभा चुनाव प्रभारी विवेक सक्सेना, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री अमित नारंग, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा भाजपा चुनाव प्रचार प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ, लोकसभा मीडिया प्रभारी ललित मिगलानी, डॉ.रणजीत सिंह गिल, हिमांशु शुक्ला, वेद ठुकराल, अनिल चौहान, योगेश वर्मा, सुशील गावा, हितेन्द्र त्रिपाठी, रोशन अरोरा, महिला मोर्चा की रश्मि रस्तोगी व फरजाना बेगम आदि मौजूद थे।

दो बाइकों की भिंड़त में चार लोग घायल

नसीम। चंद्रपाल सिंह। सफी अहमद। सुमित पाल।

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: दो बाइकों की आमने-सामने की भिंड़त में चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर है। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं एक अन्य हादसे में कार की चपेट में आकर बाइक सवार दंपति को चोटें आई हैं।

सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे लामाचौड़ हल्द्वानी निवासी सफी अहमद (58) पुत्र अली मोहम्मद अपने बेटे नसीम (20) का ऑपरेशन करवाने के लिए बाइक पर चकरपुर रोड बाजपुर स्थित पांडेय अस्पताल आ रहे थे।

वहीं ग्राम पूरनपुर जसपुर निवासी चंद्रपाल सिंह चौहान पुत्र भगवंत सिंह अपने साथी असलातपुर तहसील ठाकुरद्वारा उप्र निवासी सुमित पाल (36) पुत्र सतपाल के साथ जसपुर से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। इसी बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें चारों बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें आनन-फानन में उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चंद्रपाल को हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे में दोनों बाइकें भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

वहीं दूसरा हादसा दोराहा के नजदीक हुआ है जिसमें कार की टक्कर से बाइक सवार ग्राम मजरा विधि खानपुर पश्चिम वेस्ट यूपी निवासी बहादुर सिंह (35) पुत्र लाल सिंह व उसकी पत्नी रीना घायल हो गई। दोनों को राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार देकर रीना को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं घटना के बाद आरोपी चालक कार समेत मौके से फरार हो गया।

पैरवी करने आई महिला पर फेंकी काली स्याही

संवाददाता, रुद्रपुर

शर्मनाक

- रेलवे स्टेशन पर बाइक सवार दो युवकों ने किया दुस्साहस
- नागपुर महाराष्ट्र की रहने वाली है पीड़िता, सौंपी तहरीर

अमृत विचार: रुद्रपुर न्यायालय में विचाराधीन पारिवारिक प्रकरण में पैरवी करने आई एक महिला पर रेलवे स्टेशन पर बाइक सवार दो युवकों द्वारा काली स्याही फेंक कर अपमानित करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नागपुर महाराष्ट्र की रहने वाली स्वाति श्रीवास्तव ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी रुद्रपुर के रहने वाले एक युवक से हुई थी। शादी के बाद पति द्वारा प्रताड़ित करने के बाद पारिवारिक विवाद का मामला रुद्रपुर स्थित फैमिली कोर्ट में विचाराधीन है। हर माह वह न्यायालय में पैरवी के लिए आती-जाती रहती है। उन्होंने बताया कि न्यायालय में तारीख होने के कारण वह सोमवार को शताब्दी से रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पहुंची और जब स्टेशन के बाहर आई तो बाइक पर सवार दो युवक उसके ऊपर काली स्याही फेंक कर फरार हो गए। पीड़िता का आरोप था कि जिसके पीछे उसके पति की साजिश होने की आशंका है।

दो बहनों के साथ दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप में दो नाबालिगों को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नाबालिगों की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि वह एक कंपनी में मेहनत मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाती है। आरोप था कि तीनपानी डाम फुलसुंगा का रहने वाला युवक दो साल पहले उसकी बड़ी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ रखने लगा। दो साल बाद उसकी छोटी बेटी को भी शादी का झांसा देकर धोखे से अपने साथ ले गया। नाबालिगों के साथ दुष्कर्म करने लगा। जब इसका विरोध किया तो उसके साथ हाथापाई भी की और नाबालिगों को छोड़ने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पोक्सो के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हादसा

- बहन से मिलकर लौटते समय हुआ हादसा
- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रविवार की देर रात काशीपुर हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

आकाश।

वार्ड नंबर-12 शिवनगर निवासी आकाश गुप्ता (20) रविवार की देर शाम बाइक से अपनी बहन लक्ष्मी के घर जाफरपुर संपतपुर गया था। देर रात वह बाइक से घर लौट रहा था कि इसी बीच काशीपुर हाईवे पर पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक मृतक आकाश टायर ठीक करने का काम करता था। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

काशीपुर। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। बिहार निवासी 32 वर्षीय चंदन पुत्र गणेश कुंडेश्वरी क्षेत्र में रहकर एक स्टोन क्रशर में नौकरी करता था। सोमवार को वह बाइक से अपने रामनगर निवासी मामा के घर जा रहा था। तभी गांधी नगर के पास उसके किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल अवस्था में राहगीरों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

छात्र की बाइक की चपेट में आकर छह वर्षीय बच्चा घायल

बाजपुर। परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की बाइक की चपेट में आकर छह वर्षीय मासूम घायल हो गया। एक विद्यालय के कुछ छात्र तीन-चार बाइकों पर परीक्षा देकर लौट रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच बेरिया रोड पर लेवड़ा नदी के नजदीक इंदिरा कालोनी निवासी छह वर्षीय देव पुत्र नीरज एक छात्र की बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में छात्रों ने सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इस घटना के बाद वहां पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने छात्रों के साथ तीखी कहासुनी कर दी। इसी बीच उनमें बात बढ़ी तो हाथापाई होने लगी और जमकर मारपीट हुई जिससे वहां अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

प्रदर्शन नगर निगम गेट पर प्रदर्शन कर जताया रोष, मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

नाली निर्माण नहीं होने पर भड़कीं महिलाएं

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : नाली निर्माण नहीं होने पर फाजलपुर महरौला की महिलाएं भड़क गई और नगर निगम परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान नाराज महिलाओं ने उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी को ज्ञापन देकर जल्द निर्माण कराने की मांग की। उन्होंने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

सोमवार को नगर निगम पहुंची फाजलपुर महरौला की महिलाओं ने कहा कि क्षेत्र में नाली निर्माण नहीं होने से घरों के आगे जलभराव की समस्या पैदा हो गयी है। दूषित पानी लोगों के घरों में आ जाता है। इससे संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायत करने के बाद भी उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

रुद्रपुर नगर निगम परिसर में प्रदर्शन करतीं फाजलपुर महरौला की महिलाएं। ● अमृत विचार

उन्होंने उप नगर आयुक्त को जल्द उनकी समस्या का निराकरण करने की मांग की। इस अवसर पर रीना सिंह, मीनू सिंह, सुमन देवी, रेखा, रुक्मणी, राज कुमारी, शिशुपाल, लेखराज, नेहा, प्रीता सिंह, नरेंद्र, श्याम, राज कोली, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

धमकी देकर किया नाबालिग से दुष्कर्म

काशीपुर। शादी समारोह में आये युवक ने नाबालिग की आपत्तिजनक फोटो खींच ली और उसको वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया।

क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी 12 वर्षीय बेटी की जान पहचान शादी समारोह में बाजपुर के युवक से हुई थी। आरोप है कि युवक ने उनकी बेटी को फोन पर बात कर बहला लिया व आपत्तिजनक फोटो प्राप्त कर ली, जिसके बाद 12 फरवरी को आरोपी ने वायरल करने की धमकी देकर उनकी बेटी को घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म कर उसकी भी वीडियो बना ली। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना आईटीआई प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि मामले में पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है।

चार सड़कों का निर्माण कार्य शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: वार्ड नंबर 12 शास्त्री कॉलोनी और दुर्गा कॉलोनी में नगर निगम की ओर से स्वीकृत चार सड़कों के निर्माण का निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने वार्ड के लोगों के साथ नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराने पर निवर्तमान मेयर का स्वागत किया।

सोमवार को सड़क का निर्माण कार्य शुभारंभ के अवसर पर निवर्तमान मेयर ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराये जा रहे हैं। पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने जनता की हर उम्मीद पर खरा उतरने की कोशिश की है। उनके कार्यकाल में स्वीकृत कई निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है। आचार संहिता लागू होने से पहले कई नये काम शुरू करा दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा आज धरातल पर नजर आ रहा है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में रुद्रपुर नगर निगम ने विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। विकास का यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि भुवन गुप्ता, डॉ. राकेश सिंह, विधान राय, सचिन बत्रा, मुकेश चौहान, विजय, कल्लू, सोमपाल, मदन कुमार, समर, अमर सिंह, सुधींद्र समेत कई लोग मौजूद थे।

रुद्रपुर में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह।

एक नजर

डिग्री कॉलेज के रसायन विभाग की प्रयोगात्मक परीक्षा 15 और 16 को

काशीपुर। राधे हरि डिग्री कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के एमएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा 15 और 16 मार्च को प्रात: आयोजित की जाएगी। प्राचार्य वीपी अग्रवाल, रसायन विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. केसी जोशी व आंतरिक परीक्षक डॉ. प्रणवीर प्रताप ने बताया कि परीक्षा में सभी छात्र-छात्राएं एमएससी द्वितीय सेमेस्टर अंक तालिका, महाविद्यालय आईकार्ड एवं अन्य सामान के साथ प्रयोगशाला में निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित हों। अनुपस्थिति की दिशा में छात्र की स्वयं जिम्मेदारी होगी। वहीं अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं, जिससे कि उन्हें संपूर्ण जानकारी मिल सके और उन्हें प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

57 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया

बाजपुर। अवैध शराब की रोकथाम और बिक्री करने वालों के विरुद्ध अभियान के तहत सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने कार्रवाई की। वार्ड नंबर-एक मोहल्ला शिवनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी सनी पुत्र पवन कुमार को 57 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। बता दें कि नशे के अवैध कारोबार पर रोकथाम के लिए पुलिस उच्च अधिकारियों के निर्देश पर समय समय पर जांच अभियान चलाती रहती है। जिससे कि नशे से युवा पीढ़ी को बचाया जा सके और आरोपियों को जेल भेजा जा सके।

साप्ताहिक हाट से कपड़ा बाजार अलग करने पर भी नहीं मिली जाम से मुक्ति

बाजपुर के मुख्यमार्ग पर आड़े-तिरछे खड़े वाहन भी कर रहे हैं यातायात को बाधित

जाम का झाम

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : स्थानीय प्रशासन की ओर से आमजन को जाम से मुक्ति दिलाने व यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए समय-समय पर चलने वाला अभियान अभी तक सफल नहीं हो पाया है। इसका कारण मुख्यमार्ग किनारे आड़े-तिरछे खड़े होने वाले चारपहिया वाहन हैं जिसके चलते दिनभर जाम की स्थिति बनी रही, जिससे लोगों को फजीहत का सामना करना पड़ा।

बाजपुर में मुख्यमार्ग पर वैसे तो प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है, लेकिन सोमवार को साप्ताहिक हाट बाजार के दिन स्थिति बद से बदतर हो जाती है जिसके चलते मुख्यमार्ग पर हल्द्वानी बस अड्डा के नजदीक साप्ताहिक हाट बाजार में लगने वाले कपड़ा मार्केट को डीएवी स्कूल के पास शिफ्ट कर दिया गया था जिसके चलते मुख्यमार्ग व बेरिया रोड इत्यादि पर पुलिस फड़ लगने नहीं देती है, बावजूद इसके जाम की समस्या में कोई सुधार नहीं हुआ है। सोमवार को भी मुख्यमार्ग पर ई-रिक्शाओं के साथ ही दो व चार पहिया वाहन आड़े-तिरछे खड़े होने से दिन में कई बार जाम लगा, यहां तक कि राहगीरों का चलना भी मुश्किल हो गया। बताते चलें कि मुख्यमार्ग पर भगत सिंह चौक से लेकर बेरिया मोड़, तहसील के सामने तक का क्षेत्र नो-पार्किंग जोन घोषित है, यहां तक कि फलों के ठेले इत्यादि भी इस क्षेत्र में नहीं लगने हैं, मगर सबसे अधिक ई-रिक्शा, टेंपू व अन्य वाहनों की पार्किंग इसी क्षेत्र में की जा रही है।

बाजपुर में सोमवार को मुख्यमार्ग पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए चलाया अभियान

बाजपुर। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर सक्रिय हुई सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए प्रदेश के बार्डर क्षेत्र में सघन वाहन अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 9 वाहनों का चालान किया गया तथा रेट्रो साइलेंसर लगी एक बुलेट बाइक सीज की गई है। इस बाइक से शहरवासी खासे परेशान थे, क्योंकि बाइक सवार द्वारा पिछले कुछ समय से नगरीय क्षेत्र में बुलेट बाइक से पटाखे जैसी तेज आवाज निकाली जा रही थी। इसके अलावा पांच लोगों को संदिग्ध मानते हुए उनके पुलिस एक्ट में चालान किए गए हैं।

दोहरे हत्याकांड में फरार चल रहा चौथा आरोपी भी दबोचा

काशीपुर। आईटीआई थाना क्षेत्र में मामूली बहस पर हुई चाकूबाजी में दोहरे हत्याकांड के फरार आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आईटीआई थाना क्षेत्र के चैती तिराहा के पास बीती 28 फरवरी की देर शाम मामूली बहस के दौरान हुई चाकूबाजी की घटना में आकाश सैनी पुत्र महेश सैनी निवासी कुमाऊं कॉलोनी कुंडेश्वरी की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि उसका साथी अजय कश्यप निवासी विशालनगर कॉलोनी जसपुर खुर्द लहूलुहान हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में 29 फरवरी के देर रात मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक अजय कश्यप के भाई चमन सैनी की तहरीर के आधार पर कार्तिक शर्मा, गर्व मेहरा, दीपक कुमार उर्फ हुड्डा व विवेक कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। बीती 3 मार्च को एसएसपी ने घटनाक्रम का खुलासा करते हुए तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए थे। जबकि उनका एक साथी कार्तिक शर्मा निवासी ग्राम ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी फरार था। आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने सोमवार को बताया कि फरार हत्यारोपी कार्तिक शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सार-संक्षेप

आयकर विभाग के संवाद कार्यक्रम की बैठक में मौजूद आयकर अधिकारी व अन्य।

अग्रिम कर जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया

काशीपुर। बाजपुर रोड स्थित एक होटल में आयकर आयुक्त राधेश्याम (आईआरएस) की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका संचालन आयकर अधिकारी राहुल ने किया। कार्यक्रम में आयकरदाताओं को अग्रिम कर जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही बताया गया कि कर जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2024 है। इस दौरान आयकर रिटर्न भरने और उनके संशोधन में पोर्टल पर आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों का निवारण किया गया। कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स, चार्टेर्ड एकाउंटेंट, एसोसिएशन एवं टैक्स बार काशीपुर, रामनगर एवं बाजपुर समेत गणमान्य व्यापारी वर्ग द्वारा प्रतिभाग किया गया। टैक्स बार एसोसिएशन काशीपुर की ओर से अध्यक्ष संजीव शर्मा, प्रशांत वर्मा, मयंक गुप्ता, मुकेश सक्सेना, अपूर्व सक्सेना, विवेक जैन, अश्वनी सैनी, त्रिलोक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

खटीमा के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित छात्राएं।

बालिकाओं को दिए लक्ष्य प्राप्ति के टिप्स

खटीमा। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत बालिका मार्गदर्शन एवं निर्देशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अमन मंडल की ओर से बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास एवं आत्म मूल्यांकन पर जोर दिया गया। प्रवीन अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को उसी विषय का चयन करना चाहिए जिसमें उनकी अधिक रुचि हो। प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे ने वर्तमान में चल रहे प्रोफेशनल बिलीव, साइबर सिक्योरिटी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, साइंटिस्ट आदि विषयों के चुनाव के लिए बच्चों का मार्गदर्शन किया। संचालन अनिल कुमार राठौर ने किया। इस अवसर पर हौसला प्रसाद, योगेंद्र सिंह, पूजा भट्ट, राजेश, महेश, लता आदि उपस्थित रहे।

कवियों ने अपनी प्रस्तुति से मोहा मन

काशीपुर। साहित्य दर्पण की मासिक काव्य संध्या का आयोजन वीके मिश्रा के निवास स्टेडियम रोड पर किया गया। काव्य संध्या की अध्यक्षता डॉ. सुरेंद्र शर्मा मधुर व संचालन ओम शरण आर्य चंचल ने किया। साथ ही इस मौके पर कैलाश चंद्र यादव की ओर से रचित गीत संग्रह तेरे अल्फाज को नगमों का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शेष कुमार सितारा ने मधुर स्वर में किया। कवियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ रचना प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कवि जितेंद्र कुमार कटियार, कवि डॉ. सुरेंद्र शर्मा, कवि कैलाश चंद्र यादव, कवि मुनेश कुमार शर्मा, कवि डॉ. यशपाल रावत, कवि ओम शरण, कवि कुमार विवेक मानस, कवि प्रतोष मिश्रा, कवि गंगाराम विमल, कवि शेष कुमार, कवित्री अंशिका जैन, कवि वीके मिश्रा, सत्यपाल शर्मा आकाश, सुभाष चंद्र त्यागी, शायर इरफान हमीद, शायर इकबाल अदीब आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। काव्य संध्या में शैलेंद्र मिश्रा एडवोकेट, कृपाल सिंह बिष्ट, अनुज जैन, अजय कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

किच्छा में किसानों को जानकारी देते अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया।

एक आंख वाले गन्ने की बुवाई के बारे में बताया

किच्छा। किसानों को गन्ने की फसल बुवाई के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया टीम के साथ निकटवर्ती ग्राम गिद्धपुरी पहुंचे। उन्होंने किसानों से मुलाकात कर गन्ना बुवाई को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वर्तमान में बसंत कालीन गन्ना बुवाई के अंतर्गत ग्राम गिद्धपुरी में किसान नरेंद्र कुमार के खेत में गन्ना बुवाई के बीच पहुंचे अधिशासी निदेशक ने किसानों को एक आंख के गन्ने की बुवाई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किच्छा चीनी मिल द्वारा अपने यातायात व्यय पर लखनऊ से इस गन्ना बीज को मंगवाकर किसानों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिशासी निदेशक मर्तोलिया ने बताया कि जिन गन्ना प्रजातियों का बीज कम मात्रा में उपलब्ध हो पाया है, उस गन्ने के बीज का एक आंख टुकड़ा काट कर बोया जाना चाहिए, ताकि कम बीज में अतिरिक्त क्षेत्रफल गन्ने की बुवाई हो सके। अधिशासी निदेशक द्वारा किए गए प्रयास की तमाम किसानों ने सराहना की।

बाजपुर में एसडीएम व तहसीलदार से मुलाकात करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला

बाजपुर। ग्राम जगतपुर, गुलजारपुर राज कालोनी में निवासरत ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत हो चुके हैं। इसके बाद भी उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आवास के लिए स्वीकृत भूमि के पट्टों को लेकर ग्रामीण सोमवार को भाजपा नेता राजेश कुमार की अगुवाई में एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी एवं तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट से मिले और पट्टे दिलाने की मांग की गई जिसमें इन अधिकारियों ने मामले की जांच कर नियमानुसार समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुलविंदर सिंह किंदा, ग्राम प्रधान रिंकू सिंह, लीलाधर, वीरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, जोगिंदर सिंह, वेदराम, गुरुचरण सिंह, सोनू, अनिल कुमार, गुरमीत सिंह, राजेश कुमार, मुन्नू सिंह, सुनील कुमार, रूबी देवी, मिला चंद सैनी, राकेश कुमार आदि ग्रामीण मौजूद थे।

मुख्यमंत्री धामी आज करेंगे कुंडा मार्ग का शिलान्यास

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: सीएम ने बाजपुर आगवन से पूर्व सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र की हाथी कुंडा मार्ग को स्वीकृत कर शासनादेश जारी कर दिया है। भाजपा नेता राजेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा उपरोक्त मार्ग के निर्माण के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी व रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट अनेक वार मांग की थी जिसमें संयुक्त सचिव द्वारा जीओं जारी कर शासन की ओर से उपरोक्त मार्ग हेतु तीन करोड 63 लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है मुख्यमंत्री मंगलवार को उपरोक्त मार्ग का शिलान्यास करेंगे।

संयुक्त सचिव, उत्तराखण्ड शासन श्याम सिंहद्वारा जारी फाईल संख्या-

मिलेगी सौगात

- **सीएम ने बाजपुर आगमन से पूर्व मार्ग को स्वीकृत कर शासनादेश जारी कर दिया**

65779 के तहत लोक निर्माण विभाग प्रमुख अभियन्ता को जारी आदेश में वित्तीय वर्ष 2023-24 राज्य योजना के अन्तर्गत बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में बाजपुर कोसी बंधा मार्ग से जगन्नाथपुर कोसीफार्म मार्ग लिंक मोटर मार्ग का पुनः निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य करने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें मोटर मार्ग की कुल लम्बाई 2.260 किमी एवं लागत तीन करोड इक्यावन लाख तेरेसठ हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है।

यूपी की तर्ज पर नलकूपों का बिल माफ हो

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: किसानों के ट्यूबवेल के बिजली बिल माफ करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से किसानों के बिल माफ किए गए हैं उसी तरह उत्तराखंड में भी किया जाए।

सोमवार को कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह एमएम नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि उत्तराखंड प्रदेश के किसान बार बार प्राकृतिक आपदा से प्रभावित होते आ रहे हैं। ऐसी ही स्थिति उत्तर प्रदेश के किसानों की भी हो रही थी। इस बात को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के नलकूपों के बिलों को माफ करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने कहा उत्तराखंड सरकार किसानों की हालत को देखते हुए नलकूप बिजली बिल माफ करें। उन्होंने कहा अगर किसानों के बिल माफ नहीं किए गए तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह विर्क, अजय गाबा, शराफत अली मंसूरी, शराफत अली मंसूरी, मिक्की भगत, हिकमत अली, जसवंत सिंह, हरभजन सिंह सैनी, किशन लाल गाबा, सोमल सिंह राजेश बाबा थे।

गदरपुर तहसील में नायब तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

नैनीताल और रुद्रपुर विजयी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय ड्रॉप रो बाल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। डीएसबी कैंपस नैनीताल, एमबीपीजी कालेज हल्द्वानी, राधे हरि पीजी कॉलेज काशीपुर, राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर, एवं राजकीय महाविद्यालय रामनगर सहित कुल पांच टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

प्रथम दिवस महिला प्रतियोगिता का मैच डीएसबी कैंपस नैनीताल एवं राधे हरि पीजी कॉलेज काशीपुर के मध्य खेला गया। नैनीताल ने काशीपुर को पहले सेट में 11-5 व दूसरे सेट में 11-6 से पराजित किया। दूसरा मैच राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर एवं एमबी पीजी कॉलेज हल्द्वानी के मध्य खेला गया। जिसमें रुद्रपुर ने हल्द्वानी को 11-5 व 11-6 से पराजित किया।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि राधे हरि पीजी कॉलेज काशीपुर के प्रचार्या प्रोफेसर वीके अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि कुमाऊं विवि के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा एवं चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्या डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य अग्रवाल ने खिलाड़ियों से खेल भावना का परिचय देने को कहा। मौके पर उत्तराखंड ड्राप रो बॉल एसोसिएशन के सचिव राजेन्द्र सिंह भाकुनी, निदेशक केवल कुमार, प्राचार्य यूजी डॉ. निमिषा अग्रवाल, आयोजक सचिव पवन कुमार बख्शी सहित समस्त फैकल्टी व स्टाफ मौजूद रहे।

ड्रॉप रो बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

नामधारी को बनाया संपर्क वोटर प्रमुख

बाजपुर। राष्ट्रीय सिख संगत के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह नामधारी को भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति (लोकसभा नैनीताल) के लिए सामाजिक संपर्क वोटर प्रमुख बनाया। उन्होंने पार्टी की ओर से मिले दायित्व को पूरी निष्ठा व लगन के साथ निभाने की बात कही है। बधाई देने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलकिशोर भट्ट, युवा भाजपा नेता गौरव शर्मा, अनिल शर्मा, राजेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, जगपाल सिंह, लाडी नामधारी, बबलू नामधारी, धर्म सिंह, संजय नागर, बिट्टू चौहान, रंजीत सिंह सहोता, तलविंदर सिंह, अरुण पंत आदि शामिल रहे।

सफाई और दस्तावेजों का अवलोकन किया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कोतवाली रुद्रपुर का वार्षिक निरीक्षण करते हुए कार्यालय की साफ-सफाई के अलावा जरूरी दस्तावेजों का अवलोकन किया। उन्होंने अधीनस्थों को रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के साथ ही वाहनों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त होने पर चालक को पुरस्कृत भी किया।

सोमवार को निरीक्षण के दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कत्याल के साथ कोतवाली पहुंचे और पत्रावलियों व अभिलेखों का रखरखाव, सरकारी संपत्ति, साफ-सफाई आदि का गहनता पूर्वक भौतिक निरीक्षण किया और कुछ खामियां पाने पर अधीनस्थों को दुरूस्त करने का आदेश दिया। इस दौरान एसएसपी ने कर्मचारियों की बैरक व मैस, मनोरंजन कक्ष, व्यायामशाला, पुलिस कैंटीन, स्टोर रूम, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्द, आदेश कक्ष का मुआयना किया।

इस अवसर पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, सीओ सदर निहारिका तोमर, प्रतिसार निरीक्षक मनीष शर्मा, कोतवाल धीरेंद्र कुमार, एसएसआई केसी आर्या, एसएसआई कमाल हसन आदि मौजूद रहे।

एसएसपी का निरीक्षण

- **कोतवाली में पत्रावलियां एवं अभिलेख देखकर अधीनस्थों को दिए आवश्यक आदेश**

खटीमा में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

आश्वासन मिलने पर ग्रामीणों का धरना स्थगित

खटीमा। चकरपुर बाया बिचपुरी, बगियाघाट मार्ग निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर पूर्व में घोषित रिंग रोड के मानकों के अनुरूप बनाए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने इस आशय का ज्ञापन भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी को सौंपा। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि छेत्र की 20 ग्रामसभाओं को नेशनल हाइवे 125 से जोड़ने वाला चकरपुर बगियाघाट मार्ग पूर्व में ही रिंग रोड के अंतर्गत प्रस्तावित है। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 2022 को खटीमा में जनसभा में इसकी घोषणा की थी। जोशी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वह रिंग रोड निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे और शीघ्र सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने शुरू किया जाने वाला धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मदन सिंह राणा, पूर्व प्रधान भगवान जोशी, गोपाल चंद, उमेद सिंह, पुष्कर सिंह खाती, उमेद चंद, जगदीश चंद, प्रेमा देवी, ज्योति पोखरिया, मनोज चंद, भरत चंद, रंजीत सिंह पोखरिया, गणेश दत्त चौसाली, कल्याण सिंह रुमाल आदि मौजूद थे।

रेहड़ी वालों को सौगात | केंद्र सरकार ने रेहड़ी व पटरी वालों की आर्थिक सहायता के लिए योजना की शुरुआत की थी

पीएम स्वनिधि योजना ने बदल दी जिंदगी

मोहम्मद अर्शी, काशीपुर

अमृत विचार : कोरोना काल में केंद्र सरकार ने शहरों में सड़क किनारे रेहड़ी व पटरी लगाने वाले लाखों लोगों को आर्थिक सहायता देने के लिए पीएम स्वनिधि योजना की शुरुआत की थी। इस माइक्रो क्रेडिट स्कीम से छोटे कारोबारियों को फायदा हुआ। काशीपुर नगर निगम भी इस योजना के अंर्तगत अबतक 2627 लोगों को ऋण दिलाने में मदद कर चुका है। साथ ही अपने कुल लक्ष्या का 79.83 प्रतिशत हासिल कर चुका है।

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा 2020 में शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना में 50,000 रुपये तक सब्सिडी सहित लोन मिलता है। इस योजना को नगर निगम काशीपुर में भी प्रोत्सहित किया गया और क्षेत्र में रेहड़ी व ठेला लगाने वालों को इस लोन का लाभ दिया गया। नगर निगम में पंजीकृत रेहड़ी व ठेला व्यवसायियों को पहले योजना के लिए आवेदन करना होता है। योजना के तहत निगम को 2390 का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें से निगम सत्यापन के बाद कुल 2627 आवेदकों के आवेदन संबंधित बैंक को भेज चुका है। जिसमें से कुल 572 अधूरा पता, जानकारी व लोन नहीं लेने के कारण निरस्त हो चुके हैं। वहीं 108 आवेदन बैंक में लोन के लिए सिर्फ किसी कारणवश पेंडिंग रह गये हैं। इस योजना के अंर्तगत निगम अपने लक्ष्य का कुल 79.83 प्रतिशत प्राप्त कर चुका है। शेष भी जल्द ही प्राप्त करने की उम्मीद है।

ये है पीएम स्वनिधि योजना

कोरोना काल में शुरू हुई पीएम स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी लगाने वाले छोटे कारोबारियों के लिए शुरू की गई थी। इस योजना के तहत सरकार 3 अलग-अलग किस्तों में रेहड़ी-पटरी लगाने वालों को 10,000 रुपये से 50,000 रुपये तक का लोन वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने के लिए देती है। इस योजना में पात्र लोग पहली बार में 10,000 रुपये तक का लोन ले सकते हैं। इसे 12 महीने की अवधि के दौरान वापस करना होता है। इसके बाद 20,000 रुपये तक का और फिर तीसरी बार में 50,000 रुपये तक का लोन ले सकते हैं।

> पीएम स्वनिधि योजना यह लघु कारोबारियों के लिए वरदान का काम कर रही है। इस योजना के तहत फरवरी तक निगम ने कुल 79 .83 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। वही 2627 लोगों के आवेदन भी बैंक में लोन के लिए निगम से भेजे गये हैं। वर्तमान में भी लोग इस योजना के लिए आवेदन कर रहे हैं।
>
> **-मोहम्मद जफर**, मिशन मैनेजर, नगर निगम, काशीपुर

एक नजर

सैलून संचालक से 10 हजार रुपये ठगे

गरमपानी : खैरना बाजार क्षेत्र में सैलून संचालक को साइबर अपराधियों ने झांसे में ले लिया। परिचित के अस्पताल में भर्ती होने का हवाला दे पचास हजार रुपये भेजने का भरोसा दिलाया और फिर दस हजार रुपये ठग लिए। सैलून संचालक ने पुलिस को सूचना दे कार्रवाई की मांग उठाई है। पुलिस प्रशासन साइबर अपराध को लेकर लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरुक कर रही है बावजूद लोग साइबर अपराधियों के झांसे में आ रहे हैं। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर खैरना बाजार क्षेत्र में सैलून संचालक मेहंदी हसन को फोन पर बात करने वाले युवक ने खुद को खैरना का निवासी बता किसी परिचित के बिमारी होने का हवाला दिया। जान पहचान होने पर दूसरी ओर से बात कर रहे युवक ने मेहंदी से पचास हजार रुपये भेजने को कहा। बताया की वह पचास हजार रुपये भेज रहा है। जिसे उन्हें दूसरे नंबर पर भेजने को कहा। कुछ देर में मेंहदी के फोन पर पचास रुपये और फिर 49950 रुपये का मैसेज आया। दोबारा फोन कर युवक ने दस दस हजार रुपये करके भेजने को कहा। मेहंदी ने जैसे ही पैसे भेजे तो उसके खाते से दस हजार रुपये कट गए। पैसे कटने पर वह सख्ते मे आ गया। दोबारा फोन करने वाले से संपर्क साधने का प्रयास किया तो उसका फोन स्विच ऑफ आया। आसपास के व्यापारियों को मेहंदी ने सारा मामला बताया तो उसे ठगी का अहसास हुआ। मेहंदी ने खैरना पुलिस को मामले की जानकारी दे कार्रवाई की मांग उठाई है।

रंगदारी नहीं देने पर किया परिचालक पर फायर

गजरौला (अमरोहा)अमृत विचार : बस परिचालक से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रंगदारी देने से इनकार करने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से परिचालक पर फायर कर दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव दोताई निवासी जीशान दिल्ली से हरदोई के लिए चलने वाली निजी बस पर परिचालक है। वह दो फरवरी की रात बस दिल्ली से हरदोई लेकर जा रहा था। आरोप है कि गजरौला के पास नेशनल हाईवे पर पहले से खड़े पांच लोगों ने बस रुकवाई और रूट पर बस चलाने की एवज में 25,000 रुपये की रंगदारी मांगी। जीशान ने रुपये देने से इनकार कर दिया।

लोक संस्कृति से रूबरू कराता है रामबाग मेला

प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित छह दिवसीय मेले के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने पूजा कर जलाभिषेक किया

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में आयोजित छह दिवसीय मेले के चौथे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने पूजा कर जलाभिषेक किया। बुक्सा जनजाति कल्याण समिति अध्यक्ष बाबू सिंह तोमर ने कहा तराई में बुक्सा जनजाति का प्राचीन शिव मंदिर रामबाग समुदाय की धरोहर है। उन्होंने कहा कि रामबाग का ऐतिहासिक मेला बुक्साड़ की लोक संस्कृति के संजीव दर्शन करता है। उन्होंने कहा मेले की व्यवस्था में सभी वर्गों के आस्था से जुड़े लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

सोमवार को प्रातः मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने पूजा- अर्चना की। उसके बाद मेले में आए श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

मेला प्रबंधक राकेश सिंह व नित्यानंद मंडल ने मेले में आए अतिथियों व श्रद्धालुओ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मेले की व्यवस्था में सहयोग देने की अपील की। मेला चौकी प्रभारी एसआई नवीन चंद्र सुयाल ने मेले में बाइकों से हुड़दंग कर रहे 10 युवाओं का चालान किया। मेले की व्यवस्था में मेला प्रबंधक राकेश सिंह व नित्यानंद मंडल, मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया, पुजारन मंतो देवी, खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, चंदननगर प्रधान विकास सरकार, किशोर मलिक, सोमल सिंह, फूल सिंह, भगत सिंह, विजय सिंह, कर्म सिंह, भूपेंद्र सिंह, कुंवर सिंह, विभूति सरकार, पुजारी किशोर सिंह आदि थे।

दिनेशपुर के प्राचीन शिव मंदिर में लगे रामबाग मेले में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

खटीमा के चकरपुर में शिवरात्रि मेले में खरीदारी करतीं महिलाएं।

महाशिवरात्रि मेले में लोगों ने की जमकर खरीदारी

खटीमा। महाशिवरात्रि के अवसर पर चकरपुर के वनखंडी महादेव मंदिर परिसर में 10 दिन तक लगने वाले मेले के चौथे दिन भारी संख्या में पहुंचे मेलार्थियों ने मंदिर में पूजा के बाद मेले में जमकर खरीदारी की। बच्चों ने मनोरंजन के साधनों का भरपूर उपयोग किया। वनखंडी महादेव मंदिर परिसर में लगने वाले मेले के चौथे दिन जहां पड़ोसी देश नेपाल के लोग मेले में पहुंचे वहीं आसपास के गांव के लोगों ने भी मेले में पहुंचकर पूजा अर्चना और जमकर खरीदारी की क्षेत्र थारू बाहुल्य क्षेत्र होने के चलते या मेला इस मेले में थारू जनजाति के लोग बहुतायत की संख्या में पूछते हैं व्हाट्सएप पूरी हाथ लगने वाले मेले में थारू समाज के लोग बैलगाड़ी पर मेल करने आते और कई दिनों तक मेले में ही रहकर मेले का आनंद उठाते थे। मेले में बच्चों ने मिक्की माउस, झूले, जादू के कमाल सहित विभिन्न मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया। मेले में चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी की देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, हिमांशु बिष्ट, सुरेश चंद, सुधीर वर्मा, जीवन पोखरिया, मनोहर सिंह, कमान सिंह जीना, संदीप राणा, किशन चंद आदि मौजूद थे

शिविर में 251 लोगों ने किया रक्तदान

आईजीएल में लगे शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : इण्डिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड, काशीपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 251 अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिलाओं ने स्वेच्छा से रक्त दान किया।

आईजीएल के संस्थापक स्व. एमएल भरतिया की पुण्यतिथि के अवसर पर आईजीएल के क्लब में आयोजित शिविर का शुभारंभ अधिशासी निदेशक आलोक सिंघल एवं मुख्य अतिथि प्रो. कुणाल के. गांगुली, डीन डेवलपमेंट, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) द्वारा किया गया। कार्यकम में एलडी भट्ट चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. खेमपाल एवं आईजीएल के प्रमुख (एचआर) राजेश कुमार सिंह, डॉ. गौरव मुन्द्रा, डॉ. सिद्धार्थ, आरके शर्मा आदि उपस्थित रहे।

कारतूस प्रकरण के दोषी को किया माफिया घोषित

हसनपुर (अमरोहा) अमृत विचार : पुलिस ने अवैध रूप से कारतूस की बिक्री, परिवहन, भंडारण व खपत आदि में लिप्त अपराधी को चिह्नित करते हुए उसे कारतूस माफिया घोषित किया है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि प्रतीक सक्सेना निवासी मोहल्ला कायस्थान शातिर किस्म का अपराधी है।

घर में मिली शराब की खेप, तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी : भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा ने सुभाष नगर स्थित एक घर में छापा मारा। जहां से पुलिस को तीन पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब तस्कर गुरप्रीत सिंह उर्फ मोंटी पुत्र अमरीक सिंह निवासी सुभाष नगर को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। देवेंद्र राणा ने बताया कि तस्कर काफी लंबे समय से शराब तस्करी का धंधा कर रहा था।

वार्षिक परीक्षाओं की समय सारिणी में संशोधन

हल्द्वानी : नए शैक्षिक सत्र में कक्षा 3-8 तक वार्षिक परीक्षाओं की समय सारणी में संशोधन किया गया है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस संबधं में बीते 5 मार्च को होली के बीच परीक्षाएं होने के कारण समय सारणी में संशोधन का अनुरोध किया था। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक आरके उनियाल ने संशोधन का आदेश जारी किया है।

भोजनमाताओं को मिलेगा मानदेय व प्रोत्साहन भत्ता

हल्द्वानी : हल्द्वानी ब्लॉक में मिड डे मील के लिए बजट मंजूर हो चुका है। बजट मंजूर होने से भोजनमाताओं को चार माह का मानदेय, प्रोत्साहन भत्ता, आकस्मिक व्यय और वर्दी भत्ता मिलेगा। हल्द्वानी ब्लॉक के 200 से अधिक स्कूलों के लिए मध्याह्न भोजन योजना संचालित होती है जिसके लिए धनराशि जारी कर दी गई है।

तकनीकी फील्ड कर्मचारी संगठन ने जताया आभार

हल्द्वानी : पेयजल तकनीकी फील्ड कर्मचारी संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष कुशल सिंह रावत ने बताया कि बीते 4 मार्च को जल संस्थान बोर्ड की बैठक में पेयजल सचिव से कार्मिकों व संगठन की मांग के अनुरूप पेयजल विभाग का राजकीयकरण प्रक्रिया तक वेतन, भत्ते और पेंशन ट्रेजरी के माध्यम से समिति गठित करने को लेकर संगठन ने इसका समर्थन किया करते हुए आभार जताया है।

भुजान से खैरना बाजार के बीच दुर्घटना का ग्राफ बढ़ा

संवाददाता, गरमपानी

- दो लोग गंवा चुके जान बावजूद नहीं टूट रही अफसरों की नींद
- सुरक्षित यातायात के ठोस उपाय न होने से हो रही दुर्घटनाएं

अमृत विचार : महत्वपूर्ण खैरना रानीखेत स्टेट हाइवे पर भुजान से खैरना बाजार के बीच दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ता ही जा रहा है। बावजूद स्टेट हाइवे की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों की कुंभकरणीय नींद नहीं टूट रही। अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर व्यापारियों व पंचायत प्रतिनिधियों ने गहरा रोष व्यक्त कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किए जाने आरोप लगाया है।

स्टेट हाइवे पर खैरना मुख्य बाजार से भुजान तक लगभग दो किमी का सफर बेहद ख़तरनाक हो चुका है। बदहाल हाइवे पर एक के बाद एक दुर्घटनाएं सामने आ रही है। बीते शनिवार को भी जिस जगह से ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ वहां पर भी पैराफिट न होना दर्दनाक हादसे का कारण बना। जिसमें ईडा बाराखाम निवासी युवक की जान चले गई।

जबकि बीते महीने हुई दुर्घटना में भी एक व्यक्ति जान गंवा चुका है। वहीं आए दिन दुर्घटना का जोखिम बना रहता है। व्यापारी नेता विरेन्द्र सिंह बिष्ट ने आरोप लगाया की लंबे समय से भुजान व खैरना के बीच स्टेट हाइवे पर पैराफिट निर्माण की मांग उठाई जा रही ही है बावजूद अधिकारियों की नींद नहीं टूट रही। अधिकारियों के लापरवाह रवैये का खामियाजा लोगों को जान देकर भुगतना पड़ रहा है।

दलिप सिंह बोहरा, कुलदीप सिंह खनायत, आंनद सिंह नेगी, मनीष तिवारी, फिरोज अहमद, गजेन्द्र सिंह, मनोज नैनवाल, हीरा सिंह बिष्ट, मदन सिंह खनायत आदि ने स्टेट हाइवे पर खतरनाक स्थिति पर पहुंच चुके डेढ़ किमी दायरे में सुरक्षित यातायात को ठोस उपाय किए जाने की मांग उठाई है। दो टूक चेतावनी दी है की यदि अनदेखी की गई तो आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

कपिलेश्वर मंदिर मार्ग पर शहीद द्वार का उद्घाटन

संवाददाता, गरमपानी

- आसपास के गांवों से पहुंचे ग्रामीणों को बांटी गई सामग्री
- विधायक ने गिनाई केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां

अमृत विचार : रामगढ़ ब्लॉक के मोना गांव में लगे शिविर में श्रमिकों को कंबल व छाता वितरित की गई। सुप्रसिद्ध कपिलेश्वर मंदिर को जाने वाले मार्ग पर शहीद सोहन सिंह के नाम से बने द्वार का शुभारंभ विधायक सरिता आर्या ने किया। क्षेत्रवासियों की समस्या सुन समाधान का भरोसा दिलाया।

मोना गांव स्थित लोनिवि मैदान पर भवन सन्ननिर्माण कर्मकार योजना के तहत श्रम विभाग के तत्वाधान में लगे विशेष शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने किया। विधायक ने केंद्र व राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से पहुंचे सत्तर से अधिक लोगों को छाता, कंबल वितरित किए गए। विधायक ने श्रम विभाग के अधिकारियों को श्रम कार्ड रिन्यूअल को जल्द शिविर लगाए जाने के निर्देश दिए ताकी लाभार्थियों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिल सके। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य भावना कपिल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मला जीना, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलिप सिंह बोहरा, राकेश कपिल, रमेश सुयाल, भीम सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह चिलवाल, आंनद सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

युवाओं को नशे की जद में आने से बचाया जाएगा

- नशे के कारोबार को जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान
- यातायात व शांति व्यवस्था बनाए रखने को उठाए जाएंगे ठोस कदम

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : रामगढ़ चौकी में हुई बैठक में तमाम बिंदु पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस ने लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने, नवयुवकों को नशे से बचाने तथा आगामी लोकसभा चुनावों में शांति व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया। चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

बाद में आइटीबीपी व पुलिस ने बाजार क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। चौकी परिसर में पंचायत प्रतिनिधियों, व्यापारियों व पुलिस की संयुक्त बैठक हुई। चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था चाक चौबंद करने को ठोस उपाय किए जाने का भरोसा दिलाया। चौकी प्रभारी ने कहा की नशे पर सख्ती से अंकुश लगाने को छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। नवयुवकों को नशे की चपेट में आने से बचाने को जागरुकता अभियान चलाने तथा नशे के सफाए को मिलजुल कर कार्य करने का आह्वान किया। साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए। पुलिस, गौरा शक्ति, ट्रैफिक आई एप समेत कई हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। किराएदारों व कर्मचारियों के शत प्रतिशत सत्यापन की अपील की। इस दौरान पुनीत जोशी, भानु प्रताप सिंह, नवाब हुसैन, प्रशांत साह, अजय कुमार पांडे, मुदित जोशी, अभय पांडे, अभिषेक जोशी, हरगोविंद पांडे, नरेश मेहरा, पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

अपनी आय की सही जानकारी देना हम सबकी है जिम्मेदारी

आयकर कार्यालय में अग्रिम आयकर विषय पर आयोजित गोष्ठी में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददता, रुद्रपुर

अमृत विचार : कारोबारियों सहित सरकारी सेवा कर्मचारियों को आयकर जमा करवाने के मकसद से आयकर कार्यालय में अग्रिम आयकर विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में कारोबारी, सीए और अधिवक्ता शामिल रहे।

जिसका शुभारभ प्रधान आयकर आयुक्त बरेली के राधे श्याम द्वारा किया गया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता राधे श्याम ने कहा कि अपनी आय की जानकारी का सही ब्यौरा देना हर कारोबारी और सरकारी सेवा कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। यही वजह है कि केंद्र सरकार समय समय पर आयकर को लेकर अपनी गाइडलाइन जारी करती है।

इसी मकसद के साथ अग्रिम आयकर गोष्ठी का आयोजन किया गया है, ताकि समय रहते विभागीय कर्मचारी 15 मार्च तक आयकर संबंधी कारवाई पूरी कर सकें। बताया कि अग्रिम आयकर जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। अग्रिम आयकर जमा करने में असफल होने पर 1% प्रतिमाह की दर से ब्याज का भुगतान करना होता है। इस मौके पर पुष्पेंद्र सिंह, अपर आयकर आयुक्त, परिक्षेत्र-1, हल्द्वानी सुनील कुमार मिश्र के अलावा आयकर अधिकारी, करदाता अशोक बसंल, रमेश मिड्डा, सुबोध अग्रवाल, चाटर्ड एकांउटेंट गौतम कथूरिया, अशोक सिंघल, अंकुल मित्तल, जयप्रकाश अग्रवाल, अभिषेक बाठ्ला व बार एशोसिएशन से भूपेश दुमका आदि उपस्थित रहे।

छात्रा के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

अमरोहा, अमृत विचार : ढाई महीने पहले छात्रा का अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने छात्रा को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस अब मेडिकल के बाद कोर्ट में छात्रा के बयान दर्ज कराएगी।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेगम सराय का है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति की 16 वर्षीया बेटी कक्षा 11 की छात्रा है। एक जनवरी को वह कॉलेज जाने की बात कह कर घर से निकली थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर उन्होंने शहर के ही मोहल्ला अहमद नगर निवासी सागर शर्मा के खिलाफ बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। तभी से पुलिस छात्रा की बरामदगी और आरोपी की तलाश में थी।

उमरुखुर्द कंजाबाग में खुला पिकेट सेंटर

खटीमा के उमरुखुर्द कंजाबाग में पुलिस पिकेट सेंटर का शुभारंभ करतीं शांति पांडे।

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : पुलिस प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने के तहत ग्राम सभा उमरुखुर्द कंजाबाग में पुलिस के पिकेट सेंटर का शुभारंभ किया। सोमवार को पिकेट सेंटर का शुभारंभ सिद्धेश्वर शिव मंदिर कीर्तन मंडली अध्यक्ष शांति पांडेय ने फीता काटकर किया। उमरुखुर्द कंजाबाग में छेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार और युवाओं में नशे की लत लगने को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस चौकी खोलने की मांग की गई, जिसको लेकर कोतवाली प्रभारी प्रकाश दानू ने यहां पिकेट सेंटर खुलवाया। एसएसआई अशोक कुमार, निवर्तमान मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, पूर्व सभासद गोकुल ओली, ग्राम प्रधान मुकेश राणा, बीडीसी विनोद जोशी, गणेश चंद रजवार आदि थे।

खिलवाड़ चार वर्षों से जान जोखिम में डालकर आवाजाही को मजबूर हैं पर्यटक और स्थानीय यात्री

हाईवे पर 700 मीटर की आवाजाही खतरनाक

- एनएच प्रशासन पर लगाया जनहित से खिलवाड़ का आरोप
- करोड़ों के मिले बजट में कार्य प्रस्तावित ना होने पर लोगों में नाराजगी

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर अतिसंवेदनशील लोहाली क्षेत्र में करीब सात सौ मीटर दायरे में हालात सुधरने के नाम नहीं ले रहे हैं। बदहाल हाइवे पर यात्री जान जोखिम में डाल आवाजाही को मजबूर हो चुके हैं।

हाइवे की मरम्मत को मिले बजट में भी सात सौ मीटर दायरे में कोई कार्य प्रस्तावित न होने से लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। एनएच के सहायक अभियंता जीके पांडे के अनुसार लोहाली के लिए करीब चालीस करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार कर मंत्रालय को भेजी गई है। स्वीकृत मिलते ही कार्य शुरु कर दिया जाएगा।

कुमाऊं के महत्वपूर्ण हाइवे की हालत दयनीय बनी हुई है। सड़क व भूतल मंत्रालय से हाइवे की मरम्मत व डामरीकरण को लगभग 39 करोड़ रुपये अवमुक्त हो चुके हैं बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। सबसे ज्यादा विकट हालात लोहाली क्षेत्र में बने हुए हैं। जहां हाइवे का सात सौ मीटर हिस्सा खस्ताहाल है तो वहीं दरकती पहाड़ी खतरे का सबब बनी हुई है। ये हालत चार वर्ष पूर्व आई आपदा के बाद से ही नहीं सुधर सके हैं। यात्री व पर्यटक जान जोखिम में डाल आवाजाही को मजबूर हो चुके हैं। खस्ताहाल सड़क के कारण कई वाहनों में तकनीकी खराबी भी आ जा रही है। सड़क व भूतल मंत्रालय से बजट के बाद हालत में सुधार की उम्मीद जगी थी पर अब वो भी धूमिल हो चुकी है। वर्तमान में मिले बजट से लोहाली पर सात सौ मीटर हिस्से में एक भी कार्य प्रस्तावित नहीं है। यहां के लिए अलग से करीब चालीस करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार कर मंत्रालय को भेजी गई है। जिसकी लिए बजट की स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है। लोहाली क्षेत्र में वर्तमान में कोई भी बजट उपलब्ध न होने से क्षेत्रवासियों ने गहरी नाराजगी जताई है। महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह बिष्ट, मनोज नैनवाल, हीरा सिंह बिष्ट, कुलदीप सिंह आदि ने आरोप लगाया है की खस्ताहाल हाइवे संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली उजागर कर रहा है। लोगों ने सुगम आवाजाही को फिलहाल सात सौ मीटर दायरे में डामरीकरण किए जाने की मांग उठाई है। इधर एनएच के सहायक अभियंता जीके पांडे के अनुसार लगभग 40 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद लोहाली क्षेत्र में पहाड़ी व नदी क्षेत्र की ओर सुरक्षा के कार्य शुरू कराए जाएंगे।

बाइक और एक लाख नहीं मिलने पर दिया तलाक

गजरौला (अमरोहा)अमृत विचार : दहेज में बाइक व एक लाख रुपये नहीं मिलने पर महिला को तीन तलाक दे दिया। उसके साथ मारपीट भी की। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के पपसरा खादर गांव निवासी युवती का निकाह करीब दो वर्ष पहले गौतमबुद्धनगर जनपद के दादरी की बाबू नगर कालोनी निवासी युवक से हुआ था। आरोप है कि निकाह के कुछ माह बाद ही ससुराल वालों ने दहेज में बाइक तथा एक लाख रुपये की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। दस अप्रैल 2023 को ससुराल वालों ने पीटकर उसे घर से निकाल दिया।

उचित स्थान चिह्नित कर ट्रंचिंग ग्राउंड का किया जाए निर्माण

संवाददाता, गरमपानी

- पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने उठाई पुरजोर मांग
- हाइवे पर स्थित बाजार क्षेत्रों में बिगड़ती व्यवस्था पर जताई नाराजगी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर ट्रंचिंग ग्रांउड निर्माण की मांग जोर पकड़ने लगी है।

गंदगी निस्तारण न होने से बाजार क्षेत्रों में व्यवस्था बिगड़ने लगी है। पर्यटकों व यात्रियों के न रुकने से पर्यटन व्यवसाय भी प्रभावित होता जा रहा है।

पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने टंचिग ग्रांउड निर्माण की पुरजोर मांग उठाई है ताकी समस्या का स्थाई समाधान हो सके। हाइवे पर स्थित गरमपानी, खैरना, छड़ा, जौरासी, नावली, काकड़ीघाट, सुयालखेत, सुयालबाड़ी आदि बाजार क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण एक बड़ी समस्या बन चुका है। समय पर कूड़ा निस्तारण न होने से बाजार क्षेत्रों में गंदगी का अंबार लग जा रहा है। गंदगी होने से हाइवे पर आवाजाही करने वाले यात्री व पर्यटकों ने भी बाजार क्षेत्रों में रुकना छोड़ दिया है। पर्यटकों व यात्रियों के मुंह मोड़ लेने से स्थानीय व्यापारियों का व्यवसाय भी चौपट हो चुका है। वहीं संक्रामक बिमारियों के फैलने का खतरा भी बना रहता है। हालांकि बाजार क्षेत्रों से जिला पंचायत के वाहन से कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था है पर दिनों दिनों तक वाहन के न आने से व्यवस्था बिगड़ जा रही है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुबेर सिंह जीना, विरेन्द्र सिंह बिष्ट, मनीष तिवारी, गजेन्द्र सिंह नेगी, गोविन्द सिंह, विरेन्द्र मेहरा, महेंद्र सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह बिष्ट आदि ने बाजार क्षेत्रों के कूड़ा निस्तारण को उचित स्थान चिन्हित कर ट्रंचिंग ग्राउंड निर्माण की मांग उठाई है ताकि बाजार क्षेत्रों का कूड़ा आसानी से निस्तारण किया जा सके। व्यापारियों ने समस्या का जल्द समाधान किए जाने पर जोर दिया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति में मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह नीचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

संपादकीय

चीन की परेशानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन की आपत्ति उसकी चिंता को दर्शाती है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि जंगनान (अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्र चीनी क्षेत्र है। चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी और वह इसका दृढ़ता से विरोध करता है। हमारी गंभीर चिंताओं के बावजूद, एक भारतीय नेता विवादित क्षेत्र में गए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद पर तनाव बढ़ना तय है। उम्मीद है कि भारतीय पक्ष सीमा क्षेत्र पर समस्याएं पैदा नहीं करेगा। दरअसल चीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अरुणाचल प्रदेश यात्रा से गहराई से परेशान है। सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है। प्रधानमंत्री ने बीते शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की। यह सुरंग सामरिक महत्व रखने वाले तवांग तक हर मौसम में सड़क संपर्क मुहैया करेगी और इससे सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की सुगमता से आवाजाही सुनिश्चित होने की भी उम्मीद है। तवांग तिब्बती बौद्ध का एक प्रमुख केंद्र है। अरुणाचल के ऊपरी हिस्से में ऐसी कई जनजातियां हैं जिनका तिब्बत की जनता से सांस्कृतिक रिश्ता रहा है। मोनपा कबीला तिब्बती बौद्ध धर्म की मान्यताओं पर चलता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, चीन को डर है कि इन नस्लीय कबीलों की अरुणाचल में मौजूदगी तिब्बत की आजादी के आंदोलन को तेज कर सकती है और चीन के लिए ये सबसे बड़ा खतरा बन सकती है। तवांग पर चीन की रुचि की एक वजह सामरिक है। ये जगह भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में प्रवेश का रास्ता है। तिब्बत-ब्रह्मपुत्र वैली कॉरिडोर में ये एक महत्वपूर्ण बिंदु है।

चीन अपने रुख को जाहिर करने के लिए भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर हमेशा आपत्ति जताता रहा है। भारत ने चीन से निपटने के लिए दोतरफा नीति अपनाई है। इस नीति के तहत एक ओर भारत चीन के साथ आर्थिक संबंधों को बनाए रखने और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कूटनीतिक सहयोग को बढ़ाने के लिए ब्रिक्स, एससीओ तथा रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय जैसे मंचों से लगातार जुड़ा हुआ है। इसके अलावा भारत ने अपनी सैन्य और निवारक क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को नीति के दूसरे पक्ष के रूप में कायम रखा है। वैसे भी चीन अरुणाचल प्रदेश पर अक्सर गलत बयानी करता रहा है। वह अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताता है। इसका भारत ने हमेशा कठोरता से विरोध दर्ज कराया है।

समस्त विकृतियों का कारण तत्वः अहंकार और ममता

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जनता का इतिहास केवल द्वंद्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है। समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव जातियों की एकता।

आप वैज्ञानिक समाजवाद की बात करते हैं या व्यक्तिवाद और पूंजीवाद या बाजारवाद की, आप लोकतंत्र की बात करते हैं या तानाशाही की, आप भ्रष्टाचार की बात करते हैं या आतंकवाद की। यह निश्चित ही है कि उन समस्त विकृतियों का कारण तत्व मनुष्य का अपना ही अहंकार है, ममता है जिसके कारण समाज में अन्याय और अत्याचार, विषमता और भेदभाव होता है। संतों ने ऋषियों ने, कवियों ने, मनीषियों और चिंतकों ने अहंकार और ममता के खोल से बाहर आकर इस कारण तत्व को पहचाना था।

बहुत से पढ़े लिखे लोग हैं, जो प्रायः भारत के सामान्य लोगों पर टीका टिप्पणी करते ही रहते हैं कि ये अंधविश्वासी हल, ये रूढ़िवादी हैं, ये सामंतवादी हैं, ये जातिवर्णवादी हैं, ये पुराणवादी हैं। ये लोकतंत्र के योग्य नहीं हैं, ये असभ्य हैं और न जाने क्या-क्या! हमारे गौरांग प्रभु भी किसी जमाने में ऐसी ही टीका करते रहते थे। एक जमाना था, जब संसार में मनुष्य का वर्गीकरण प्रजाति के आधार पर होता था। नेतृत्वशास्त्री मानव शरीर के विभिन्न अवयवों खोपड़ी-नाक, जबड़े, लंबें-ठिगने, काले-गोरे के भेद करते हुए उनका वर्गीकरण करते थे। हिटलर ने तो कह दिया था कि छोटी खोपड़ी वाले लोग पूरे आदमी नहीं हैं और वे शासित होने के लिए ही पैदा हुए हैं। लाखों लोगों को मृत्यु के मुंह में धकेलने के पीछे यही तर्क था। भारत को उपनिवेश बनाए रखने में गौरांगप्रभु इसी तर्क का आयुध लेकर खड़े थे कि हम इनको सभ्य बना रहे हैं, लेकिन मानवशास्त्री जैसे-जैसे मनुष्य के अध्ययन की दिशा में आगे बढ़े, लोक विज्ञान की शाखाओं का विस्तार हुआ।

जेम्स फ्रेजर, वेस्टर मार्क और दूसरे दूसरे मनीषियों ने विभिन्न देशों में मनुष्य व्यवहार का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। उन्होंने प्रत्यक्ष प्रमाण देकर जो स्थापना कीं, वे सर्वमान्य हुईं और कहा कि आखिरकार मनुष्य एक ही प्रजाति है। उनकी स्थापना थी कि मनुष्य चित्त सर्वत्र एक है। इसके आगे मनोविज्ञान बढ़ा उसने इस तथ्य की पुष्टि के साथ मन की गतियों का भी विवेचन किया। यह बात जरूर है कि परिवेश भिन्न होगा तब मन की गति भी भिन्न होगी। इन्होंने और आगे बढ़कर समष्टि मन का भी सिद्धांत दिया। सच्चाई यह कि विश्व के अन्य देशों की तरह भारत का मनुष्य भी मनुष्य ही है, जो प्राकृतिक, राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक परिवेश है, वह अवश्य भिन्न है। हम अपने समष्टिजीवन को नहीं देख रहे, विकसित देशों को देख रहे हैं जिनके पास प्राकृतिक संपदा और भूमि अधिक है और जनसंख्या बहुत कम। इसलिए यह बात बिल्कुल मिथ्या है कि वे कुछ अधिक मनुष्य हैं और भारतीय कुछ कम मनुष्य हैं, फिर भी यदि कोई ऐसा मानता है तो यह उसकी शिक्षा-दीक्षा का दोष है।

> मनुष्य को प्रकृति ने पांच अद्भुत उपहार दिए हैं, जो अन्य किसी प्राणी को नहीं मिल सके। मनुष्य सीधे तनकर खड़ा हो सकता है। जमीन पर सीधा लेट सकता है। मनुष्य के हाथों में पकड़ने, स्वतंत्रता से घुमाने की क्षमता है। मनुष्य के पास तीक्ष्ण और केन्द्रित की जाने वाली नजर है। मनुष्य के पास तर्क करने या कारण कार्य संबंध को खोजने वाला मस्तिष्क है। मनुष्य के पास वाणी, अभिव्यक्ति और चिंतन के बिंबों की योग्यता है, स्वर है। संस्कृति और विज्ञान का विकास इन उपहारों का ही प्रसाद है। मनुष्य जब सीधा लेटता है, तब आसमान उसकी नजर में होता है। अनंत आकाश! अनंत की कल्पना उसका सहज स्वभाव है।

जनता का इतिहास केवल द्वंद्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है। समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। एक साथ जिंदा रहना और इतिहास के उतार-चढ़ाव में समान अनुभूतियों से गुजरना। हितों का संघर्ष बार-बार हुआ है, बार-बार होता रहेगा, किंतु समायोजन संघर्ष से बड़ा सत्य है। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर, पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, वह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोक जीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके, सामंजस्य-भाव को खोज सके, समष्टि चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती? क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन, समष्टिजन, सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते?

जनता के मुद्दे अलग होते हैं, सत्ता के मुद्दे अलग होते हैं। वे परस्पर विरोधी भी होते हैं। घोड़ा घास की कैसी यारी? जनता की एकता को खंडित करने के लिए सत्ता दूसरे मुद्दों को खड़ा करती है। इसके लिए मिथ्या सिद्धांतों के स्टेच्यू खड़े किए जाते हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे अदालत में अपराधी का वकील तर्क से भ्रमित करने का प्रयास करता है। ठीक उसी प्रकार जैसे बहुत सी कंपनियां ग्राहकों को भ्रमित करती हैं और ढाई सौ रुपये में बढ़िया मोबाइल बांटती हैं या ठीक उसी प्रकार जैसे वे सिद्ध लोग हैं-कोटि-कोटि प्रणाम बाबा और कृपा आनी शुरू कर देते हैं, उसी प्रकार के मिथ्या सिद्धांत सामान्यजन के बीच भ्रमित करने का काम करते हैं। ये भ्रम बहुत समय तक बने रहते हैं। इस समय चारों ओर भ्रम के धुएं का अंधकार है, मिथ्यासिद्धांतों के स्टेच्यू खड़े किए जा चुके हैं। धुएं के किले। धुआं का धौरहर। अहंकार का आवेश होता है, मद होता है तब मनुष्य समझने लगता है कि मैं ही कर्ता और भोक्ता हूं। मैं ही ईश्वर हूं। अहं का देहेन्द्रिय तक सीमित रहने वाला यह रूप कितना मिथ्या है? क्षुद्र अहं! लेकिन अहं का एक रूप वह भी है, जब सीमा टूट जाती हैं, अहं पिघल जाता है और विराट बन जाता है। बिंदु में सिंधु समान को कासों अचरज कहे? फूटा कुंभ जल जलहि समाना। अद्वैतभाव!

आस्तिकता और नास्तिकता का सवाल आज का नहीं है, हजारों हजारों साल पुराना है। आस्तिकता और नास्तिकता दो जीवन शैलियों के नाम हैं। मैं अपने को आस्तिक कहूं या नास्तिक जो भी कहूं इससे क्या अंतर पड़ता है? असली बात आचरण-व्यवहार की है, समष्टिहित की है। यदि मेरा आचरण-व्यवहार स्वार्थमय है, यदि मन में वही मोह-छोह और क्षुद्रवासनाएं हैं तो इससे अंतर ही क्या पड़ता है कि मैं अपने को आस्तिक कहता हूं अथवा नास्तिक कहता हूं? यह प्रश्न निरर्थक है कि आप ईश्वर को मानते हैं या नहीं मानते हैं। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आप समष्टि के लिए जी रहे हैं या अपने स्वार्थ के लिए ही सब कुछ किया है? आपने समष्टिहित की जिम्मेदारी के पद पर आकर भी अपने स्वार्थ की साधना ही की है या समष्टिहित का साधन किया है? आपने रोटी अकेले ही खाई है या दूसरों को बांट करके खाई है? यही धर्म है और विज्ञान भी यही है।

मनुष्य को प्रकृति ने पांच अद्भुत उपहार दिए हैं, जो अन्य किसी प्राणी को नहीं मिल सके। मनुष्य सीधे तन कर खड़ा हो सकता है। जमीन पर सीधा लेट सकता है। मनुष्य के हाथों में पकड़ने, स्वतंत्रता से घुमाने की क्षमता है। मनुष्य के पास तीक्ष्ण और केन्द्रित की जाने वाली नजर है। मनुष्य के पास तर्क करने या कारण कार्य संबंध को खोजने वाला मस्तिष्क है। मनुष्य के पास वाणी, अभिव्यक्ति और चिन्तन के विंबों की योग्यता है, स्वर है। संस्कृति और विज्ञान का विकास इन उपहारों का ही प्रसाद है। मनुष्य जब सीधा लेटता है, तब आसमान उसकी नजर में होता है। अनंत आकाश! अनन्त की कल्पना उसका सहज स्वभाव है।

प्रसंगवश

चुनाव आयुक्त का इस्तीफा

चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2027 तक था और बीच की अवधि में ही वे मुख्य चुनाव आयुक्त भी हो जाते। इतने बड़े आकर्षण को त्यागना आज के भौतिकता प्रधान युग में जितना विरल है, उतना ही चकित करने वाला भी।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ऐसे में बुद्धिजीवी और कलम के योद्धा टूट पड़े इसके निहितार्थ निकालने में। अब सामने जो वजह बताई गई है कि वैयक्तिक कारणों से ऐसा किया, तो यह तो औपचारिक मात्र है। असलियत कुछ और है और वह कुछ समय बाद ही साफ हो पाएगी। प्रथम सोच यह उभर रही है कि ये तो सत्तादल भाजपा की च्वाइस थे। केंद्र के भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव थे। अल्प समय सेवा निवृत्ति का बाकी था कि स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ले ली। आनन-फानन में वह तो मंजूर हुआ ही, अगले ही दिन चुनाव आयुक्त भी बना दिए गए।

लंबे अंतराल से खाली पड़े पद पर इतनी जल्दी यह नियुक्ति हुई थी कि सुप्रीम कोर्ट तक ने तल्ख टिप्पणी की थी। अब जब यह निश्चित रूप से भाजपा के 'आदमी' थे तो कहीं ऐसा तो नहीं कि आसन्न लोकसभाई चुनावों में यह दल जैसी मनमानी चाह रहा हो, वैसी करने के लिए इनकी अंतरात्मा न गंवारा कर रही हो। अतः त्यागपत्र दे दिया। हालांकि इस समय मोदी-शाह की शक्तिशाली धुरी से पंगा लेने का साहस बड़ों-बड़ों में नहीं दिख रहा, तब एक नौकरशाह की क्या बिसात!

दूसरी ओर मस्तिष्क इस दिशा में भी जा रहा है कि भाजपा के लिए अब तक पर्याप्त लाभ पहुंचा चुके हों, उसका प्रतिफल देय हो, जो कहीं से टिकट या अन्य लाभ का पैकेज देकर अदा किया जाना हो। रही बात इनके द्वारा रिक्त किए गए पद की पूर्ति की तो उसमें भाजपा अपना आदमी दो चार दिन में बिठा ही देगी, नियम ही ऐसे हैं। एक तीसरी सोच यह भी है जिसकी उम्मीद कम ही है कि विपक्ष से कोई आफर हो। ये पंजाब से हैं और वहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। भाजपा की पोजीशन पतली है। कांग्रेस व 'आप' मिलकर किसी गेम के तहत इन्हें फोड़ रहे हों। चंडीगढ़ मेयर का चुनाव दोनों मिलकर लड़े और जीत चुके हैं। खैर! यह दिमागी कसरत किंवा वाणी का विलास चंदरोज का ही है।

मायावती का अकेले चुनाव लड़ना

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा न बनना कई प्रश्न खड़े करता है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोस चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था।

प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है?

मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था, लेकिन सपा की सहायता से शून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समाप्त कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही ये कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है, लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। एक वो समय था जब बसपा चुनाव से काफी समय पहले ही उम्मीदवार घोषित कर देती थी। सबसे पहले संभवतः बसपा ने ही चुनाव से महीनों पहले उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए थे।

पिछले एक दशक में मायावती के कई भरोसेमंद सिपहसालार दूसरी पार्टियों में शामिल होते चले गए। बीते चुनाव में जीते10 सांसद भी नई सियासी संभावनाएं तलाश रहे हैं। इसमें अंबेडकर नगर से सांसद रितेश पांडे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। उन्हें बीजेपी ने टिकट भी दे दिया है। वहीं गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को सपा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं, अमरोहा से दानिश अली अब कांग्रेस के खेमे में हैं। जौनपुर से सांसद श्याम सिंह यादव भी कांग्रेस की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। बिजनौर से सांसद मलूक नागर, लालगंज लोकसभा सीट से सांसद संगीता आजाद के भी पाला बदलने के कयास लगाए जा रहे हैं। यूपी समेत देश के अन्य राज्यों में बीएसपी का सियासी ग्राफ चुनाव दर चुनाव गिरता ही जा रहा है। पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों में आकाश आनंद छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में पार्टी का चुनावी अभियान संभाल रहे थे, जहां पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में काफी खराब प्रदर्शन किया है। राजस्थान छोड़कर किसी भी राज्य में बसपा का खाता तक नहीं खुला और वोट फीसदी में भी गिरावट आई। बसपा अब उत्तर प्रदेश और बाहर के राज्यों में हर जगह कमजोर दिखाई दे रही है।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में पार्टी संगठन लचर हाल में है। पार्टी अपने कोर दलित वोटरों को भी एकजुट करने में सफल नहीं हो पाई है। सत्ता से बाहर होने के बाद मायावती से दलितों का मोहभंग लगातार होता जा रहा है। वास्तव में कांशीराम ने बसपा का जो सियासी समीकरण बनाया था, वो गड़बड़ा चुका था और दलितों के बीच चंद्रशेखर आजाद नई लीडरशिप के रूप में खुद को खड़े कर रहे हैं। इस तरह से बीएसपी सियासी चक्रव्यूह में घिरी हुई है, जहां एक तरफ बीजेपी गैर-जाटव वोटों को अपने पाले में ले चुकी है तो जाटव वोट को चंद्रशेखर अपने साथ जोड़ने में लगे हैं। दलित राजनीति का चेहरा माने जाने वाली मायावती की चमक अब पहले जैसी नहीं रही है।

चुनाव सिर पर हैं, बावजूद इसके बसपा के खेमे में कोई खास हलचल दिखाई नहीं देती। मायावती और बसपा के नेता ने अभी तक कोई चुनावी रैली भी नहीं की है। 2024 के आम चुनाव में बसपा का वोट प्रतिशत और सांसदों की संख्या नहीं बढ़ती है तो पार्टी के लिए सियासी राह मुश्किल हो जाएगी। 2014 में अकेले लड़ने का खामियाजा बसपा भुगत चुकी है। सही मायनो में बसपा के लिए चुनाव का रास्ता मुश्किलों से भरा है। उत्तर प्रदेश की सत्ता पर चार बार काबिज होने वाली मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय उनके लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

सोशल फोरम

वास्तविक जनसेवक

प्रत्याशी या पार्टी? कौन वरेण्य? मोदी मंत्र ने राजनीति के इस अजमंजस को दूर कर दिया। मोदी ने भाजपा की ऐसी प्राण प्रतिष्ठा की कि विगत के दोनों सामान्य निर्वाचनों में कितने ही अनसुने, ऐरा गैरा नत्थू खैरा चुनावी वैतरणी पार कर गए। मोदी नाम केवलम्। कमोबेश यही ट्रेंड आसन्न सामान्य लोकसभा निर्वाचन में भी चलेगा।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि भारत निर्वाचन आयोग अपनी ओर से कोई कसर छोड़ नहीं रहा है कि चुनावी मैदान में उतरने वाला प्रत्याशी सही मायने में जन प्रतिनिधित्व के योग्य हों, साफ स्वच्छ छवि का हो। इसलिए प्रत्याशी की ओर से इस तरह का एक विस्तृत ब्यौरा नामांकन करते वक्त अनिवार्य कर दिया गया है जिसमें उसकी संपत्ति के लेखे जोखे के साथ उसके आपराधिक अतीत का भी स्पष्ट विवरण हो। जनता को यह जानने का पूरा हक है कि जिसे वह चुनने जा रहा है वह समग्रता में कैसा हो।

मगर मोदी मैजिक के चलते भाजपा का टिकट मिल जाना जीत की गारंटी मान लिया गया है। कैंडीडेट कैसा हो कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। चाहे वह थोपा हुआ आसमानी कैंडीडेट हो या फिर जनता के बीच कभी भी गया तक न हो। उसकी लोकगम्यता शून्य हो। यह विचारणीय है कि क्या यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित है?

मैंने इस मुद्दे पर काफी सोचा विचारा है और मेरा तो निष्कर्ष यही है कि किसी भी पार्टी की लहर के बजाय एक प्रबुद्ध मतदाता को सही प्रत्याशी का चयन करना चाहिए। यदि प्रत्याशी ठीक नहीं है, आरोपित है तो केवल इसलिए कि वह अमुक पार्टी का है, आंख मूद कर मतदान नहीं करना चाहिए। आखिर विवेक नाम की भी कोई चीज होती है। अंधी भीड़ का लोकतंत्र हमें शनैः शनैः अंधकार की ओर ही ले जाएगा।

एक सही प्रत्याशी, आपका अपना प्रतिनिधि हमेशा आपके सानिध्य में रहेगा। पार्टी नहीं वास्तविक जनसेवक तो वही है। मुझे लगता है कि भाजपा ने इस बार जहां-जहां भी आसमानी प्रत्याशी उतारे हैं वहां उनकी जीत संदिग्ध रहेगी। भले ही ज्यादातर ऐसे प्रत्याशी विगत लोकसभा चुनावों में विजयी होते रहे हैं। माना कि माहौल राममय भाजपा के पक्ष में है, किंतु मतदान की तारीख आते-आते फिजा बदलेगी। सही प्रत्याशी का चयन ही जीत दिलाएगा।

-फेसबुक वॉल से

धर्म, संस्कृति और समाजशास्त्र की चिंताएं

आज का सामाजिक-राजनीतिक परिवेश इतनी परतों में विभाजित हो गया है कि धर्म और संस्कृति जैसे संवेदनशील विषयों पर कुछ लिखना या कहना किसी जोखिम से कम नहीं लगता। चाहे जितनी युक्तिसंगत सहजता से टिप्पणी की जाए, किसी भी कोने से आवाज उठ सकती है कि उसके जरिए उनकी भावना को ठेस लग गई है। इस ठेस लगने की बुनियाद की परख के लिए कोई कसौटी कभी कहीं नहीं मिलती।



विद्याभूषण
रांची

> आखिर यह संस्कृति क्या बला है! एक ही सांस्कृतिक क्षेत्र में कई अलग-अलग धर्म-संप्रदाय के नागरिक भी मिलजुल कर रह सकते हैं। ऐसे दृष्टांत पूरी दुनिया में सहज सुलभ हैं।

मध्यकाल में कबीर की साखी और उलटबांसियों को रोशनदान का रुतबा बेशक हासिल था। वक्त के मौजूदा सफर में कबीर अगर आज चलते-फिरते दिखाई पड़ते तो किसी चौराहे पर सरे राह लुटे-पिटे भी जरूर नजर आते। याद करें तो पंजाबी कवि अवतार सिंह पाश उग्रवादी हिंसा के शिकार हुए। अभिव्यक्ति की आजादी का कोरस गाते हुए राजनीतिक-सामाजिक विसंगतियों को 'तीसरी आंख' से देखने वाले व्यंग्यकार किट्टू आज की तारीख में सही-सलामत मिल जाते, यह नामुमकिन सी बात है। इसी तरह लगता है कि समाज को बेबाक अंदाज में आईना दिखाने वाले हरिशंकर परसाई इस दौर में अदालत के कटघरे में हाजिरी लगाते हुए या जेल की सलाखों के पीछे मुश्किलों से घिरे हुए होते। पिछले दिनों कवि वरवर राव की दुर्दशा के हम सब गवाह रहे हैं। सच है कि आज सत्ता और खेमों में बंटा हुआ अपना समाज, दोनों नागरिकों की असहमति को दुश्मनी का दर्जा देने में जुटे हैं। ऐसे ही मौसम में कवि मुक्तिबोध की सलाह पर अमल करना जरूरी लगता है, यानी अभिव्यक्ति के खतरे उठाने होंगे।

सबके लिए यह जरूरी नहीं कि मार्क्स की इस तजवीज से सहमत हुआ जाए कि धर्म अफीम है। पूरी दुनिया में सियासी हलचलों का जायजा लिया जाए तो मानना पड़ेगा कि धर्म श्रद्धा-भक्ति और उपासना पद्धतियों का समन्वय है, लेकिन उसके समान्तर वह एक आणविक ऊर्जा भी है, सृजन और संहार दोनों की क्षमता से लैस। कभी वह समुदायों को जोड़ता है तो कहीं समाज को विभाजित भी करता है। रावण और महिषासुर कहीं दंड के पात्र हैं तो कुछ समुदायों के बीच सम्मानीय चरित्र भी हैं। यहां धर्म और धार्मिक रीति-रिवाज यानी कर्मकांड के बीच अगर कोई विभाजक रेखा नहीं खींची जाए तो उसके मूल अर्थ का दिशांतर हो सकता है। धर्म व्यक्ति के मन की आस्था और विश्वास की धरोहर है जबकि धार्मिक विधि-विधान परंपरा का अनुगमन। यह परंपरा समय की सहयात्री है और देशकाल के परिप्रेक्ष्य में अपना आकार-प्रकार बदलती रहती है।

आखिर यह संस्कृति क्या बला है! एक ही सांस्कृतिक क्षेत्र में कई अलग-अलग धर्म-संप्रदाय के नागरिक भी मिलजुल कर रह सकते हैं। ऐसे दृष्टांत पूरी दुनिया में सहज सुलभ हैं। पिछली दो सदियों में संस्कृति के संबंध में कई नई परिभाषाएं और अवधारणाएं विकसित हुई हैं। सबसे क्रांतिकारी अभिमत यह है कि संस्कृति मनुष्य का सृजन है और मनुष्य संस्कृति निर्माता प्राणी है। अपने देश में नीतिशास्त्र की तर्ज का सांस्कृतिक विवेचन अपने किताबी एप्रोच के चलते सामयिक जीवन और समाज से जुड़ नहीं पाया। प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास के जिन मूल्यों को दृष्टांत की तरह प्रस्तुत करते हुए श्रेष्ठ और आदर्श बताया जाता है, उनसे हमारे समाज के एक बेहद छोटे, किंतु विशेषाधिकार प्राप्त सुविधाभोगी वर्ग की अपेक्षाएं तो पूरी हो जाती हैं, लेकिन बहुसंख्यक नागरिकों के सवालों का कोई सटीक जवाब नहीं मिलता है। सच तो यह है कि संस्कृति की चिंता के नुमाइशी तेवर की कलई बार-बार खुल जाती है और उसके पीछे संसाधनों पर वर्चस्व पाने की हठधर्मिता उजागर होती है।

एकेडमिक विमर्श के परिदृश्य पर एक नजर डाल लीजिए तो फिर अलग से बहस करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक तरफ विचार मंचों पर अध्यात्म और निवृत्तिमार्गी भारतीय संस्कृति का अभिनंदन और दूसरी तरफ वास्तविक जीवन में घटिया उपभोक्तावादी तालमेल। सत्ता के गलियारे में चलते हुए मूल्य और आस्था का संकट करने वाली राजनीति की जयकार आज की तारीख में खुली आंख से रोज दिखने वाली चीज है। राष्ट्रीय चरित्र का यह दोहरापन मूल्य और आस्था का संकट तो खड़ा करता ही है, यह सोचने पर मजबूर भी करता है कि आज हम सब सांस कहां ले रहे हैं-परलोकवाद में, लोकवाद में या महज सुविधावाद में?

निस्संदेह अपने महान इतिहास के प्रेरक प्रसंगों को, एक राष्ट्र के रूप में हजारों वर्ष के अनुभवों को, समृद्ध और वैविध्यपूर्ण सांस्कृतिक विरासत को पुरातत्व के संग्रहालय की वस्तु मान लेना नासमझी है। उतनी ही बड़ी नासमझी इस बात में भी है कि हम अपने वर्तमान की तमाम चुनौतियों का हल अतीत के दर्पण में पाने का प्रचार करते रहें। संस्कृति का समाजशास्त्र आज यही संदेश दे रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की तीखी टिप्पणी

जिम कार्बेट पार्क के जंगलों में पेड़ों के कटान और अतिक्रमण कर बनाई जा रही इमारतों पर उच्चतम न्यायालय की तीखी टिप्पणी आई है, जो जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए प्रेरित करेगी। बरेली में पेड़ों की कटान और पर्यावरण को लेकर काम करने वाले डा. प्रदीप जागर ने कुछ वर्ष पूर्व चिपको आंदोलन के नाम से ग्रुप बना कर कुछ कार्यक्रम आयोजित किए। हमने मिनी बाईपास पर बन रहे बस अड्डे पर लगे हजारों पेड़ों के कटान का खासा विरोध किया। यही नहीं शहर में अपेक्षा से काफी कम वृक्षों की संख्या पर चिंता भी दर्शायी थी।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नगर आयुक्त, जिलाधिकारी और मंडलायुक्त तक ज्ञापन देकर उनको चिंता से अवगत भी कराया। किंतु शहर में कोई बड़ा आंदोलन खड़ा न हो सकने से वृक्षों के कटान में कोई कमी नहीं आई विकास की दुहाई देकर जगह-जगह हरे वृक्षों का कटान होते देख जी भर आता था। हाल ही में की गई सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से खुशी मिली है। जस्टिस बीआर गवाई, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र और जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि तत्कालीन वन मंत्री और डीएफओ ने कानून की घोर अवहेलना की है। पीठ ने आगे कहा है कि ये लोग व्यावसायिक उद्देश्यों और पर्यटन को बढ़ावा देने के बहाने बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई में शामिल रहे हैं। पीठ ने यह भी कहा कि वैधानिक प्रावधानों को पूरी तरह ताक पर रख देने और खुद को कानून मान लेना का दुस्साहस आश्चर्य चकित करने वाला है। पीठ ने कहा कि यह मामला राजनेता और नौकरशाहों की मिली भगत का उदाहरण है।

प्रसंगवश बरेली शहर में वृक्षों की कटान होने से वृक्षों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है और हरियाली खत्म होती दिख रही है। क्या हमारे वन मंत्री शहर हित और जन हित में कुछ विचार करेंगे। इत्तेफाक से वन मंत्री हमारे शहर से ही है, जहां वन क्षेत्र केवल .01 प्रतिशत ही है।

ऑल्टो खाई में गिरी, एक की मौत

रविवार की देर रात भनोली के पास हुआ हादसा, चालक समेत एक अन्य गंभीर घायल

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : धौलादेवी विकास खंड के भनोली में एक ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गई। हादसे में एक कार सवार की मौके पर मौत हो गई। जबकि चालक व एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रविवार की देर रात भनोली से पालड़ीगूंठ को जा रही ऑल्टो कार संख्या डीएल-9सीजी-4580 पशु चिकित्सा केंद्र भनोली के पास अचानक अनियंत्रित होकर करीब पचास मीटर गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों को हादसे का पता चला तो उन्होंने तुरंत भनोली कस्बे के लोगों, राजस्व विभाग और इमरजेंसी सेवा 108 को जानकारी दी। सूचना पर राजस्व निरीक्षक दीपक वर्मा टीम के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। हादसे में कार सवार जगदीश राम (62) पुत्र अनी राम निवासी चमतोला पपोली की मौके पर मौत हो गई। जबकि कार चालक हरीश सिंह नैलवाल (42) पुत्र बची सिंह और बची सिंह (46) पुत्र जमन सिंह निवासी ग्राम पालड़ीगूंठ धौलादेवी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इमरजेंसी सेवा 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलादेवी ले जाया गया।

चिकित्सकों के मुताबिक दोनों की हालत स्थित है। सोमवार की सुबह मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अल्मोड़ा भेज दिया गया। बताया जाता है कि कार चालक हरीश सिंह मृतक जगदीश राम को उसके घर छोड़ने जा रहा था। अकेला होने के कारण उसने बची सिंह को भी अपने साथ ले लिया। लेकिन थोड़ी दूर जाकर ही यह हादसा हो गया। इस घटना से मृतक जगदीश राम के परिजनों में कोहराम मचा है।

भनोली के पास दुर्घटनाग्रस्त ऑल्टो कार। ● अमृत विचार

दो बाइक सवार घायल

लोहाघाट/टनकपुर : लोहाघाट और टनकपुर में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो बाइक सवार युवक घायल हो गए। जिसमें से एक की हालत नाजुक बनी हुई है। चंपावत-लोहाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग में मानेश्वर के पास सोमवार को एक टिप्पर और बुलेट की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार राजेन्द्र घायल हो गए। सिंचाई विभाग में कार्यरत राजेंद्र अपनी बुलेट से लोहाघाट जा रहे थे तभी पिकनिक स्पॉट के पास लोहाघाट से आ रहे टिप्पर ने सामने से टक्कर मार दी। घटना के बाद टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया। इधर, टनकपुर में डिग्री कॉलेज मार्ग पर डंपर की टक्कर से बाइक सवार कार्तिक मराठा (40) पुत्र विजय मराठा निवासी महाराष्ट्र हाल निवासी तुलसीराम चौराहा टनकपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

समस्याओं के निस्तारण में नहीं छोड़ेंगे कोर कसर

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को दूर करने और गांवों में बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जायेगा। अगर फिर भी समाधान नहीं हुआ तो सरकार के खिलाफ संघर्ष की रणनीति बनाई जाएगी।

यह बात अल्मोड़ा के विधायक मनोज तिवारी ने हवालबाग विकास खंड के रौनडाल में चौपाल के दौरान ग्रामीणों से कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा की जनता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुनकर सदन में भेजा है। इसलिए यह उनकी जिम्मेदारी है कि वह सभी वर्गों की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्राथमिकता से कार्य करें। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने, जल जीवन मिशन में अनियमितता बरते जाने, मार्गों के सुधारीकरण, मंदिरों के सौंदर्यीकरण व एएनएम सेंटर खोलने की मांग रखी। जिस पर विधायक तिवारी ने कहा कि खेती को जंगली जानवरों से बचाने के लिए ग्रामीणों को भी आगे आना होगा। कहा कि इस मुद्दे को उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान भी उठाया। सरकार को चाहिए की वह खेती को जंगली जानवरों से बचाने के लिए ठोस नीति बनाए।

उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन व अपने स्तर से ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। चौपाल में कई ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

समस्याएं सुनते विधायक तिवारी।

सार-संक्षेप

प्रो. इला साह को उत्तराखंड गौरव सम्मान

अल्मोड़ा : सोबन सिंह जीना परिसर के समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. इला साह को उत्तराखंड गौरव सम्मान से नवाजा गया है। मोनाल वेलफेयर सोसाइटी ने रुद्रपुर में आयोजित हुए एक कार्यक्रम में दौरान उन्हें यह सम्मान दिया। सोसाइटी ने उत्तराखंड ही नहीं वरन देश में शिक्षा, कला, समाज, संस्कृति क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं 40 महिलाओं को अवार्ड दिया है। मुख्य अतिथि विधानसभा सदस्य रामपुर आकाश सक्सेना, विधायक रुद्रपुर शिव अरोरा और संस्था की निदेशक डॉ. नीता सक्सेना ने प्रो. इला साह को सम्मानित किया। समारोह में डॉ. कुसुम लता, डॉ. ललित चंद्र जोशी व इंद्र मोहन पंत मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

बनबसा : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल बनबसा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी, महामंत्री अभिषेक गोयल, उपाध्यक्ष आशीष गर्ग, कोषाध्यक्ष कमल गुप्ता को शपथ दिलाई। सभी पदाधिकारियों ने व्यापारी हितों के लिए कार्य करने का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सतीश जोशी व संचालन संजय जोशी ने किया। इस मौके पर दीपक रजवार, प्रमोद गोयल, शंकर लाल वर्मा, ललित वर्मा, चंद्रशेखर भट्ट, सीओ शिवराज सिंह राणा, थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

भाजपा के चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ

अल्मोड़ा : भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, लोकसभा संयोजक राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा एवं विधानसभा प्रभारी देवेंद्र नयाल ने संयुक्त रुप से किया। टैक्सी स्टैंड के समीप खुले चुनाव कार्यालय से अल्मोड़ा नगर मंडल समेत हवालबाग, अल्मोड़ा ग्रामीण व भैंसियाछाना मंडलों में होने वाली पार्टी की चुनावी गतिविधियां संचालित होंगी। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने चुनाव रथ को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में गोविंद पिलख्वाल, रवि रौतेला, ललित लटवाल, धर्मेंद्र बिष्ट, महेश नयाल, बीना नयाल, राजेंद्र बिष्ट, अजय वर्मा, किरन पंत, शैलेंद्र साह आदि मौजूद रहे।

वनाग्नि सुरक्षा में सहयोग की अपील

रानीखेत : सौनी अनुभाग रानीखेत रेंज वन प्रभाग के कर्मचारियों ने ग्राम गंगोड़ा-रापड़ भिकियासैंण में वन सरपंच और ग्रामीणों के साथ वनाग्नि सुरक्षा को लेकर गोष्ठी की। जिसमें वनाग्नि के कारण व निवारण के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही वनाग्नि सुरक्षा में ग्रामीणों से सहयोग की अपील की गयी। सरपंच दीवान सिंह व आशा देवी ने वनाग्नि सुरक्षा पर विचार रखते हुए ग्रामीणों से वन विभाग को वनाग्नि वर्ष 2024-25 में हरसंभव सहयोग का आह्वान किया। इस मौके पर वन बीट अधिकारी बलवंत भंडारी, कमलेश जोशी, वन दरोगा संजय रावत, लक्ष्मण सिंह, विपिन तोमर आदि मौजूद रहे।

एसएसजे परिसर में तेंदुए का आतंक

अल्मोड़ा : सोबन सिंह जीना परिसर के आसपास पिछले कई दिनों से तेंदुए का आतंक बना हुआ है। तेंदुआ अभी तक कई मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है। जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना है। एसएसजे विवि परिसर नगर की खत्याड़ी ग्राम सभा, विवेकानंद पुरी वार्ड व अन्य अनेक बसासत वाले इलाकों से लगा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिसर को आने जाने वाले मार्ग के बीच झाड़ियों में तेंदुए ने अपना डेरा बना रखा है। शाम ढलते ही वह परिसर और उससे लगे आबादी वाले इलाकों में दिखाई देने लगता है। जिस कारण लोगों में भय बना हुआ है। लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से गश्त बढ़ाने और पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

पशुओं को खुला छोड़ा तो होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : जनपद में पशुओं को आवारा छोड़ने पर डीएम अनुराधा पाल ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने पशुओं को छोड़ने वालों का पता लगाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जनपद में आवारा पशुओं से लोग परेशान हैं। इनकी संख्या बढ़ने से नगर की यातायात व्यवस्था भी बाधित हो रही है। आवारा पशु ग्रामीणों की खेतों में उगाई गई फसल को भी नष्ट कर रहे हैं। लोगों की परेशानी को लेकर हुए डीएम ने सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि गत दिवस गरूड़ में एसडीएम ने आवारा पशु के मालिक का पता लगाकर उस पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की थी। सरकार के निर्देश पर अब प्रशासन पशुओं को आवारा छोड़ने वालों पर कार्रवाई करेगा। डीएम ने इस संबंध में नगर पालिका व जिला पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

रूठे श्याम को मैं होली में मनाय लाउंगी...

होली बैठक

संवाददाता, बैरती

अमृत विचार : होली बैठकों में अब रंग जमने लगा है। निकटवर्ती नट्टागुल्ली में नंदाबल्लभ मैनाली के आवास पुष्प गंगा सदन में आयोजित होली बैठक में देर शाम तक होली कलाकारों ने अपने फन का जादू बिखेरा।

आयोजन में प्रमुख रंगकर्मी ललित त्रिपाठी, भुवन कांडपाल, पंकज पांडेय, नवीन बिष्ट, जगदीश जोशी, नंदाबल्लभ मैनाली, चेतराम कांडपाल, नंदाबल्लभ कांडपाल, कैलाश चंद्र पांडेय (दीप), हरीश चन्द्र पांडेय, कमल सिंह, मदन उपाध्याय, उमेश पांडेय, मनोज उपाध्याय, सतीश जोशी, नरेंद्र तिवारी, आनन्द मैनाली, सरिता मैनाली, वेदिका मैनाली तथा नेहा मैनाली आदि ने शिरकत की।

नट्टागुल्ली होली बैठक में मौजूद रंगकर्मी। ● अमृत विचार

विभिन्न रागों में गायी गई होलियों में बहुत दिनन के रूठे श्याम को मैं होली में मनाय लाउंगी..., गाओ सुहागिन होली..., आओ गोपाल श्रृंगार करूंगी तोरा..., मैं होली खेलने जात वृंदावन... तथा अंखियन पड़त गुलाल... आदि प्रस्तुतियों ने आयोजन में समा बांध दिया। हारमोनियम पर भुवन कांडपाल, पंकज पांडेय, नंदाबल्लभ मैनाली तथा कैलाश चंद्र पांडेय और तबले पर कुशाग्र मैनाली, उमेश चंद्र पांडेय, रवि जोशी, पवन जोशी, दयाकृष्ण नैनवाल, नवीन बिष्ट तथा संदीप मैनाली ने संगत की।

उद्यमिता से भविष्य संवारें युवा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश सरकार उद्यमिता के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। इसलिए युवा शक्ति उद्यमिता से जुड़े कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर उसके बारे में पूरी जानकारी और प्रशिक्षण प्राप्त करें।

यह बात सोबन सिंह जीना विवि के देवभूमि उद्यमिता केंद्र में आयोजित दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप के शुभारंभ के दौरान केंद्र प्रशिक्षक इंजीनियर रवींद्र पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना उत्तराखंड के युवाओं को उद्यमिता अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शेखर चंद्र जोशी ने कहा कि उद्यमिता आज के वक्त की मांग है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि उद्यमिता का विचार सृजनात्मकताऔर सृजनशीलता का उदाहरण है। प्रशिक्षण का लाभ युवाओं को उठाना चाहिए। शिविर के तकनीकी सत्र में अहमदाबाद से आये राहुल वत्स और सौरभ कुमार ने युवाओं को उद्यमिता से जुड़ने के गुर सिखाए। साथ ही नए उद्यमों को लेकर प्रशिक्षण भी दिया। शिविर का शुभारंभ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर समन्वयक डॉ. नंदन बिष्ट, प्रो. प्रवीण सिंह, केंद्र की सदस्य श्रद्धा शर्मा, डॉ. विजेता सत्याल, गिरीश अधिकारी, प्रो. गिरीश चंद्र साह, प्रो. निर्मला पंत, डॉ. देवेंद्र धामी, डॉ. धनी आर्या, डॉ. ममता पंत, डॉ. शालिमा तबस्सुम, डॉ. अरविंद यादव, डॉ. पूरन, नवल जोशी, मोनिका आदि मौजूद रहे।

एसएसजे में आयोजित शिविर को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

अतिक्रमण के खिलाफ व्यापारियों का धरना-प्रदर्शन आज

बागेश्वर : सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ व्यापार मंडल लामबंद हो गया है। जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष कवि जोशी ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी सरकारी भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। जिसके खिलाफ व्यापारी मंगलवार (आज) को गांधी मूर्ति पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने चेताया कि अगर इसके बाद भी कार्यवाही नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

आरएमओसी और कैंट बोर्ड ने चलाया स्वच्छता अभियान

रानीखेत : पर्वतारोहण और आउटडोर क्लब ने सोमवार को कैंट बोर्ड के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें समुदाय के सबसे छोटे सदस्य से लेकर सबसे बुजुर्ग सदस्य तक ने शामिल होकर प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने के लिए हाथ मिलाया। सभी ने कूड़े और मलबे के ढेरों की सफाई की। साथ ही लोगों से भी पर्यावरण को संरक्षित रखने की अपील की। इस दौरान परिधि साह, सीएस जैन, जगदीश पंत, वृंदा पंत, सीएस जैन, वीना जैन, सुमित गोयल सहित कई स्वयंसेवकों मौजूद रहे।

अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में शुरू नहीं हुआ ब्लड बैंक

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक खोले जाने की मांग अब तक अधर में लटकी है। ब्लड बैंक का संचालन न होने के कारण मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती मरीजों के तीमारदारों को खून के लिए जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ रही है। कॉलेज में ब्लड बैंक खोलने की प्रक्रिया फिर ठंडे बस्ते में चली गई है।

मेडिकल कॉलेज में विभिन्न प्रकार के जटिल रोगों के ऑपरेशन के दौरान व हादसों में घायल लोगों के उपचार के लिए अक्सर खून की जरूरत पड़ती है। लेकिन यहां ब्लड बैंक संचालित न होने से मरीजों के तीमारदारों को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पर निर्भर रहना पड़ता है। अगर यहां भी तत्काल खून की व्यवस्था नहीं हो सकी तो मरीजों को हायर सेंटर रेफर करना पड़ता है।

नगर के अनेक संगठन कई बार मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक खोलने की मांग कर चुके हैं। बीती 22 फरवरी को ब्लड बैंक खोलने की संभावना को लेकर ड्रंग कंट्रोल विभाग की टीम ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण भी किया था। जिसमें शामिल सेंट्रल ड्रग स्टेंडर्ड कंट्रोल आर्गेनाइजेशन एम्स ऋषिकेश के डॉ. मनीष कुमार व सीनियर ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट समेत अनेक अधिकारी शामिल रहे।

इस टीम को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर ब्लड बैंक खोले जाने के लिए अपनी रिपोर्ट देनी थी, लेकिन एक पखवाड़े से अधिक समय बीतने के बाद भी इस मामले में कोई प्रगति नहीं हो पाई है। जिस कारण अब भी मरीजों के तीमारदारों को मेडिकल कॉलेज में खून की जरूरत पड़ने पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. सीपी भैंसोड़ा का कहना है कि ब्लड बैंक खोले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्ग पहेली-7

बाएं से दाएं

2.1. कितना 2. जो गुण
3.1. समक्ष, आमने-सामने 2. लंबाई में।
4.1. कलेजे का मांस 2. पशु-पक्षियों के कलेजे का मांस जो खाया जाता है 3. उक्त मांस का बना हुआ सालन।
5.1. आवरण हटाना 2. खोलना 3. नंगा करना, अनावृत करना 4. प्रकट करना 5. भंडा फोड़ना, गुप्त बात खोलना।
6. चाह, इच्छा।
8.1. यौन उत्पीड़न 2. स्त्री या पुरुष के साथ किया जाने वाला यौन संबंधी दुर्व्यवहार।

ऊपर से नीचे

1. मूल विषय, मूल कथ्य।
2. बच्चों या बंदरों आदि का प्रसन्न होने पर ज़ोर-ज़ोर से की-की शब्द करना, किलकारना, किलकारी मारना।
5. सुबह के समय होने वाला गायन, प्रभाती।
7.1. बहुत अधिक परिश्रम करना, आवश्यकता से अधिक परिश्रम करना 2. धनोपार्जन करना।



वर्ग पहेली -6 का हल

1 अ			2 सो	हि	नी
3 शे	ख़ी		ते		
ष			4 जा	दू	टो 5 ना
	6 अ	नं	ग		म
	ति		7 ते	ज़ी	लि
	रे				खा
	8 क	ज	रौ	टा	ई

सुडोकू -86

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		4				2		
1			8		5		3	
	9			3	4			
	2		9			6		
6		3						4
				6	1		2	
			7					6
	4		1		6			
		6				9		

सुडोकू -85 का हल

1	5	9	3	7	4	8	2	6
4	2	8	9	6	5	1	3	7
6	3	7	2	8	1	4	9	5
7	8	3	1	9	6	5	4	2
2	9	4	8	5	7	6	1	3
5	1	6	4	2	3	9	7	8
3	4	2	5	1	8	7	6	9
8	7	1	6	3	9	2	5	4
9	6	5	7	4	2	3	8	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 07.13 तक तत्पश्चात तृतीया 13 मार्च 04.03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 20.29 तक तत्पश्चात अश्विनी।

मेष — आज अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल संपत्ति के विवाद बढ़ सकते हैं। आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा, किंतु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं।

वृष — आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। सेहत की समस्या दूर होगी।

मिथुन — आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमीजन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

कर्क — आज परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है। महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा।

सिंह — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए नकारात्मक रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें। शाम को आपका मन शांत हो सकता है।

कन्या — आज योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अंग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे। आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं।

तुला — आज सभी कार्य समय पर हो जाएंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे। आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

वृश्चिक — आज मन में कुछ अभिनव प्रयोग करने की इच्छा होगी। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जाएंगे। व्यापार में कुछ नया करने का विचार जन्म ले सकता है। बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। किसी को धोखा न दें।

धनु — आज नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा। कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

मकर — आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। रुका हुआ धन अवश्य वापस मिल सकता है। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनंद नहीं ले पाएंगे।

कुंभ — आज घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। प्रत्येक विषय पर आपको बिना मांगे राय देने से बचना चाहिए।

मीन — आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्य-स्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
बादशाह — सुबह : 10.43
राम बलराम — रात : 07.06

SONY PIX
मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.02
बैटमैन बिगिन्स — रात : 08.45

SONY MAX
एन एक्शन हीरो — सुबह : 09.00
केजीएफ चैप्टर 2 — रात : 10.24

ZEE CINEMA
प्लेयर्स — सुबह : 10.30
सीक्रेट सुपरस्टार — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
खुदा गवाह — सुबह : 11.22
अजब प्रेम की गजब कहानी — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात 10.24 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए!

पत्नी-आपको मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति- मुझे तो तेरी ये मजाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।
पति की बात सुनकर पत्नी हैरान रह गई।

धर्म दर्शन

देवी कल्याणी



श्री शुकदेव जी कहते हैं, परीक्षित! कंस एक तो स्वयं बड़ा बली था और दूसरे मगध नरेश जरासंध की उसे बहुत बड़ी सहायता प्राप्त थी। तीसरे उसके साथी थे- प्रलम्बासुर, बकासुर, चाणूर, तृणावर्त, अघासुर, मुष्टिक, पूतना केशी, धेनुक आदि। इसके अतिरिक्त बाणासुर और भौमासुर आदि बहुत से दैत्य राजा उसके सहायक थे। इनको साथ लेकर वह यदुवंशियों को नष्ट करने लगा। यदुवंश के लोग भयभीत होकर कुरु, पांचाल, विदिशा, केकय, शाल्व और कौसल आदि देशों में जा बसे।

कुछ लोग ऊपर-ऊपर से उसके मन के अनुसार काम करते हुए उसकी सेवा में लगे रहे। जब कंस ने एक-एक करके देवकी के छह बालक मार डाले, तब देवकी के सातवें गर्भ में भगवान के अंशस्वरूप श्री शेष जी, जिन्हें अनंत भी कहते हैं, पधारे।

विश्वात्मा भगवान ने देखा कि मुझे ही अपना स्वामी और सर्वस्व मानने वाले यदुवंशी कंस के द्वारा बहुत ही सताए जा रहे हैं,तब उन्होंने अपनी योग माया को यह आदेश दिया, देवी, कल्याणी! तुम ब्रज में जाओ। वह प्रदेश ग्वालों और गौओं से सुशोभित है। वहां नंदबाबा के गोकुल में वसुदेव की पत्नी रोहिणी निवास करती हैं। उनकी और भी पत्नियां कंस से डरकर गुप्त स्थानों में रह रही हैं। इस समय मेरा वह अंश,जिसे शेष कहते हैं, देवकी के उदर में गर्भ रूप से स्थित है। उसे वहां से निकालकर तुम रोहिणी के पेट में रख दो। कल्याणी! अब मैं अपने समस्त ज्ञान बल आदि अंशों के साथ देवकी का पुत्र बनूंगा और तुम नंदबाबा की पत्नी यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। तुम लोगों को मुंह मांगे वरदान देने में समर्थ हो जाओगी। मनुष्य तुम्हें अपनी समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली जानकर तुम्हारी पूजा करेंगे। पृथ्वी में लोग तुम्हें दुर्गा,भद्रकाली,विजया, चंडिका,कृष्णा,नारायणी, शारदा आदि बहुत से नामों से पुकारेंगे। देवकी के गर्भ से खींचे जाने के कारण शेष जी को लोग संसार में 'संकर्षण' कहेंगे, लोकरंजन करने के कारण 'राम' कहेंगे और बलवानों में श्रेष्ठ होने के कारण 'बलभद्र' भी उनका नाम होगा।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

जब भगवान ने इस प्रकार आदेश दिया तब योगमाया ने 'जो आज्ञा' कहकर उनकी बात शिरोधार्य की। योगमाया ने देवकी का गर्भ ले जाकर रोहिणी के उदर में रख दिया। तब पुरवासी बड़े दुःख के साथ आपस में कहने लगे, हाय! बेचारी देवकी का यह गर्भ तो नष्ट ही हो गया।

भगवान भक्तों को अभय करने वाले हैं। वे सर्वत्र सब रूप में हैं। उन्हें कहीं आना जाना नहीं है, इसलिए वे वसुदेव जी के मन में अपनी समस्त कलाओं के साथ प्रकट हो गए। भगवान की ज्योति को धारण करने के कारण वसुदेव जी सूर्य के समान तेजस्वी हो गए। भगवान के उस ज्योतिर्मय अंश को वसुदेव जी के द्वारा आधान किए जाने पर देवी देवकी ने ग्रहण किया। जैसे पूर्व दिशा चंद्रदेव को धारण करती है,वैसे ही शुद्ध सत्व से सम्पन्न देवी देवकी ने विशुद्ध मन से परमात्मा एवं आत्मस्वरूप भगवान को धारण किया। भगवान सारे जगत के निवास स्थान हैं। देवकी उनका भी निवास स्थान बन गई। देवकी के गर्भ में भगवान विराजमान हो गए थे। उसके मुख पर पवित्र मुस्कान थी और उसके शरीर की कांति से बंदीगृह जगमगाने लगा था। जब कंस ने उसे देखा तब वह मन ही मन कहने लगा कि अब की बार मेरे प्राणों के ग्राहक विष्णु ने इसके गर्भ में अवश्य ही प्रवेश किया है,क्योंकि इसके पहले देवकी कभी ऐसी न थी। देवकी को मारना तो ठीक न होगा, क्योंकि वीर पुरुष स्वार्थ वश अपने पराक्रम को कलंकित नहीं करते। एक तो यह स्त्री है, दूसरे बहन और तीसरे गर्भवती है। इसको मारने से तो तत्काल ही मेरी कीर्ति, लक्ष्मी और आयु नष्ट हो जाएगी। यद्यपि कंस देवकी को मार सकता था,किंतु स्वयं ही वह इस अत्यंत क्रूरता के विचार से निवृत्त हो गया। अब भगवान के प्रति वैर का भाव मन में गांठकर वह उनके जन्म की प्रतीक्षा करने लगा। वह उठते-बैठते, खाते-पीते, सोते-जागते और चलते फिरते सर्वदा ही श्रीकृष्ण के चिंतन में लगा रहता। जहां उसकी आंख खुलती, जहां कुछ खड़का होता, वहां उसे श्रीकृष्ण दिख जाते। इस प्रकार उसे सारा जगत ही श्रीकृष्णमय दिखने लगा।

देव-दानव दोनों के आराध्य शंकर

महादेव एक ऊर्जा हैं जिसका न कोई आदि हैं और न कोई अंत हैं। ध्यान के अंतिम क्षण में जब मनुष्य को परम सुख का आनंद मिलता हैं उसी आनंद के परम सुख को ही शिव कहा जाता है। ऐसा कोई स्थान नहीं है,जहां शिव न हों। यह वह आकाश हैं, वह चेतना हैं, जहां सारा ज्ञान विद्यमान है। वे अजन्मे हैं और निर्गुण हैं। यह समाधि की वह अवस्था है जहां कुछ भी नहीं है, केवल भीतरी चेतना का खाली आकाश है। वही शिव हैं। वेद, उपनिषद, आगम, इतिहास, पुराण आदि सभी उनका बहुत महिमामंडन करते हैं।

एको ही रुद्र, द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति सर्वप्रथम शिव ने ही धरती पर जीवन के प्रचार-प्रसार का प्रयास किया इसलिए उन्हें 'आदिदेव' भी कहा जाता है। भगवान शिव को देवों के साथ असुर, दानव, राक्षस, पिशाच, गंधर्व, यक्ष आदि सभी पूजते हैं। वे रावण को भी वरदान देते हैं और राम को भी। उन्होंने भस्मासुर, शुक्राचार्य आदि कई असुरों को वरदान दिया था। शिव, सभी आदिवासी, वनवासी जाति, वर्ण, धर्म और समाज के सर्वोच्च देवता हैं। भारत की असुर, रक्ष और आदिवासी जाति के आराध्य देव शिव ही हैं। शैव धर्म भारत के आदिवासियों का धर्म है। असुरों के कुलगुरु शुक्राचार्य महान शिवभक्त हैं। भगवान शिव ने कई असुरों को वरदान दिया है। उनके लिए देव दैत्य सब समान हैं इसीलिए वही एक ऐसे हैं जिनकी पूजा दोनों करते हैं, जो तीनों लोकों में तिरस्कृत हैं, महादेव उन्हें अपने पास स्थान देते हैं। प्रहलाद जी के पुत्र विरोचन थे, विरोचन के पुत्र बलि तथा बलि के पुत्र बाणासुर हुए जो महान शिव भक्त थे। बाणासुर ने हजारों वर्षों तक शिव जी की आराधना कर उन्हें प्रसन्न कर लिया था एवं अपनी राजधानी शोणितपुर में रहने एवं सुरक्षा करने हेतु तैयार कर लिया था।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

वे कभी पक्षपात नहीं करते, इसीलिए वे असुरों को भी उतने ही प्रिय हैं जितने देवों को। शिव के व्यक्तित्व में ऐसा चुंबक है जिसके कारण समाज में संपन्न लोगों से लेकर शोषित, वंचित, भिखारी तक उन्हें अपना मानते हैं। वे देव, दानव मानव सभी के महादेव हैं। वे उत्सव प्रिय हैं,जो शोक अवसाद और अभाव में भी उत्सव मनाने की उनके पास कला है। उदास परंपरा बीमार समाज बनाती है। श्मशान में उत्सव मनाने वाले वे अकेले देवता हैं। भोले बाबा का चरित्र सबसे सहज है। भारतीय मन मस्तिष्क पर सबसे प्रभावी है। भगवान शिव का एक नाम भोले बाबा भी है अर्थात् जो सरल हो जिसमें छल-कपट न हो। अब वो इतने भोले हैं कि साधारण सी वस्तु से प्रसन्न हो जाते हैं। यहां तक मान्यता है कि मात्र जल का अर्घ्य देने से वो प्रसन्न होकर मनोकामना पूर्ण कर देते हैं। शिव वैकारिक,तैजस,तामस-इन तीन प्रकार के अहंकारों के अधिष्ठातृ देव हैं और राक्षस स्वभाव से ही राजस-तामस होते हैं। भोलेनाथ के नाम में ही भोले है। सब कुछ जानते बूझते भी उनके स्वभाव में भोलापन है। उन्हें आशुतोष कहा गया है अर्थात् अतिशीघ्र प्रसन्न होने वाला। उन्हें प्रसन्न करने के लिए किसी अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं,वे तो सच्चे मन से केवल जल चढ़ाने पर भी प्रसन्न हो जाते हैं। दूसरी सबसे बड़ी बात ये कि महादेव भाव प्रधान हैं। उनके लिए पूजा की विधि कोई मायने नहीं रखती, केवल भक्ति भाव को ही वे देखते हैं।

वे भौतिक और अलौकिक दोनों संपदाओं के स्वामी हैं और दोनों प्रकार से इच्छित फल प्रदान करते हैं। असुर सदैव भौतिक वस्तुएं ही वरदान में मांगते थे। देवताओं की दैत्यों से प्रतिस्पर्धा चलती रहती थी। ऐसे में जब भी देवताओं पर घोर संकट आता था तो वे सभी देवाधिदेव महादेव के पास जाते थे। दैत्यों,राक्षसों सहित देवताओं ने भी शिव को कई बार चुनौती दी,लेकिन वे सभी परास्त होकर शिव के समक्ष झुक गए, इसीलिए शिव देवों के देव महादेव हैं। वे दैत्यों, दानवों और भूतों के भी प्रिय भगवान हैं। याज्ञवल्क जी कहते हैं शिव की भक्ति के बिना राम जी की भक्ति प्राप्त नहीं हुई इसीलिए रामचरित मानस में राम जन्म के पूर्व शिव कथा का प्रसंग है। लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए भगवान राम ने समुद्र किनारे शिवलिंग बनाकर शिवजी की पूजा की थी और शिव रुद्राष्टक स्तोत्र का श्रद्धापूर्वक पाठ किया था। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया था। आशीर्वाद के साथ ही श्रीराम ने शिवजी से अनुरोध किया कि जनकल्याण कि लिए वे सदैव ज्योतिर्लिंग के रूप में यहां निवास करें। उनकी इस प्रार्थना को भोलबाबा ने सहर्ष स्वीकार किया।

सुर-असुर

अमंत्रम् अक्षरं नास्ति,नास्तिमूलमनौषधम्।/ अयोग्यः पुरूषो नास्ति, योजकस्तत्र दुर्लभः।। अर्थात बिना मंत्रशक्ति का कोई अक्षर नहीं है/ बिना औषधीय गुणों के कोई जड़ (पौधा) नहीं, बिना गुण के (गुणहीन) कोई व्यक्ति नहीं, परंतु ऐसे व्यक्ति दुर्लभ हैं जिनमें समस्त गुणों को जोड़ने की सामर्थ्य है।

इस श्लोक में शाश्वत सत्य समाविष्ट है। यह हमारी सर्वथा अपनी स्वार्थ प्रेरित चिंतन दृष्टि का दोष है कि हम हर व्यक्ति, समाज या घटना का मूल्यांकन अपने-अपने दृष्टिकोण से ही करते हैं। यही स्थिति प्रारंभ में सर्वाधिक मेधावी और सशक्त मानव समूह के कालांतर में हतभाग्य में "असुर" शब्द के अपमान जनक अनर्थ की हुई थी। अन्यथा यह विवाद रहित मान्यता है कि ब्रह्मा के मानसपुत्रों में से एक महर्षि मरीचि के पुत्र, देवर्षि और ब्रह्मर्षि के रूप में सुख्यात महर्षि कश्यप प्रजापति का विवाह दक्ष प्रजापति की तेरह पुत्रियों के साथ हुआ था। इन सगी बहनों में अदित, दित्ति, दनु से क्रमशः देव, दैत्य तथा दानव उत्पन्न हुए। स्पष्ट है कि तीनों एक ही पिता से सगी बहनों से पैदा हुए सौतेले भाई थे। परस्पर स्वार्थ जनित मतभेद, प्रतिद्वंद्विता, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और महत्वाकांक्षा ने कालांतर में उनमें भयंकर शत्रुता उत्पन्न कर दी। परिस्थिति वश दैत्य और दानव, देवताओं के विरोध में एक हो गए। उनमें परस्पर दीर्घ कालिकस शस्त्र संघर्ष शुरू हो गए। इन संघर्षों में यदा-कदा देवराज इंद्र, वरूण आदि को सफलता मिली, किंतु शीघ्र ही दैत्यों और दानवों की संयुक्त शक्ति देवताओं पर भारी पड़ी। प्रारंभिक वैदिक साहित्य में ही गुणों के आधार पर असुरों के विभाजन का संकेत मिलने लगता है। अच्छे गुणों वाले असुर आदित्य कहलाए और उनका नेतृत्व वरुणदेव ने किया। जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, ऋग्वेद के ही प्रारंभिक सूक्तों में इन्द्र, अग्नि आदि कई देवों का विशेषण 'असुर' प्रयुक्त हुआ है। उत्तर वैदिक युग एवं परवर्ती साहित्य में पांचवी सदी के बौद्ध दर्शन शास्त्री बुद्धघोष के अनुसार देवों ने असुरों को सुमेरु पर्वत से हराकर मध्य-पश्चिम एशिया की ओर भगा दिया था।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

वाल्मीकि रामायण में असुरों की उत्पत्ति के विषय में लिखा है कि, "सुरा पीने वाले सुर और न पीने वाले असुर कहलाए"- "सुराप्रतिग्रहाद् देवाःसुर इत्यादि विश्रुताः। /अप्रतिग्रहणात्तस्या दैतेयेश्चासुराःस्मृताः।।" वा.रा.,बाल.,सर्ग 45 श्लोक 38. ऋग्वेद में प्राणवान या ऊर्जा संपन्न, रहस्यमय गुणों से युक्त देव, दैत्य और दानव तीनों को असुर कहा गया है। रामायण के अनुसार सशक्त असुरराज लवण का वध अयोध्या नरेश श्रीराम के सबसे छोटे भाई शत्रुघ्न द्वारा वर्णित है। रामायण में ही विराध और कबंध आदि का वनवासी राम के हाथों वध वर्णित है। परवर्ती त्रिदेवों, ब्रह्मा, विष्णु, महेश में देवाधिदेव महादेव शिव तो बिना किसी भेदभाव के अपने निष्ठावान भक्तों देव, दैत्य, दानव, भूत, प्रेत, निशाचर, राक्षस आदि के प्रति परम उदार बने रहे। किंतु ऋग्वेद के उपेन्द्र विष्णु ही कालांतर में देवताओं के सर्व सामर्थ्यवान संरक्षक के रूप में उभरे जिनके कारण असुरशक्ति का स्थायी दमन संभव हुआ अन्यथा महर्षि भृगु के परम प्रज्ञावान तथा समरनीति विशेषग्य 'शुक्रनीति' के प्रवक्ता शुक्राचार्य के मार्गदर्शन के कारण देव विरोधी मानव समूह के द्वारा तथाकथित निंदयनीय घोषित "असुरों" को उनके आराध्य परम कृपालु तथा देवाधिदेव महादेव के संरक्षण ने अजेय बना दिया था।

कुमाऊं

चंपावत में पेड़ पर चढ़कर विरोध जतातीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

अनदेखी से आहत कार्यकत्रियां पेड़ पर चढ़ीं

आंदोलन

- नौ फरवरी से कार्य बहिष्कार पर हैं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां
- चंपावत जिले के 681 केंद्रों में 22 दिनों से लटके हैं ताले

संवाददाता, टनकपुर/चंपावत

अमृत विचार : अनदेखी से आहत आंगनबाड़ी वर्कर्स ने सोमवार को नए अंदाज में विरोध जताया। उन्होंने सांकेतिक रूप से पेड़ पर चढ़कर नाराजगी जाहिर की। साथ ही जल्द मांग पूरी न होने पर भूख हड़ताल और चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया।

जनपद में आंगनबाड़ी वर्कर्स बीती 19 फरवरी से बेमियादी आंदोलन पर हैं। जिसके चलते करीब 681 आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले लटके पड़े हैं। वह सरकार से रोजाना 600 रुपये मानदेय, रिटायरमेंट के बाद दो लाख रुपये देने, टेक होम राशन ढुलान को केंद्र तक पहुंचाने की राशि देने, मोबाइल फोन व रिचार्ज किए जाने, विभागीय कार्यों के लिए यात्रा भत्ता देने सहित कई मांगों को पूरा करने की मांग कर रही हैं। बाराकोट की ब्लॉक अध्यक्ष दमयंती वर्मा और उपाध्यक्ष अनीता देवी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी वर्कर्स का 22वें दिन कार्य बहिष्कार जारी रहा। इस दौरान तुलसी जोशी और शोभा बोहरा ने पेड़ पर चढ़कर विरोध जताया। इस दौरान जानकी जोशी, प्रेमा बोहरा, तुलसी बिष्ट, परमेश्वरी सहित कई आंगनबाड़ी वर्कर्स मौजूद रहीं।

इधर, चम्पावत में भी आंगनबाड़ी वर्कर्स ने पेड़ पर चढ़कर विरोध जताया। यहां प्रदेश उपाध्यक्ष विमला पनेरू के नेतृत्व में तहसील परिसर में विरोध जताते हुए वर्कर्स ने सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। साथ ही जल्द मांग पूरी नहीं होने पर भूख हड़ताल के साथ ही लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया। प्रदर्शन करने वालों में रेखा बोहरा, पुष्पा मेहर, शोभा पांडे, शांति गोस्वामी, लीला जोशी, हेमा जोशी, शशि प्रभा, भुवनेश्वरी, प्रेमा, सरोज तड़ागी, सुनीता पांडे, माया आदि मौजूद रहे। उधर, टनकपुर में आंगनबाड़ी वर्कर्स ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिसमें गीता, सरोज, दीपा, नीरू शामिल रहे।

अल्मोड़ा गांधी पार्क में धरना देतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

मांगों पर फैसला नहीं तो चुनाव का बहिष्कार

अल्मोड़ा, अमृत विचार : मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स का कार्य बहिष्कार जारी है। सोमवार को गांधी पार्क में धरने के दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही मांगों पर जल्द फैसला नहीं होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। कहा कि आशा वर्कर्स सालों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करती आई हैं। सरकार ने उनके कार्यों के अलावा उन्हें जो भी दायित्व सौंपे उसे समर्पित होकर पूरा किया। लेकिन आज जब आंगनबाड़ी वर्कर्स जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं तो सरकार उनकी सुध लेना तक उचित नहीं समझ रही है। इससे उनमें भारी रोष पनप रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो वह आगामी लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार करेंगी। धरने में अध्यक्ष किरन जोशी, पुष्पा लखचौरा, रजनी बगड़वाल, कमला कार्की, गीता वर्मा, स्वाति टम्टा, अनीता बिष्ट, चंपा आदि मौजूद रहीं।

महिला सशक्तिकरण की योजनाओं की जानकारी दी

बिटिया बचेगी तो कुटिया बचेगी अभियान के दौरान बालिकाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, चंपावत

अमृत विचार : क्वेरालाघाटी के भोलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव का समापन हो गया है। क्वेराला, बाली एवं द्वाली नदियों के संगम तट पर स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं ने भोलेश्वर महादेव की पवित्र शिवधूनी जाग्रत कर भजन-कीर्तन, हवन-पूजन एवं जलाभिषेक किया।

मेले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पीएलवी प्रकाश चंद्र जोशी उर्फ शूल ने विधिक स्टाल लगाकर लोगों को प्राधिकरण के उद्देश्यों की जानकारी दी। साथ ही नशामुक्त परिवेश एवं स्वच्छ पर्यावरण के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की।

उन्होंने बिटिया बचेगी तो कुटिया बचेगी अभियान चलाकर महिला सशक्तिकरण को लेकर चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान आयोजित जय भोलेश्वर क्रिकेट प्रतियोगिता में पुनाबे एकादश की टीम ने सैन्दर्क एकादश को पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया। इस दौरान चन्द्रशेखर, भुवनेश चन्द्र, महेश चन्द्र, माधवानन्द आदि मौजूद रहे।

चैत्राष्टमी मेला 14 अप्रैल से होगा शुरू

अल्मोड़ा, अमृत विचार : चौखुटिया विकास खंड में अप्रैल माह में होने वाले चैत्राष्टमी मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसको लेकर मेला समिति ने अगनेरी मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें तय किया गया कि इस बार तीन दिवसीय मेला 14 से 16 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। मेले के शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा।

तय किया कि चैत्र पहली नवरात्र से मंदिरों में भजन कीर्तन शुरू हो जाएंगे। इस बार माता का डोला ग्राम भटकोट से लाकर अगले वर्ष के लिए यह जिम्मेदारी उड़लीखान ग्राम पंचायत को दी जाएगी। मेले में स्थानीय व्यापारियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष दयाल सिंह मेहरा, दरबान बिष्ट, ललित सिंह, बहादुर सिंह, लीला जोशी, हेम मौजूद रहे।

अल्मोड़ा के कई मोहल्लों में नहीं हुई पानी की आपूर्ति

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मटेला पंपिंग पेयजल योजना के पंप हाउस में शार्ट सर्किट के कारण सोमवार को पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई। जिस कारण नगर के अनेक मोहल्लों में पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बीते रविवार को मटेला पंप हाउस में शार्ट सर्किट होने से मुख्य पैनल समेत कई उपकरण जल गए। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद पंप हाउस को दुरुस्त करने के लिए मशक्कत तो शुरू कर दी, लेकिन पंप हाउस को ठीक होने में समय लगने की बात भी कही। सोमवार को पंप हाउस को ठीक करने का काम तो शुरू हुआ, लेकिन पंपिंग न होने के कारण नगर की आधे से ज्यादा आबादी को पीने का पानी मुहैया नहीं हो पाया। जिस कारण लोगों ने पेयजल के लिए नगर के नौलों और धारों का सहारा लिया।

सोमवार को जिन जलाशयों में थोड़ा बहुत पानी एकत्र था उसी से संबंधित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति की गई। पानी न आने के कारण नगर की करीब पचास हजार से अधिक की आबादी प्रभावित रही। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अरूण कुमार सोनी ने बताया कि शार्ट सर्किट के कारण पंप हाउस के कई महंगे उपकरण पूरी तरह खराब हो चुके हैं। नए उपकरण बाहर से मंगाए गए हैं। एक दो दिनों में पेयजल की आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी का संकल्प

संवाददाता, टनकपुर/लोहाघाट

अमृत विचार : निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता अभियान जोरशोर से चलाया जा रहा है। लोहाघाट नगर से लगे सुंई क्षेत्र की ग्राम पंचायत पऊ में आयोजित होली कमेटी की बैठक में मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। राजस्व उपनिरीक्षक राकेश पंगरिया ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान जरूरी है। मतदान लोकतंत्र का उत्सव है।

इस दौरान निष्पक्ष व अनिवार्य मतदान करने के संकल्प पत्र भी भरवाए गए। कार्यक्रम में लोहाघाट ब्लॉक के रोजगार सहायक ब्रजेश चतुर्वेदी, नवीन ओली, अखिलेश ओली, भोलादत्त चतुर्वेदी, नरेश कुमार ओली, ललित मोहन ओली, उप प्रधान योगेश ओली, जीवन चंद्र ओली, राजेंद्र प्रसाद जोशी, पंकज ओली, नितिन चतुर्वेदी, विवेक ओली, गौरव जोशी, हेमेश चतुर्वेदी, आयुष ओली, मनोज ओली, मदन मोहन चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

लोहाघाट में लोगों को मतदान की शपथ दिलाते राजस्व उप निरीक्षक राकेश पंगरिया। ● अमृत विचार

मतदाता जागरूकता बाइक रैली को किया रवाना

अल्मोड़ा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस विभाग ने सोमवार को मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली। रैली को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रघुनाथ सिटी मॉल से शुरू हुई रैली मालरोड चौघानपाटा, केमू स्टेशन, टैक्सी स्टैंड होते हुए लिंक रोड, जलाल तिराहा, लोअर माल रोड, बेस, होटल मैनेजमेंट करबला से वापस रघुनाथ मॉल पहुंची। जवानों ने लाउड हेलर के माध्यम से मतदाताओं को भयमुक्त होकर निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली में सीएफओ नरेंद्र सिंह कुवंर, कोतवाल जगदीश देऊपा, एलआईयू निरीक्षक कमल पाठक, टीआई अयूब अली, सतीश कापड़ी, सौरभ कुमार भारती, लाइन सुबेदार मोहित कुमार, चौकी प्रभारी धारानौला दिनेश परिहार आदि मौजूद रहे।

हायर सेंटर ले जाते समय अधेड़ की मौत

टनकपुर, अमृत विचार : ठेकेदार के यहां कार्य कर रहे एक अधेड़ की पिथौरागढ़ से हल्द्वानी ले जाते समय 108 वाहन में मौत हो गई। शव को उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार पिथौरागढ़ में ठेकेदार के यहां मुंशी का कार्य करने वाले लोहाघाट के भुमलई निवासी भुवन चन्द्र पुनेठा (46) को तबियत खराब होने पर 108 वाहन से टनकपुर होते हुए हल्द्वानी ले जाया जा रहा था, लेकिन अमोड़ी के पास युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में पत्नी सोनू पुनेठा, पुत्र मोहित व मनीष पुनेठा हैं। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

सीएम ने शिकायतकर्ताओं को फोन कर जानीं समस्याएं

सीएम हेल्पलाइन 1905 के बाबत लोगों से लिया फीडबैक, समस्याओं के समाधान के लिए शिकायकर्ताओं ने सीएम का जताया आभार

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और सीएम हेल्पलाइन के संबंध में फीडबैक लिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन 1905 में आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता से लें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन 1905 को और अधिक प्रभावी बनाने पर कार्य हो। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन का मकसद जनता को सहूलियत पहुंचाना है। शिकायत का समाधान न होने पर संबंधित विभाग व अधिकारी उसका अनवरत रूप से फॉलोअप करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीर्घकालीन व टेक्निकल समस्याओं को लंबित रखने की आदत छोड़ समस्याओं के शीघ्र समाधान पर कार्य करें। शासन व प्रशासन का एक मात्र मकसद जनता को संतुष्ट करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से सीएम हेल्पलाइन 1905 के संबंध में बैठक लें। मुख्यमंत्री ने वर्चुअली जुड़े सभी जिला अधिकारियों से कहा कि तहसील दिवसों के दौरान भी सीएम हेल्पलाइन 1905 से आने वाली शिकायतों को तत्काल पोर्टल पर अपडेट किया जाए।

देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ नव नियुक्त अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से फोन से वार्ता की। जिसमें उधमसिंह नगर की शिकायकर्ता भावना फुलारा ने बताया कि उनका राशन कार्ड ऑनलाइन प्रदर्शित नहीं हुआ था, जिस कारण उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा था। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के महज 5 दिन में उनकी समस्या का समाधान हो गया। इसके लिए भावना फुलारा ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। नैनीताल के शिकायकर्ता सर्वेश शर्मा ने बताया कि नई पाइप लाइन डालते समय उनके घर की पुरानी पाइप लाइन टूट जाने से घर पर पानी नहीं आ रहा था। कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं था। परंतु सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के कुछ दिनों बाद ही उनकी समस्या का समाधान हो गया। शिकायकर्ता सर्वेश शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव शैलेश बगौली, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

सीएम ने विभिन्न विभागों में चयनित 84 अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्य सेवक सदन में खेल नीति-2021 के अंतर्गत विभिन्न पदों पर चयनित राज्य के 31 विशिष्ट खिलाड़ियों को खेल, गृह, युवा कल्याण एवं वन विभाग में आउट ऑफ टर्न सेवायोजन देने के साथ ही परिवहन विभाग में 25 कनिष्ठ सहायकों तथा उद्यान विभाग में 28 सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस प्रकार कुल 84 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने यह सफलता कड़ी मेहनत और परिश्रम से हासिल की है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि वे अपने दायित्व का जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आप जितनी ईमानदारी, लगन और मेहनत से काम करेंगे, आपके आगे की राह उतनी ही आसान होगी। मुख्यमंत्री ने खेल नीति 2021 का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत हमने अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी देने का जो वादा किया था, उसे हम आज धरातल पर उतरते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी युवा खेल की दुनिया में उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे, उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने महज तीन माह मेंलगभग पांच हजार युवाओं को नर्सिंग अधिकारी, वन आरक्षी, सहायक लेखाकार, डिप्टी जेलर व बन्दी रक्षक, ग्राम विकास अधिकारी आदि के पदों पर नियुक्ति पत्र प्रदान कर रोजगार उपलब्ध कराया है। ढाई साल में हमने 20 हजार से भी युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रोजगार के अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार देने के साथ-साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व रेखा आर्य ने भी सम्बोधित किया तथा चयनित अभ्यर्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव परिवहन अरविन्द सिंह ह्यांकी, महानिदेशक कृषि व उद्यान डॉ. रणवीर सिंह चौहान, एडीजी अमित सिन्हा, अपर निदेशक उद्यान डॉ आरके सिंह, वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

उपनल को भवन लिए निशुल्क दी जाएगी भूमि

ब्यूरो, देहरादून

सीएम की घोषणा

- मुख्यमंत्री धामी ने उपनल के 20 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में की घोषणा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि. (उपनल) द्वारा 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा पिछले 20 वर्षों में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने उपनल के स्थापना दिवस पर निगम के अधिकारियों व करमचारियों को शुभकामनाएं दी। सीएम ने कहा कि उपनल को देश में नवाचार के क्षेत्र में मॉडल के रूप में पहचान बनाने की सलाह दी। उन्होंने उपनल के मुख्यालय भवन के लिए देहरादून में निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने की घोषमा की। उन्होंने इस भवन को पर्वतीय शैली में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने को कहा।

सोमवार को डीएसओआई गढ़ी कैंट देहरादून में उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि. के 20 वें स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी एक सैनिक के बेटे हैं। सैनिक परिवार में पले-बढ़े हैं। पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार की समस्याओं और चुनौतियों को उन्होंने नजदीक से देखा और समझा है। इसलिए जब हमारी सरकार आयी तो हमने पूर्व सैनिकों को दिया जाने वाला प्रोत्साहन भत्ता तीन महीने के स्थान पर हर महीने देने जाने का निर्णय लिया। इस फैसले से 25000 पूर्व सैनिकों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 10 साल से कम अनुभव वाले पूर्व सैनिकों को लगभग 5000 व 10 साल से अधिक अनुभव वाले पूर्व सैनिकों को लगभग 6000 हजार रुपए प्रति महीने की प्रोत्साहन राशि दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शहीदों की स्मृति में भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सचिव दीपेन्द्र चौधरी, चेयरमैन उपनल मे.जनरल (सेनि) समीर सब्रवाल, एमडी ब्रिगेडियर (सेनि) जेएनएस बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री व संस्थापक उपनल लेज (सेनि) टीपीएस रावत ने भी विचार रखे।

नाबालिग को भगाने का आरोपी युवक गिरफ्तार

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

अमृत विचार : पाटी विकास खंड के एक गांव की नाबालिग किशोरी को भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने पॉक्सो व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लोहाघाट थाने के एसएसआई चेतन रावत ने बताया कि पाटी ब्लॉक के एक गांव की महिला ने बीते दिन थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसकी 17 साल की नाबालिग बेटी किसी बात पर नाराज होकर छह मार्च को घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस ने किशोरी की सूचना आसपास के थानों को दी। जिसके बाद किशोरी को संदिग्ध हालत में घूमते हुए धूनाघाट क्षेत्र में रहने वाले युवक अमन सिंह के साथ बरामद किया गया। पूछताछ करने पर दोनों ने घर से भागने की बात बताई। जिसके बाद लोहाघाट पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पर पुलिस टीम दोनों को लोहाघाट थाने लाई। जहां नाबालिग के परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी अमन सिंह के खिलाफ पॉक्सो व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। वहीं किशोरी का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया।

सेना के जवान ने फांसी लगाई

देहरादून : रायवाला आर्मी कैंप में तैनात सिपाही ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है।

थाना रायवाला पुलिस को आर्मी कैंप में एक सिपाही के फांसी लगाकर खुदकुशी करने की सूचना मिली। इस पर सहायक पुलिस अधीक्षक/प्रभारी थाना जितेन्द्र चौधरी (आईपीएस) मय फोर्स मौके पर पहुंचे। वहां सिपाही बालाजी (28) एक बिल्डिंग में सीढ़ियों की रेलिंग से लटका मिला। उसने बैडशीट के जरिए फांसी लगाई थी। घटना स्थल की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी कर अन्य जवानों की सहायता से शव को नीचे उतारा गया। मृतक सिपाही बालाजी तमिलनाडु के तिपनापल्ली कोरबापतली कृष्णागिरी का रहने वाला था।

प्रचार सामग्री में सिंगल यूज प्लास्टिक का न करें प्रयोग : सीईओ

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में लोकसभा के आगामी सामान्य निर्वाचन हेतु प्रदेश के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ सोमवार को सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी में सभी राजनैतिक दलों से निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने जाने हेतु अपेक्षित सहयोग की अपील की। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के नामांकन, घोषणा पत्र एवं आचार संहिता के दौरान आयोग की गाइडलाइन दिशा निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

देहरादून में अधिकारियों की बैठक लेते मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम। ● अमृत विचार

बैठक में सभी राजनीतिक दलों से उनके स्टार प्रचारकों की रैलियों, रोड शो एवं अन्य आयोजनों के लिए व्यय के प्रावधान संबंधी जानकारी दी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जनता को अधिक से अधिक प्रेरित करने की अपील की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों को आश्वस्त किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी राजनीतिक दल को किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने में अथवा किसी प्रकार की कठिनाई के समाधान के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तरफ से सक्षम अधिकारी स्तर से तत्परता के साथ सहयोग किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से यह भी अपील की है कि प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने की दिशा में सहयोग करते हुए चुनाव प्रचार सामग्री में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न किया जाए।

इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने राजनीतिक दलों को निर्वाचन प्रक्रिया सम्बन्धी दायित्व और विभिन्न विषयों के बारे में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। व्यय नोडल मनमोहन मैनाली ने राजनैतिक दलों के रैली, विज्ञापन प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया व्यय सीमा संबंधी जानकारी दी। बैठक में सीविजिल एप के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल, प्रताप शाह, सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं पंजीकृत गैरमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश

सार-संक्षेप

जंक्शन पर आज पहुंचेगी वंदेभारत एक्सप्रेस

बरेली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 10 वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे, जिसमें देहरादून-लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस भी शामिल है। यह ट्रेन मंगलवार को बरेली जंक्शन भी पहुंचेगी। ट्रेन के स्वागत में बरेली जंक्शन के अधिकारी तैयारियों में जुटे रहे। स्वागत समारोह में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। वैसे तो 22548 देहरादून-लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस के बरेली आने का समय शाम 19 :03 बजे निर्धारित किया गया है, लेकिन उद्घाटन के दिन मंगलवार को ट्रेन बरेली जंक्शन पर दोपहर 2 :05 बजे पहुंचेगी और पांच मिनट ठहराव के बाद 2 बजकर 10 मिनट पर रवाना की जाएगी। सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन ट्रेन चलेगी। हालांकि ऑनलाइन अभी तक ट्रेन का नंबर अपडेट नहीं किया गया है, जिसकी वजह से किराए को लेकर भी लोगों में संशय है। जंक्शन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर शाहजहांपुर छोर पर मंच बनेगा। कार्यक्रम में सांसद संतोष गंगवार, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बिथरी विधायक राघवेंद्र शर्मा, मेयर डॉ. उमेश गौतम को आमंत्रित किया गया है।

कैंट क्षेत्र में शुरू होगी पीएनजी की सप्लाई

बरेली : एयरफोर्स स्टेशन परिसर और कैंट बोर्ड क्षेत्र में इसी महीने से पीएनजी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। दोनों जगह पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में पीएनजी की सप्लाई शुरू करने का भी काम शुरू कर दिया गया है। इसके तहत सेटेलाइट से नकटिया होते हुए इन्वर्टिस तिराहा तक लाइन बिछाई जाएगी। नेशनल पीएनजी ड्राइव के तहत अब सीयूजीएल ने पीएनजी कनेक्शन धारकों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू कर दिया गया है। अभी तक शहर में पीएनजी के 54 हजार कनेक्शन हैं लेकिन शहर के कई इलाकों में अभी तक पीएनजी की सप्लाई नहीं पहुंची है। सीयूजीएल के एक कंपनी प्रतिनिधि ने बताया कि एयरफोर्स स्टेशन परिसर और कैंट बोर्ड क्षेत्र में पीएनजी की लाइन डालने के लिए खोदाई का काम छह माह पहले शुरू कर दिया गया था। जिसे अब पूरा करा दिया गया है।

हिंदी की परीक्षा छोड़ने पर 16 सौ विद्यार्थी होंगे फेल

बरेली : यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में करीब 16 सौ छात्र परिणाम आने से पहले ही अनुत्तीर्ण हो गए हैं। इन छात्रों ने 22 फरवरी को हुई हिंदी की परीक्षा छोड़ दी थी। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पहले दसवीं और 12वीं की हिंदी परीक्षा में अनुपस्थित होने पर कंपार्टमेंट की सुविधा नहीं दी जाती थी और इसमें ग्रेस भी नहीं दिया जाता था। संशोधित नियम के तहत 10वीं परीक्षा में कंपार्टमेंट परीक्षा देने की अनुमति दी गई, जबकि इंटरमीडिएट में अनुपस्थित रहने पर अगले सत्र में दोबारा प्रवेश लेने का नियम है। इस नियम के आधार पर करीब 16 सौ विद्यार्थियों को अगले सत्र में दोबारा प्रवेश लेना होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि कुछ परीक्षार्थियों ने हिंदी के साथ ही अन्य परीक्षाएं भी नहीं दी होगी। नियमानुसार इन परीक्षार्थियों को अगले सत्र में प्रवेश लेना होगा।

गैर इरादतन हत्या में दो सगे भाइयों को 10-10 साल की सजा

रामपुर : ग्रामीण की गैर इरादतन हत्या करने के मामले में एडीजे द्वितीय की कोर्ट ने दो सगे भाइयों को 10 वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 11-11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मिलक थाना क्षेत्र के गांव खाता नगरिया निवासी आकिब के अनुसार, 18 जून 2020 को उसके पिता जाकिर अपने घर के सामने पेड़ के नीचे बैठे थे। तभी वहां भूरा और उसका भाई महफूज आ गए। पेड़ के नीचे बैठने को लेकर जाकिर से कहासुनी करने लगे। विरोध करने पर भूरा और महफूज ने जाकिर को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज हो गया था। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे द्वितीय की कोर्ट में हुई।

11वीं के छात्र की भाई के सामने चाकू से हत्या

संवाददाता, बरेली/बिशारतगंज

अमृत विचार : बिशारतगंज में रविवार रात में दो दोस्तों ने भाई के सामने ग्यारहवीं के छात्र की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मामूली कहासुनी के बाद दोस्त रात में छात्र को घर से बुलाकर खेत में ले गए थे। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड नंबर आठ के मोहल्ला लोहिया नगर में पप्पू साहू का पूरा परिवार रहता है। पप्पू साहू के बड़े बेटे अजय साहू ने बताया कि रविवार सुबह उनके छोटे भाई विजय साहू (17) का पड़ोसी मीत गोस्वामी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस दौरान मोहल्ले के लोगों ने दोनों को डांटकर मामला शांत करा दिया। इसके बाद रात करीब 8:30 बजे विजय के मोबाइल पर मोहल्ले के ही रहने वाले उसके दोस्त अरुण गोस्वामी ने फोन किया। उसने विजय को घर से कुछ दूरी पर स्थित चकरोड पर बुलाया। विजय के अचानक ही घर से बाहर जाने पर उन्हें शक हुआ। उन्होंने घर से बाहर निकल कर विजय को बुलाने की कोशिश की मगर वह काफी दूर निकल चुका था।

उन्होंने आगे जाकर देखा तो विजय को अरुण ने पीछे से पकड़ रखा था और मीत चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर रहा था। उन्हें आता देख दोनों युवक मौके से फरार हो गए। मोहल्ले और परिजनों की मदद से वह विजय को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात उपचार के दौरान विजय की मौत हो गई। अजय की तहरीर पर पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भव्य रूप से मनाई जाएगी रामनवमी

अयोध्या, अमृत विचार : आगामी रामनवमी पर राम जन्मभूमि परिसर में बड़े आयोजन की योजना श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयार कर रहा है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी के मुताबिक इस बार की चैत्र रामनवमी विगत वर्षों की अपेक्षा 50 गुना अधिक दिव्य और भव्य रूप से मनाई जाएगी।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही निर्माणाधीन राम मंदिर के लिए खुलकर दान किया जा रहा है। एक माह में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 52 करोड़ रुपये का दान प्राप्त हुआ है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि 22 जनवरी को भी छह करोड़ रुपये का दान प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि जिस तरीके से राम भक्तों का सैलाब अयोध्या में दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

अवैध दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़

छापेमारी

- खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने की छापेमारी
- बोतल बंद पानी की फैक्ट्री संचालित होने का भी खुलासा

संवाददाता, संभल/बबराला

अमृत विचार : जनपद संभल के बबराला में औषधि एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने एक मकान पर छापेमारी करके बिना लाइसेंस संचालित पशुओं की दवा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यहां से बड़ी मात्रा में पशुओं की दवा और फूड सप्लीमेंट बरामद किए। औषधि निरीक्षक ने नमूने भर कर दवा और मैन्युफैक्चरिंग के सभी सामान को सील कर दिया गया। अवैध रूप से बोतल बंद पानी की फैक्ट्री संचालित होने का भी खेल खुला। फैक्ट्री संचालक को हिरासत में लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी गई।

दवाओं की आंकी जा रही कीमत, दर्ज होगी रिपोर्ट

बबराला : दवाओं को सील कर रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुलदीप तिवारी ने बताया कि पानी के अवैध कारोबार की पुष्टि परिसर में लगे कामर्शियल आरओ सिस्टम से हो रही है। अलबत्ता, बोतल बंद पानी का स्टाक अथवा रैपर बोतल आदि सामान मौके पर नहीं मिला है। विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

बबराला कस्बे में अवैध रूप से चल रहे बोतल बंद पानी के कारोबार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो प्रशासन भी सक्रिय हो गया। औषधि निरीक्षक जैनेंद्र कुमार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुलदीप तिवारी ने पुलिस टीम के साथ मुहल्ला लेखपाल कॉलोनी स्थित शंकर ज्ञान धर्मशाला वाली गली में डॉ. राजेश कुमार के मकान में अवैध रूप से संचालित दवा दवा फैक्ट्री पर छापा मारा। यह फैक्ट्री दिनेश कुमार द्वारा संचालित की जा रही थी। नीचे दवा और पानी की फैक्ट्री संचालित थी जबकि ऊपर खुद दिनेश परिवार के साथ रहते हैं। टीम ने ऊपरी मंजिल पर भी एक कमरे में ताला तोड़ कर तलाशी ली तो वहां भी दवाओं का जखीरा मिला। औषधि निरीक्षक जैनेंद्र कुमार ने बताया कि दिनेश फैक्ट्री संचालन से जुड़े कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। कुछ माह पूर्व से फैक्ट्री शुरू होने की बात सामने आई। फैक्ट्री में पशुओं की दवाओं के साथ ही मैन्युफैक्चरिंग का सामान, लेवल, कार्टन, खाली शीशी आदि बिखरा हुआ मिला। काफी मात्रा में पशुओं की विभिन्न बीमारियों की तैयार दवा व फूड सप्लीमेंट बरामद हुआ। बरामद दवाओं पर गुरूमेट एनीमल हैल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के रैपर लगे हैं।

400 पार के लक्ष्य को सफल बनाएं

अयोध्या, अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि धार्मिक कार्य के बाद अब राष्ट्र कार्य में लग जाएं। पीएम मोदी के 400 सीटों से पार के लक्ष्य को संफल बनाएं। वह श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए टेंट सिटी में सोमवार को बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दर्शन अभियान को पूरा करने पर आत्म संतोष मिला। आंदोलन के दौरान कारसेवा की तरह यह भी यादगार रहेगा। सासंद लल्लू सिंह ने यहां पहुंच मुलाकात की। इसके पूर्व उन्होंने हनुमानगढ़ी व राम लला के दर्शन किए। बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, अजय सिंह, एमएलसी जितेंद्र सिंह, सहकारी बैंक के चयेरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह आदि रहे।

स्मृति ने शूटर वर्तिका की नहीं की मानहानिः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह द्वारा केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ मानहानि के आरोपों को लेकर दाखिल याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने खारिज कर दिया है।

न्यायालय ने कहा कि पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, यदि वादी को कांग्रेस पार्टी अथवा पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की लीगेसी वाले 'गांधी परिवार' से जुड़ा हुआ कहा गया तो ये उसकी मानहानि नहीं है और न ही यह उसकी मानहानि किए जाने की स्मृति ईरानी की मंशा को दर्शाता है। यह आदेश न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की एकल पीठ ने वर्तिका सिंह की याचिका पर पारित किया। याची ने स्मृति ईरानी पर मानहानि का आरोप लगाते हुए, सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में आपराधिक वाद दायर किया था जिसे निचली अदालत ने 21 अक्टूबर 2022 को खारिज कर दिया। याची ने निचली अदालत के उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची का आरोप था कि पत्रकारों ने स्मृति ईरानी से जब उनके निजी सचिव पर याची द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछा तो उन्होंने याची को कांग्रेस पार्टी का प्यादा बताया था।

कार का शीशा तोड़ 50 हजार उड़ाए

संभल, अमृत विचार: शाहजहांपुर जिले के थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव मियांपुर निवासी प्रेमपाल सोमवार को नदीम खां व दो अन्य लोगों के साथ कार से कोयला तौलने की मशीन खरीदने हयातनगर आया था। प्रेमपाल संभल बहजोई मार्ग पर थाने से थोड़ी दूर स्थित पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे कार खड़ी करने के बाद वर्क शॉप में मशीन देखने चला गया।

प्रेमपाल ने बताया कि छह या सात मिनट के बाद वापस आए तो कार का शीशा टूटा हुआ था और कार के अंदर बैग में रखे 50,000 रुपये गायब थे। खाली बैग व लैपटॉप कार के अंदर ही रखे थे। पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान चलाया।

शाइस्ता को तोहफे में मिली संपत्ति होगी कुर्क

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : बसपा विधायक रहे राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह अधिवक्ता उमेश पाल की हत्याकांड के बाद से शुरू हुए ऑपरेशन माफिया में एक साल बीतने के बाद भी अतीक अहमद की कहानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है।

अतीक की करोड़ों की संपत्ति को भले कुर्क कर दिया गया हो, लेकिन जांच के बाद कई सम्पत्तियों का खुलासा अब हो रहा है। अतीक ने अपनी बेगम शाइस्ता परवीन को तोहफे में दस बीघा जमीन दिया था। जिस पर फार्म हाऊस बनाने की तैयारी थी। पुलिस जांच से यह पता चला है कि माफिया ने अपनी बेगम शाइस्ता के लिए 50 करोड़ की संपत्ति खरीदी थी। इसके लिए शाइस्ता के नाम पर दर्ज जमीन, मकान, प्लाट की तलाश ईडी ने करना शुरू कर दिया है। अतीक ने शाइस्ता परवीन के नाम पर 5 करोड़ की जमीन शाहगंज इलाके के मिंजहांपुर में ली थी। 300 वर्ग की इस जमीन को अतीक ने साल 2024 में शाइस्ता को तोहफे में दिया था। इस जमीन के पता चलने के बाद पुलिस ने गोपनीय जांच कराई और दस्तावेज को जुटा लिया। अब इस रिपोर्ट को पुलिस कमिश्नर के पास भेजी गई है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,502.64	22,332.65
नुकसान	616.75	160.90
प्रतिशत में	0.83	0.72

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, मंगलवार, 12 मार्च 2024

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1020 फ्लैग 1130 बोल्ड 1175 डीएमओ 910।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1380, फॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1630, जय जवान 1450, सचिन 1540, सूरज 1475, अवसर 1580, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1720, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

एसएमई खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत

सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की दी सलाह

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने सोमवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने इस खंड में हाल के दिनों में हुई तेजी को 'अतार्किक उत्साह' जैसा बताया।

बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि हेराफेरी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) और सामान्य रूप से शेयरों की खरीद-बिक्री, दोनों में है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर महिला पत्रकारों से कहा- हमें (कीमतों में हेराफेरी के) संकेत मिल रहे हैं। हमारे पास इस बारे में पता लगाने की तकनीक है। हम कुछ

'पैटर्न' देख रहे हैं। मैं कहूंगी कि यह अभी शुरुआती चरण में है और बात बहुत आगे नहीं बढ़ी है। छोटी और मझोली कंपनियों के सूचकांक में हाल के दिनों में हुई तेज वृद्धि के बारे में पूछने पर बुच ने स्वीकार किया कि बाजार में तेजी के कुछ बुलबुले हैं। उन्होंने कहा-बुलबुले को बनते रहने देना उचित नहीं होगा, क्योंकि जब यह फूटता है, तो निवेशकों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह अच्छी बात नहीं है। सेबी प्रमुख ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक अभी भी इसके सभी पहलुओं को समझने और आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए सलाहकारों के साथ काम कर रहा है। बुच ने कहा कि अगर उसे कुछ गलत मिला, तो इस पर सार्वजनिक परामर्श जारी किया जा सकता है।

फंडों से निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं

नई दिल्ली। स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंडों में बढ़ते निवेश पर बाजार नियामक सेबी की चिंता के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि इन फंडों में निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि चिंताओं के बावजूद बेहतर प्रतिफल की चाहत में इन फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। सेबी ने पिछले महीने के अंत में म्यूचुअल फंड कंपनियों से कहा था कि वे उन निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक रूपरेखा तैयार करें, जिन्होंने स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में निवेश किया है। पिछली कुछ तिमाहियों में इन योजनाओं में भारी निवेश के कारण सेबी ने यह कदम उठाया। मिड कैप म्यूचुअल फंड ने कुल मिलाकर 2023 में लगभग 23,000 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि स्मॉल कैप योजनाओं के लिए यह आंकड़ा 41,000 करोड़ रुपये से अधिक था। इससे पहले 2022 में मिड कैप फंडों ने 20,550 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंडों ने 19,795 करोड़ रुपये जुटाए थे। दूसरी ओर लार्ज कैप म्यूचुअल फंडों में 2023 के दौरान लगभग 3,000 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। फिनवाइजर के संस्थापक और सीईओ जय शाह ने कहा कि चेतावनियों के बावजूद मिड कैप और स्मॉल कैप फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। फिलहाल निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं है।

फियो के नए अध्यक्ष चुने गए अश्विनी कुमार

नई दिल्ली। उद्यमी और विक्टर फोर्जिंग्स के साझेदार अश्विनी कुमार को भारतीय निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो का नया अध्यक्ष चुना गया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन (फियो) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सर्वसम्मति से चुने गए कुमार ने ए शक्तिवेल का स्थान लिया है। कुमार ने देश के विभिन्न संगठनों में कई प्रमुख पदों पर काम किया है। कुमार फियो के चेयरमैन और फेडरेशन की प्रबंध समिति के सदस्य, एनआईटी-जालंधर की संचालन परिषद के सदस्य, हैंड टूल्स पैनल (पैन इंडिया) के संयोजक और ईईपीसी इंडिया के 'वाइस रीजनल चेयरमैन' (उत्तरी क्षेत्र) रह चुके हैं। बयान के अनुसार नए फियो प्रमुख का लक्ष्य भारत के निर्यात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाना है। कुमार ने ऐसे समय में कमान संभाली है जब वैश्विक व्यापार में भारी बदलाव आ रहा है।

कमजोर वैश्विक रुझानों से सेंसेक्स में 616 अंक की आई गिरावट

मुंबई, एजेंसी

- दो दिनों से बाजार जारी बढ़त थमी, निफ्टी भी 160 अंक गिरा

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच धातु और बैंक शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी बढ़त थम गई और दोनों प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स मुनाफावसूली के कारण 616.75 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,502.64 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 685.48 अंक तक खिसक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 160.90 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,332.65 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड और टाटा स्टील में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी में भी गिरावट रही। एसबीआई का शेयर उच्चतम न्यायालय की प्रतिकूल टिप्पणी के कारण दो प्रतिशत टूट गया। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि अल्पावधि में निफ्टी में कमजोरी देखी जा सकती है और यह 22,200-22,250 के दायरे में आ सकता है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,750
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,450
गिन्नी (प्रति नग)	50,250-50,450
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,400
सोना जेवरात गिन्नी	64,400
चांदी पक्की	732 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,400
चांदी आभूषण	73,800।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 110 मसूरी 97 बासमती 145-150, **दाल दलहन**-काला चना 115-120 साबुत चना दाल 112 मूंग साबुत 96-126 राजमा 156 दाल उड़द 118-124 साबुत मसूर दाल 117 मसूर दाल 75-108 उड़द साबुत 120 काबुली चना 65-144 अरहर दाल 160-163 लोबिया/करमानी 85-135 सोयाबीन 118 मूंगफली 78-130 मटर (सूखी) 61 मक्का 18-30 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एयरलाइंस का घाटा 3-4 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इक्रा ने जारी की रिपोर्ट

भारतीय एयरलाइंस का शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष में कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये तक रहने का अनुमान है, जबकि अगले वित्त वर्ष में भी ऐसे रुझान बने रह सकते हैं। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया कि यात्रियों की संख्या में अच्छी बढ़ोतरी और किराया निर्धारण के नियमों से विमानन कंपनियों को मदद मिली।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने फरवरी की अपनी रिपोर्ट में कहा कि घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या लगभग 12.75 करोड़ होने का अनुमान है। रिपोर्ट में हालांकि यह भी कहा गया कि विमानन क्षेत्र आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियों और प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) कंपनी के इंजन से संबंधित समस्याओं से भी जूझ रहा है। पीएंडडब्ल्यू के इंजन में खराबी के चलते इंडिगो ने 70 से ज्यादा विमान खड़े कर दिए। रिपोर्ट में कहा गया, ऐसा अनुमान है कि भारतीय एयरलाइनों के परिचालन में शामिल कुल बेड़े का 24-26 प्रतिशत हिस्सा 31 मार्च, 2024 तक उड़ान भरना बंद कर देगा।

बांग्लादेश, श्रीलंका सहित कई देश भारत के साथ रुपये में व्यापार करने के इच्छुक : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य और उद्योग बोले-सभी हमसे कर रहे हैं बात

बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी क्षेत्र के देशों सहित कई विकसित और विकासशील देशों ने रुपये में व्यापार करने की इच्छा जताई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत के साथ साझेदारी से कारोबार के लिए लेनदेन की लागत घटेगी।

उन्होंने भरोसा जताया कि यह कदम भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की दिशा में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने एक साक्षात्कार में बताया-बांग्लादेश, श्रीलंका



पहले ही हमसे बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी इस पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा।

गोयल ने कहा कि इस पहल में विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी शामिल हो रहे हैं। सिंगापुर पहले ही कुछ हद तक इसमें शामिल है। मंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे देशों को यह एहसास हो रहा है कि घरेलू मुद्रा में व्यापार करने के कई फायदे हैं। इसलिए कई देश अपनी स्थानीय मुद्रा और रुपये के बीच सीधा लेनदेन शुरू करना चाहेंगे। गोयल ने कहा कि धीरे-धीरे यह बात समझ में आ रही है कि सभी लेनदेन को तीसरी मुद्रा में बदलने से उसकी लागत में काफी वृद्धि होती है।

राष्ट्रीय

शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर उठाए सवाल

अश्लील सामग्री देखने को अपराध नहीं मानने के फैसले की सुप्रीम कोर्ट करेगी समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले को सोमवार को 'भयावह' करार दिया जिसमें कहा गया है कि बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) को केवल डाउनलोड करना और उसे देखना यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत अपराध नहीं है। उच्च न्यायालय के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनाई करने के लिए भी उच्चतम न्यायालय राजी हो गया।

अदालत ने गत 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही भी निरस्त कर दी थी,

चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित मामला

जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था। अदालत ने कहा था कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 ऐसी सामग्री को केवल देखने को अपराध नहीं बनाता है। मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा था है कि आजकल के बच्चे अश्लील सामग्रियां देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और समाज को वैसे बच्चों को दंडित करने के बजाय शिक्षित करने को लेकर "पर्याप्त परिपक्वता" दिखानी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दो याचिकाकर्ता संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का की उन दलीलों पर गौर किया जिसमें उच्च न्यायालय के फैसले को कानूनों के विपरीत बताया गया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''यह (मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला) भयावह है।

एकल पीठ के न्यायाधीश ऐसा कैसे कह सकते हैं? नोटिस जारी करें जिसका तीन सप्ताह में जवाब दाखिल किया जाए।'' वरिष्ठ अधिवक्ता दो याचिकाकर्ता संगठनों- फरीदाबाद के 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस' और नई दिल्ली स्थित 'बचपन बचाओ आंदोलन' की ओर से पेश हुए। ये गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) बच्चों के कल्याण के लिए काम करते हैं।

कोर्ट ने आरोपी व पुलिस अधिकारियों से मांगा जवाब

शीर्ष अदालत ने आरोपी चेन्नई निवासी एस हरीश और तमिलनाडु के दो संबंधित पुलिस अधिकारियों से भी जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने हरीश के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम- 2012 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम-2000 के तहत आपराधिक मामला रद कर दिया था।

लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। राजस्थान के चुरू से लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। खरगे ने पार्टी में उनका स्वागत किया। इस मौके पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे। भाजपा द्वारा लोकसभा टिकट काटे जाने के बाद कस्वां ने यह कदम उठाया है। कांग्रेस में शामिल होने से पहले कस्वां ने भारतीय जनता पार्टी और संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राम-राम मेरे चूरू लोकसभा परिवार.....मेरे परिवारजनो! राजनीतिक कारणों के चलते आज में अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

चुनाव समिति की बैठक में सात राज्यों पर चर्चा

लोकसभा चुनाव

- भाजपा की दूसरी सूची मंगलवार तक के लिए टली
- नेताओं से चर्चा न होने के कारण सूची को रोक दिया गया

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों की दूसरी सूची फिलहाल टल गई है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक देर रात तक चलती रही, जिसमें सात राज्यों पर विचार विमर्श किया गया। सोमवार को दूसरी सूची जारी होने की संभावना थी लेकिन गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं से पूरी चर्चा न होने के कारण सूची को रोक दिया गया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं हरियाणा राज्यों की अधिकांश सीटों पर चर्चा हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के तीन सीटों पर अभी नाम तय होना बाकी है। दोनों राज्यों की सूची पर मंगलवार को अंतिम चर्चा की जाएगी।

सोमवार को देर शाम शुरू हुई बैठक में मुख्य रूप से महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़, तमिलनाडु एवं गुजरात के उम्मीदवारों पर चर्चा की गई। बैठक में बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी थे।

दुष्यंत चौटाला मिले नड्डा से, हिसार से उतारेंगे प्रत्याशी

नई दिल्ली, ब्यूरो : लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की एक सीट जननायक पार्टी को देने जा रही है। जेजेपार्टी अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला की सोमवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के बाद उक्त जानकारी मिली है। लोकसभा की हरियाणा में 10 सीटें हैं। सभी सीटों पर उम्मीदवारों की चर्चा मंगलवार को होगी। नड्डा एवं दुष्यंत की मुलाकात के बाद भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हरियाणा राज्य की चर्चा को टाल दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा की हिसार सीट गठबंधन के तहत जेजे पार्टी को मिलने जा रही है। इसी सूचना के आधार पर हिसार के बीजेपी सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह के पुत्र बृजेंद्र चौधरी ने बीजेपी से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। माना जा रहा है कि यदि जेजे पार्टी यहां से अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी तो उसका मुकाबला कांग्रेस से होगा। कांग्रेस ने बृजेंद्र चौधरी को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है।

एक नजर

तृणमूल कांग्रेस का 10 करोड़ से अधिक का डिमांड ड्राफ्ट जब्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के.डी. सिंह द्वारा प्रवर्तित एल्केमिस्ट समूह के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत पार्टी का 10.29 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जब्त किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस पार्टी द्वारा ली गई विमानन सेवाओं के लिए विभिन्न विमानन/हेलीकॉप्टर कंपनियों को भुगतान करने के लिए इस पैसे का इस्तेमाल किया था।

भाजपा सांसद प्रज्ञा के खिलाफ वारंट जारी

मुंबई। मुंबई में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले की आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को बार-बार चेतावनी के बावजूद पेश नहीं होने पर सोमवार को जमानती वारंट जारी किया है। ठाकुर और छह अन्य के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज है।

क्या अरविंद केजरीवाल मानहानि मामले में मांगना चाहते हैं माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री से किया सवाल

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछा कि क्या वह आपराधिक मानहानि के एक मामले में शिकायतकर्ता से माफी मांगना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें मामले में आरोपी के तौर पर जारी समन को बरकरार रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने 26 फरवरी को शीर्ष न्यायालय को बताया था कि उन्होंने भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ से संबद्ध 'यूट्यूबर' ध्रुव राठी द्वारा प्रसार किये गए कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट कर गलती की थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से, शिकायतकर्ता विकास सांकृत्यायन की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि केजरीवाल 'एक्स' या 'इंस्टाग्राम' जैसे सार्वजनिक मंच पर माफी मांग सकते हैं। पीठ ने वकील से कहा-आप हमें बताइए कि आप क्या चाहते हैं। हम इसे दूसरे पक्ष के समक्ष रख सकते हैं। न्यायालय ने कहा कि शिकायतकर्ता माफीनामे

का प्रारूप केजरीवाल को दे सकते हैं। पीठ ने केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा-इसलिए, यदि आप माफी मांगना चाहते हैं तो अपने अधिकारों और दलीलों के पूर्वाग्रह के बिना इसका प्रसार कर सकते हैं। उन्हें पड़ताल करने दें। पीठ ने कहा-अन्यथा हम इस कानूनी मुद्दे की जांच करेंगे कि क्या केवल रीट्वीट करना अपराध है या नहीं... हम आपसे सहमत हो सकते हैं, हम दूसरे पक्ष से सहमत हो सकते हैं। हम उसकी पड़ताल करेंगे। जब वकीलों में से एक ने निर्देश लेने के लिए वक्त मांगा, तब पीठ ने कहा-उन्हें माफीनामा दिखाइए। यदि वह इससे सहमत होते हैं तो ठीक है। मामले को 13 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया है।

शरजील की जमानत याचिका पर पुलिस से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों (यूएपीए) के आरोपों समेत वर्ष 2020 के सांप्रदायिक दंगों के मामले के संबंध में जमानत देने का अनुरोध करने वाले छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की याचिका पर सोमवार को पुलिस से जवाब मांगा।

2020 के सांप्रदायिक दंगों से संबंधित मामला

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम की जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उसकी याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। आरोपी की ओर से पेश वकील ने कहा कि निचली अदालत ने उसे गलत तरीके से जमानत देने से इनकार कर दिया जबकि वह इस मामले में दोषी ठहराए जाने की सूरत में मिलने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि जेल में काट चुका है। अभियोजन के अनुसार, इमाम ने अपने भाषण में असम तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों से अलग करने की धमकी दी थी।

तमिलनाडु में 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

पुदुकोट्टई। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को पुदुकोट्टई जिले से 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का हशीश और गांजा बरामद किया है। तिरुचिरापल्ली सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय के अधिकारियों ने मिमिसल गांव में एक झींगा फार्म में स्थित एक शेड से हशीश और गांजा बरामद किया है। तिरुचिरापल्ली सीमा शुल्क (निवारक) क्षेत्र के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर किए गए पोस्ट कहा गया कि सूचना के आधार पर ये मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। इसमें कहा गया कि अधिकारियों को सूचना मिली थी कि झींगा फार्म में स्थित एक शेड में भारी मात्रा में हशीश और गांजा छिपाए गए हैं।

संसद में सुरक्षा चूक : जांच के लिए पुलिस को मिल गया और समय

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को संसद सुरक्षा चूक मामले में उसकी जांच पूरा करने के लिए और समय दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने पुलिस को जांच पूरी करने के लिए 45 दिन और दिए। इससे पहले अभियोजन पक्ष ने एक आवेदन दायर कर अदालत से अनुरोध किया कि कुछ रिपोर्ट अब भी प्रतीक्षित हैं और आंकड़ों की जांच में भी समय लगेगा। पुलिस ने न्यायाधीश से जांच पूरी करने के लिए तीन महीने का और समय देने का आग्रह किया। संसद पर आतंकी हमले की बरसी पर सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोस कक्ष में कूद गए थे।

सरकार के विकास कार्यों से विपक्षी नेताओं की नींद उड़ गई

गुरुग्राम, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर बोला हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ढांचागत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति दोगुनी करने का वादा करने के साथ ही सोमवार को विपक्षी कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर करारा हमला किया और कहा कि नकारात्मकता विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का चरित्र बन गया है।

यहां एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार के विकास कार्यों से 'इंडिया' गठबंधन के

नेताओं की नींद उड़ गई है क्योंकि वे केवल उन परियोजनाओं को ढोल पीटने के आदी थे, जिनकी आधारशिला तो रखी गई लेकिन कोई पूरा नहीं हुई। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के प्रति अपनी सरकार के रुख की गति का ब्योरा देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चालू कैलेंडर वर्ष के तीन महीने से भी कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी है या उनका उद्घाटन किया है। इससे पहले मोदी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के हरियाणा खंड का उद्घाटन किया जो 4,100 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

मेरा तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी संवेदनाएं और योजनाएं जमीन से जुड़े अनुभवों से निकली हैं जो नारी शक्ति के जीवन को आसान बना रही हैं और उनका तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा। प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में 'सशक्त नारी-विकसित भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि जब भी वह महिलाओं के कल्याण की बात करते हैं, विपक्षी दल उसे उन्हें गाली देने के अवसर के रूप में उपयोग करता है। इस अवसर पर उन्होंने 'नमो ड्रोन दीदियों' की ओर से कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन देखा और 1,000 से अधिक 'नमो ड्रोन दीदियों' को ड्रोन सौंपे। कार्यक्रम के दौरान कुछ 'ड्रोन दीदियों' से संवाद करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी की संवेदनाएं और मोदी की योजनाएं जमीन से जुड़े जीवन के अनुभवों से निकली हैं।

विदर्भ को सस्ते में समेट मुंबई ने 260 रन की बनाई बढ़त

रणजी फाइनल के दूसरे दिन अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई की स्थिति मजबूत

मुंबई, एजेंसी

अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी फाइनल के दूसरे दिन सोमवार को विदर्भ के खिलाफ 260 रन की बढ़त बनाकर मैच पर शिकंजा कस दिया।

रहाणे ने 104 गेंद में नाबाद 58 रन की पारी खेली तो मुशीर ने भी नाबाद 51 बनाकर तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी कर दूसरी पारी में मुंबई का स्कोर 2 विकेट पर 141 रन पहुंचाया। पहले दिन 224 रन बनाने के बाद मुंबई ने दूसरे दिन विदर्भ को 105 रन पर समेटकर 119 रन की बढ़त बनाई। दूसरी पारी में भी मुंबई की शुरुआत खराब रही। टीम ने दोनों बल्लेबाज पृथ्वी साव (11) और भूपेन लालवानी (18) के विकेट जल्दी गंवा दिए, जिसके बाद रहाणे और मुशीर ने पारी को संभाला। पृथ्वी को यश ठाकुर ने और भूपेन ने हर्ष दुबे ने आउट किया। मौजूदा सत्र में रहाणे ने अपना सिर्फ दूसरा अर्धशतक पूरा किया। मुंबई को विदर्भ के दिग्गज स्पिनर आदित्य सरवटे की चोट से भी फायदा मिला। इससे पहले विदर्भ की टीम सुबह 3 विकेट पर 31 रन से आगे खेलने उतरी। टीम का कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका और टीम 105 रन पर सिमट गई। रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे (19) ने एक छोर संभाले रखा। यश राठौड़ 27 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। मुंबई की ओर से तनुष कोटियान, धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी ने तीन-तीन विकेट लिए। धवल ने अथर्व ताइडे (23) को विकेटकीपर हार्दिक तमोरे के हाथों कैच कराके मुंबई को पहली सफलता दिलाई। मुलानी ने ठाकरे को पगबाधा किया। बाएं हाथ के स्पिनर मुलानी ने हर्ष दुबे (1) को भूपेन के हाथों कैच कराया। यश राठौड़ इसके बाद तनुष की गेंद को विकेटों पर खेल गए। इस स्पिनर ने इसके बाद यश ठाकुर (16) और उमेश यादव (2) की पारी का भी अंत किया।

सात्विक-चिराग आल इंग्लैंड में करेंगे भारत की अगुवाई

बर्मिंघम, एजेंसी

- भारत के लिए प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ने जीता है यह खिताब

फ्रेंच ओपन चैंपियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से यहां शुरू हो रही आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब के लिए भारत का 23 साल का इंतजार खत्म करने की कोशिश करेंगे।

भारत के लिए खिताब प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही जीत सके हैं जबकि साइना नेहवाल (2015) और लक्ष्य सेन (2022) उपविजेता रहे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब जीता था। वहीं रविवार रात फ्रेंच ओपन खिताब अपने नाम किया। सात्विक और चिराग ने इस सत्र में मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 के फाइनल में प्रवेश किया और पेरिस में जीत दर्ज की। पहले दौर में उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान से होगा। जीतने पर दूसरे दौर में उनका सामना मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक से हो सकता है। लक्ष्य सेन का पहले दौर में मलेशिया के एंग जि योंग से और दूसरे दौर में डेन एंडर्स एंटोनसेन से मुकाबला होगा। एचएस प्रणय पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से खेलेंगे। किदाम्बी श्रीकांत पहले दौर में विक्टर एक्सेलसेन से खेलेंगे जबकि प्रियांशु राजावत का सामना इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वार्डोयो होगा। महिला में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पहले दौर में इंडोनेशिया की अप्रियानी राहायू और सिति फादिया सिल्वा रामाधंती से खेलेंगी।

सिंधू का वोन्ने से होगा मुकाबला

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू का सामना पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा, जिसके बाद दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी कोरिया की अन सि यंग से टक्कर हो सकती है। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में वापसी की थी, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हार गई।

खेल डायरी

पिस्टल निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को पैरा विश्व कप में रजत पदक

नई दिल्ली। भारत के रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने सोमवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। रुद्रांश, निहाल और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज की तिकड़ी ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता। चीन ने स्वर्ण पदक पाया। पिछले साल पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज रुद्रांश ने फाइनल में 223.2 अंक जुटाए। इटली के डेविड फ्रांसेचेटी ने 230.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। निहाल ने 202.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में रुद्रांश ने 530 और निहाल ने 527 अंक जुटाकर क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहते हुए 8 निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई।

अमेरिका ने ब्राजील को हराकर गोल्ड कप जीता

सेन डिएगो। लिंडसे होरान के पहले हाफ के इंजरी टाइम में हेडर से दागे गोल की बदौलत अमेरिका ने ब्राजील को 1-0 से हराकर कोनकाकैफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में मैक्सिको के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले अमेरिका ने करीबी फाइनल में जीत दर्ज की। अमेरिका की टीम चौथी बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में ब्राजील से खेल रही थी। अमेरिकी टीम ने पिछले तीन खिताबी मुकाबले भी जीते थे, जिसमें 2004 और 2008 ओलंपिक भी है। इस मुकाबले के लिए सेन डिएगो के स्नैपड्रैगन स्टेडियम में 31 हजार 528 दर्शक मौजूद थे जो किसी कोनकाकैफ महिला फुटबॉल मैच में दर्शकों की रिकॉर्ड संख्या है।

मुक्केबाज निशांत ओलंपिक कोटे से एक जीत दूर

बस्तो अर्सिजियो (इटली)। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से एक जीत दूर है, जिन्होंने यूनान के क्रिस्टोस काराइटिस को हराकर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में फीदरवेट का कांस्य पदक जीतने वाले निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। इस क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में पुरुषों के 71 किलो वर्ग के 4 कोटे दिए जाने हैं। निशांत को क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने की जरूरत है ताकि वे भारत के लिए पांचवां कोटा पा सकें। उनका सामना विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता अमेरिका के ओमारी जोंस से होगा।

स्वियातेक ने नोस्कोवा से आस्ट्रेलियाई ओपन की हार का बदला लिया

इंडियन वेल्स। पोलैंड की इगा स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिली हार का बदला चुकता करते हुए लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 6-0 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनेर भी अगले दौर में पहुंच गए लेकिन आंद्रेइ रूबलेव को 32वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका ने 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज ने फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को 6-2, 6-3 से मात दी, जबकि सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-4 से हराया। अल्काराज का सामना अब हंगरी के फेबियन मारोज्सान से होगा। स्वियातेक का सामना अब कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा, जिसने मेडिसन कीस को 6-4, 6-1 से मात दी। फ्रांसिस टियाफो भी स्टेफानोस सिटसिपास से हार गए। सिटसिपास का सामना अब लेहेका से होगा। वहीं कैटी वोलिनेट्स को कैरोलिन वोज्नियाकी ने हराया। अमेरिका के बेन शेल्टन ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को मात दी। अब उनका सामना सिनेर से होगा। नोस्कोवा ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में स्वियातेक को हराया था और किसी नंबर एक खिलाड़ी को हराने वाली 25 साल में पहली टीनएजर बनी थी।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हो सकती है शमी की वापसी

बीसीसीआई सचिव ने कहा- शमी आईपीएल और टी-20 विश्व कप से रहेंगे बाहर

धर्मशाला, एजेंसी

टखने की सर्जरी से उबर रहे भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस साल सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान वापसी कर सकते हैं। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने दी।

शमी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर रहे। पिछले महीने हुई टखने की सर्जरी से वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 22 मार्च से शुरू हो रहे सत्र से बाहर रहेंगे। जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी उनकी भागीदारी की संभावना नहीं है। शमी ने भारत के लिए अपना पिछला मैच एकदिवसीय विश्व कप में खेला था। भारत सितंबर में दो टेस्ट और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। शाह ने कहा कि शमी की सर्जरी हो गई है, वह भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए शमी की वापसी की संभावना है। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं। राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के आखिरी 4 मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद हैं। बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आईपीएल में वापसी को तैयार है। पंत दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर है। वह अच्छी बल्लेबाजी और कीपिंग कर रहा है। हम जल्द उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वह टी-20 विश्व कप खेल सका तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए अहम खिलाड़ी है।

मैकुलम ने स्वीकारा, बैजबॉल शैली में सुधार की जरूरत

धर्मशाला। भारत के खिलाफ अति आक्रामक रवैया काम नहीं आने के बाद इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि टीम की 'बैजबॉल' शैली में कुछ बदलाव की जरूरत है। इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला का आगाज हैदराबाद में पहला टेस्ट जीतकर किया था, लेकिन भारत ने बाकी चारों टेस्ट जीतकर श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। मैकुलम ने कहा कि जिस तरह से हमारी कमजोरियां इस उजागर हुई है, हमें गहन आत्ममंथन करना होगा और शैली में कुछ बदलाव करने होंगे। भारतीय टीम ने हम पर दबाव बनाया और हम कमजोर साबित हुए। गेंद से, बल्ले से, खेल के हर विभाग में उन्होंने हमें दबाव में ला दिया। 'बैजबॉल' दौर में इंग्लैंड ने यह पहली श्रृंखला गंवाई है। बेन स्टोक्स और उनकी टीम तीन श्रृंखलाओं में जीत नहीं सकी है, जिससे बैजबॉल पर सवाल उठने लगे हैं।

स्टोक्स ने भारत को दबदबा बनाने का मौका दिया: चैपल

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने भारत के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स नेतृत्व की आलोचना करते हुए कहा कि उनके कुछ फैसलों से उनकी टीम श्रृंखला में 1-4 से पिछड़ गई। रांची में चौथे टेस्ट के तीसरे दिन आखिरी सत्र के दौरान विकेट लेने के लिए तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन को गेंद थमानी चाहिए थी लेकिन स्टोक्स ने जो रूट से गेंदबाजी कराई, जिससे टीम को नुकसान हुआ। भारत ने इसका फायदा उठाया और 8 ओवरों में 40 रन बनाए। भारत ने इस मैच को 5 विकेट से जीतकर श्रृंखला में 3-1 की बढ़त बनाई थी। स्टोक्स ने रांची में कुछ और गलतियां की। आखिरी दिन खराब क्षेत्ररक्षण से भारतीय बल्लेबाजों को एक-एक रन बनाने का मौका दिया। जब स्टोक्स को कप्तानी में आक्रमक रवैया अपनाने की जरूरत थी तब उन्होंने लचर रवैया दिखाया।

विनेश ने बाधा डालने के बाद 50 किग्रा में दर्ज की जीत

पटियाला, एजेंसी

कुश्ती ट्रायल

महिलाओं के कुश्ती चयन ट्रायल के नाटकीयता से भरे दिन में पहलवान विनेश फोगट सोमवार को यहां 50 किलो वर्ग का मुकाबला जीतने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों को अपना नमूना दिए बिना चली गईं। सूत्र ने बताया कि नाडा की टीम ट्रायल विजेताओं के डोप नमूने लेने के लिए आई थी, लेकिन विनेश ने नमूना नहीं दिया। कुश्ती तदर्थ समिति के अधिकारी ने बताया कि डोपिंग जांच के लिए विनेश के नमूना देने से इनकार करने की उन्हें जानकारी नहीं है। नाडा के नियमों के अनुसार, नमूना देने से मना करने या विधिवत अधिकृत व्यक्ति द्वारा अधिसूचना के बाद बिना किसी ठोस कारण के नमूना नहीं देना डोपिंग रोधी नियमों (एडीआरवी) का उल्लंघन है। इससे पहले सुबह पेरिस ओलंपिक की दौड़ में बने रहने की कवायद में विनेश ने महिलाओं के 50 और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिए और अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा कि 53 किलो भार वर्ग के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से पहले होंगे। तदर्थ समिति के उनकी मांग मानने के बाद विनेश ने 50 किग्रा में शिवानी को 11-6 से हराकर अगले महीने किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले ओलंपिक क्वालीफिकेशन में जगह बनाई हालांकि 53 किग्रा में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अंजू से 0-10 से हार गईं। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली विनेश 50 किलो के ट्रायल के लिए साइ केंद्र पहुंची थी। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के अनुच्छेद 7 के अनुसार एक प्रतियोगी को एक दिन में एक भार वर्ग में भाग लेने की अनुमति है, लेकिन विनेश सोमवार को दो भार वर्गों के ट्रायल में शामिल हुईं। वह प्रदर्शन से पहले 53 किलो में उतरती थी लेकिन अंतिम पंघाल को कोटा मिलने से उसने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने 50 और 53 किलो में भाग लेने की अनुमति मांगी जिससे अजीब स्थिति बन गई। इससे पहलवान शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा कि हम ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं। तदर्थ समिति पहले कह चुकी है कि 53 किलो के अंतिम ट्रायल में शीर्ष चार पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को अंतिम से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया जीत के साथ दूसरे स्थान पर

दुबई, एजेंसी

- न्यूजीलैंड को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से ऑस्ट्रेलिया ने हराया

न्यूजीलैंड को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हराकर ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को इस जीत से 12 अंक मिले हैं। अब 12 मैचों के बाद उसके प्रतिशत अंक 59.09 से 62.50 हो गए हैं। न्यूजीलैंड के 60 प्रतिशत अंक से गिरकर 50 हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर है लेकिन उसने 6 मैच ही खेले हैं। भारत 68.51 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने नौ में से छह मैच जीते हैं। आस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट वेलिंगटन में 172 रन से जीता था।

अंतिम गेंद पर रिचा के पैर को बनाया निशाना : योनासेन

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की बाएं हाथ की स्पिनर जेस योनासेन अंतिम गेंद पर यॉर्कर डालकर खुश हैं, जिससे रिचा घोष एक भी रन नहीं बना पाईं और उनकी टीम ने लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 1 रन से जीत दर्ज की।

आरसीबी को आखिरी ओवर में जीत के लिए 17 रन की जरूरत थी। रिचा ने 2 छक्के लगाकर समीकरण को एक गेंद पर दो रन ला दिया लेकिन आखिरी गेंद पर 1 रन भी नहीं बना सकी, जिससे मैच सुपर ओवर में खिंच जाता। योनासेन ने कहा कि आखिरी गेंद में मैंने उसके पैर के अंगूठे पर निशाना साधा, मुझे लगता है मैंने अच्छा प्रदर्शन किया और शुक्र है कि गेंद शैफाली के पास गई जिसने इसे तेजी से वापस किया। पिछले मैच में एक रन से दिल तोड़ने वाली हार के बाद एक रन से जीत हासिल करके अच्छा लगा। योनासेन ने कहा कि जब से मुझे पर्पल कैप मिली है तब से मैं गेंद से काफी सामान्य प्रदर्शन कर रही हूं। आदर्श रूप से मैं विकेट लेना पसंद करूंगी, लेकिन मैं उतना निरंतर प्रदर्शन नहीं कर पार रही जितना शुरुआती मैचों में किया था। उन्होंने कहा कि मैं शायद अपनी सबसे कड़ी आलोचक हूं। यह ऐसी चीज है जिसे ध्यान में रखना चाहिए और सुधार करते रहना चाहिए। मैं जिस भी टीम का हिस्सा हूं उसके लिए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करना चाहती हूं।

होली पर रंगों के साथ धूम मचाएंगी माही

मुंबई, एजेंसी। रितेश पांडे और माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत 'तेल लगा ला नवरतन के' रिलीज हो गया है। रितेश पांडे और शिल्पी राज का गाया होली गीत वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से रिलीज हुआ है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। इस गाने में देवर बने रितेश पांडे भाभी बनी माही श्रीवास्तव से होली की मस्ती और हुड़दंग मचाते हुए नजर आ रहे हैं। निर्माता रत्नाकर ने कहा कि दोनों कलाकारों ने इसमें अपना 100 दिया है। गाना बहुत ही सुंदर बनाकर तैयार हुआ है। यही कारण है कि गाना यूट्यूब पर बार बार देखा व सुना जा रहा है। मैं उम्मीद करता हूँ कि दर्शक इसे लाखों की तादाद में देखेंगे और इस ए सुपरहिट बनाएंगे। रितेश पांडे ने कहा कि यह गाना होली के रंगों और देवर भाभी की मस्ती को दर्शाता है। इसमें भाभी और देवर के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

अरविंद अकेला कल्लू का होली गीत हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना यार+भतार=देवर रिलीज हो गया है। गाना यार+भतार=देवर को लेकर कल्लू ने कहा कि होली का त्योहार रंगों के साथ-साथ देवर और भाभी के बीच अतरंगी संवाद वाला भी होता है। यह सदियों से चली आ रही परंपरा है जो हमारी लोक संस्कृति में बसती है। उसी को केंद्र में रखकर यह गाना बनाया गया है जो दर्शकों को भी पसंद आ रहा है। गाने को हमने नएपन के साथ रिलीज किया है और इसमें एक अलग अंदाज के साथ स्वैग देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हूं कि मेरा यह गाना सबको पसंद आएगा और आगे भी मैं होली के एक से बढ़कर एक गाने लेकर आता रहूंगा और अपने श्रोताओं की होली को यादगार बना दूंगा।

जल्द आएगी विद्या की फिल्म दो और दो प्यार

मुंबई, एजेंसी। विद्या बालन और प्रतीक गांधी स्टारर 'दो और दो प्यार' 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट 19 अप्रैल की घोषणा करते हुए एक आकर्षक नए पोस्टर को लांन्च किया। इस फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति की अहम भूमिका है। यह फिल्म कंटेम्प्ररी रोमांस प्यार, हंसी और मॉडर्न रिलेशनशिप की कहानी को दर्शाएगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत, फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है, जो इस फिल्म के साथ अपने फीचर करियर की शुरुआत कर रही हैं।

शाहरूख बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

22वें जी सिने अवार्ड में बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला। रानी मुखर्जी और आलिया भट्ट सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री क्रिटिक्स से नवाजी गई। कियारा आडवाणी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री ज्यूरी का पुरस्कार मिला। बेस्ट वीएफएक्स- जवान के लिए रेड चिलीज एंटरटेनमेंट, बेस्ट एक्शन- स्पाइरो रजाटोस, एनल अरासु, क्रेग मैक्रे और जवान के लिए टीम, बेस्ट बैकग्राउंड म्यूजिक- जवान के लिए अनिरुद्ध, बेस्ट डायलॉग- जवान के लिए सुमित अरोड़ा, बेस्ट प्ले बैक सिंगर मेल- अरिजीत सिंह (पठान से झूमे जो पठान), बेस्ट प्ले बैक सिंगर फीमेल- शिल्पा राव (बेशरम रंग फिल्म पठान) बेस्ट लिरिक्स- कुमार (चलिया- पठान) के लिए चुने गए।

द लॉस्ट गर्ल: खोई हुई बच्ची के भावनाओं की कहानी

1984 के दंगों पर आधारित एक और फिल्म दर्शकों के दरवाजे पर खड़ी है। हालांकि इस बार फिल्म का नाता सियासी नहीं बल्कि सामाजिक है। ये फिल्म एक छोटी बच्ची के नजरिए से परदे पर उतारी गई है। वो बच्ची दंगों के दौरान खो जाती है और फिर उसकी जिंदगी के साथ-साथ चल पड़ती है फिल्म की रील। फिल्म का नाम है द लॉस्ट गर्ल। हाल ही में फिल्म के दो गाने पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल ने रिलीज किए। रब तू ही बता और लिल्लो की साइकल। दोनों ही गीत सोशल मीडिया पर पसंद किए जा रहे हैं। इस फिल्म को जमीन पर उतारने में दो बेहद प्रतिभाशाली फिल्मकारों की भूमिका है जो लंबे समय से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। द लॉस्ट गर्ल के लेखक और निर्देशक हैं आदित्य रानोलिया और निर्देशन में उनका साथ निभाया है प्रभात ठाकुर ने। प्रभात आर्ट डायरेक्टर के तौर पर लंबी पारी खेल चुके हैं। उनके खाते में मकबूल, हेराफेरी, आंखें और रांझणा जैसी फिल्में हैं। आदित्य का नाम बॉलीवुड के कामयाब सेट डिजाइनर्स में से एक है। इस फिल्म में कई परिचित चेहरों के साथ-साथ कुछ नई प्रतिभाओं का काम देखने को मिलेगा। परदे पर मुख्य भूमिका में प्राची बंसल, भूपेश सिंह, पूनम डांगड़ा, अरोनिका रानोलिया हैं तो परदे के पीछे नए-पुराने फनकारों की टीम है। युवा फिल्मकार प्रगीत शंकर को निर्देशन में सहायक के तौर पर हाथ आजमाने का मौका मिला है। फिल्म का संपादन अरविंद शुक्ला ने और म्यूजिक डायरेक्टर विवेक अस्थाना हैं। विवेक की बनाई धुनों पर अपूर्व आशीष, नेहा राजपाल और वीणा जोशी ने बेहद भावुकता भरे गीत गाए हैं। अगले महीने 5 अप्रैल को पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के बैनर तले ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। आदित्य रानोलिया और प्रभात ठाकुर को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं।

● **शारदा शुक्ला** (वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ)

फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी बने इमरान

मुंबई। अभिनेता इमरान हाशमी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया के किरदार में नजर आएंगे। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान भी मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो से ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। इस फिल्म में इमरान हाशमी गेस्ट अपीयरेंस में हैं, जो स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया का किरदार निभा रहे हैं। प्राइम वीडियो ने पोस्टर शेयर किया है, जिसमें राम मनोहर लोहिया के रूप में इमरान हाशमी हैं। इमरान ने कहा, मैंने पहले कभी स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका नहीं निभाई है, और राम मनोहर लोहिया के रूप में खुद को ढालने का मौका मिलना सम्मान की बात थी। मैंने कन्नन और दरब के साथ मिलकर काम किया और उनके व्यापक रिसर्च को समझने की कोशिश की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

यमन में अलकायदा के नेता खालिद अल बतरफी की मौत

सना, एजेंसी

• अमेरिका ने 50 लाख डॉलर का इनाम किया था घोषित

यमन की अल-कायदा शाखा के प्रमुख खालिद अल बतरफी की मौत हो गई है। आतंकवादी समूह ने रविवार देर रात यह जानकारी दी। अमेरिका सरकार ने अरब प्रायद्वीप में अल-कायदा (एक्यूएपी) समूह का नेतृत्व करने वाले खालिद अल-बतरफी पर 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित किया था।

एक्यूएपी को उसके संस्थापक ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद भी सक्रिय चरमपंथी समूह की सबसे खतरनाक शाखा माना जाता रहा है। अल-कायदा ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें अल-बतरफी को अल-कायदा के काले और सफेद झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है। वीडियो में बतरफी की मौत के कारण के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया और उसके चेहरे पर चोट का कोई स्पष्ट निशान नजर नहीं आया। ऐसा माना जाता है कि अल-बतरफी की उम्र करीब 40 वर्ष थी। एसआईटीई इंटेलिजेंस ग्रुप' के अनुसार, आतंकवादियों ने वीडियो जारी कर बतरफी की मौत की जानकारी दी। संगठन ने यह घोषणा रमजान की पूर्व संध्या पर की। यमन में सोमवार से मुसलमानों का पवित्र माह शुरू होने वाला है। उसने घोषणा की कि अब साद बिन अतेफ अल-अवलाकी उसका नेता होगा। अमेरिका ने अवलाकी पर 60 लाख डॉलर का इनाम रखा है।

सीएए... नए कानून में क्या हैं प्रावधान

नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है। नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक रास से पारित हुआ था। आईए जाने इसके बारे में...

प्रावधान में शामिल हैं ये शर्तें

नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद किया जा सकता है।

किसे मिल सकेगी नागरिकता

सीएए लागू होने के बाद नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास होगा। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी धर्म से जुड़े शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दे दी जाएगी। बता दें कि जो लोग 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर बस गए थे, उन्हें ही नागरिकता मिलेगी। इस कानून के तहत उन लोगों को अवैध प्रवासी माना गया है, जो भारत में वैध यात्रा दस्तावेज (पासपोर्ट और वीजा) के बगैर घुस आए हैं या फिर वैध दस्तावेज के साथ तो भारत में आए हैं, लेकिन तय अवधि से ज्यादा समय तक यहां रुक गए हों।

कैसे करें आवेदन

नागरिकता पाने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही रखी गई है। जिसे लेकर एक ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया जा चुका है। नागरिकता पाने के लिए आवेदकों को अपना वह साल बताना होगा जब उन्होंने बिना किसी दस्तावेज के भारत में प्रवेश किया था। आवेदक से किसी तरह का कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। नागरिकता से जुड़े जितने भी मामले लंबित उन सबको ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाएगा। पात्र विस्थापितों को सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन करना होगा। जिसके बाद गृह मंत्रालय आवेदन की जांच करेगा और आवेदक को नागरिकता जारी कर दी जाएगी।

कानून की इन मुख्य बातों पर दें ध्यान

- नागरिकता अधिनियम, 1955 यह बताता है कि कौन भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकता है और किस आधार पर। कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक बन सकता है यदि उसका जन्म भारत में हुआ हो या उसके माता-पिता भारतीय हों या कुछ समय से देश में रह रहे हों, आदि। हालांकि, अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया गया है। अवैध प्रवासी वह विदेशी होता है जो पासपोर्ट और वीजा जैसे वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करता है, या वैध दस्तावेजों के साथ प्रवेश करता है, लेकिन अनुमत समय अवधि से अधिक समय तक रहता है।
- विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 के तहत अवैध प्रवासियों को कैद या निर्वासित किया जा सकता है। 1946 और 1920 अधिनियम केंद्र सरकार को भारत के भीतर विदेशियों के प्रवेश, निकास और निवास को विनियमित करने का अधिकार देते हैं। 2015 और 2016 में, केंद्र सरकार ने अवैध प्रवासियों के कुछ समूहों को 1946 और 1920 अधिनियमों के प्रावधानों से छूट देते हुए दो अधिसूचनाएं जारी की थीं। ये समूह अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई हैं, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। इसका मतलब यह है कि अवैध प्रवासियों के इन समूहों को निर्वासित नहीं किया जाएगा।

एक नजर

चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने घाटी पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त

श्रीनगर। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को जम्मू-कश्मीर पहुंचे। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि कुमार और निर्वाचन आयोग के नौ अन्य अधिकारियों की टीम का सोमवार को कोई औपचारिक कार्यक्रम निर्धारित नहीं है। उन्होंने बताया कि समीक्षा प्रक्रिया के तहत टीम मंगलवार को नागरिक प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक करेगी।

अमेरिका के आर्कंसा में गोलीबारी तीन लोगों की मौत, कई घायल

जोन्सबोरो (अमेरिका)। अमेरिका के आर्कंसा राज्य में एक निजी पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। जोन्सबोरो पुलिस ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि जोन्सबोरो में घटनास्थल पर कई पीड़ित घायल अवस्था में मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस के अनुसार, हमलावर के परिचित एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना में हमलावर की भी मौत हुई है। घायल एक अन्य व्यक्ति को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच की जा रही है।

ऑस्ट्रेलिया से न्यूजीलैंड जा रहे विमान में लगे झटके, 50 घायल

सिडनी। सिडनी से न्यूजीलैंड जा रहे चिली के एक विमान में सोमवार को अचानक तेज हलचल होने के कारण लगभग 50 यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह सब इतना अचानक हुआ कि किसी को भी संभलने का समय नहीं मिला। मीडिया के मुताबिक, लताम एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि उड़ान के दौरान एक तकनीकी खराबी हुई, जिसके कारण जोरदार हलचल हुई। हालांकि, इसके बारे में ज्यादा विस्तार से नहीं बताया गया कि आखिर हुआ क्या था। जब उड़ान ऑकलैंड में उतरी, तो पैरामेडिक्स और 10 से अधिक आपातकालीन वाहनों ने यात्रियों की मदद की और उन्हें बाहर निकाला।

बेहिसाबी नकदी रखने के आरोप में सात लोगों को किया गिरफ्तार

आइजोल। मिजोरम के लॉन्गतलाई जिले में बेहिसाबी नकदी रखने के आरोप में म्यांमार के तीन नागरिकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स ने कहा- खुफिया सूचना के आधार पर आरडीएस बंगतलांग जंक्शन के पास एक पिकअप ट्रक में सवार सात लोगों को पकड़ा है। गिरफ्तार लोगों के पास से कुल 2.86 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा तथा 4.7 करोड़ म्यांमार क्यात जब्त किया है। नकदी लाने-ले जाने में इस्तेमाल किए गए पिकअप ट्रक को भी जब्त किया गया है। असम राइफल्स ने बताया है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मोदी के अरुणाचल दौरे से बौखलाया चीन, जंगनान भारत का हिस्सा नहीं

चीन ने कहा-सीमा विवाद अभी हल नहीं हुआ है, भारत को विकास का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था। इस दौरान पीएम मोदी ने हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें सबसे खास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई (13000 फीट) पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) थी। उनके इस दौरे के बाद चीन बौखला गया है।

चीन ने उनके इस दौरे को लेकर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपने अधिकार का दावा करते हुए कहा कि भारत के इस कदम से सीमा विवाद और जटिल ही होंगे। भारत को चीन के जंगनान क्षेत्र को मनमाने ढंग से विकसित करने का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि भारत ने हमेशा उसके इन दावों को खारिज किया है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को हुई अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जंगनान (अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्र चीनी क्षेत्र है। चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी और वह इसका दृढ़ता से विरोध करता है। उन्होंने कहा कि चीन-भारत सीमा प्रश्न अभी तक हल नहीं हुआ है। भारत को चीन के जंगनान क्षेत्र को मनमाने ढंग से विकसित करने का कोई अधिकार नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने किया था शनिवार को दौरा

पीएम मोदी ने बीते शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। इनमें सबसे खास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) थी। इस सुरंग का रणनीतिक रुप से काफी महत्व है। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमावर्ती क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी। असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले से जोड़ने वाली सड़क पर बनी 825 करोड़ की सुरंग को इतनी ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सड़क सुरंग माना जा रहा है।

अरुणाचल पर अपना दावा करता है ड्रैगन

भारत-चीन के बीच जिन क्षेत्रों को लेकर विवाद है, उनमें अरुणाचल प्रदेश भी है। चीन का दावा है कि भारत जिस इलाके को अरुणाचल प्रदेश बताता है वो दक्षिण तिब्बत है। और इस पर उसका अधिकार है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है। 1962 में यहां हमला कर उसने अरुणाचल के एक हिस्से पर कब्जा जमा लिया था। साल 2021 में उसने अरुणाचल की सीमा से लगे 15 स्थानों के नाम बदल दिए थे।

अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग

चीन पहले भी इस तरह के दावे करता रहा है। हालांकि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत हमेशा से कहता रहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। भारत ने चीन द्वारा इस इलाके का नामकरण करने के ड्रैगन के कदम को भी खारिज कर दिया था। भारत ने इस तरह के कदमों से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

गाजा में युद्धविराम की फिर कोशिश करेगा अमेरिका: बाइडन



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को रमजान से पहले दुनियाभर के मुस्लिम समुदाय को बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में इस्राइल-हमास संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका इजराइल के बंधकों की रिहाई से जुड़े समझौते के तहत गाजा में कम से कम छह हफ्ते के तत्काल युद्धविराम के लिए काम करना लगातार जारी रखेगा।

बाइडन ने कहा, हम स्थायी और दूरगामी स्थिरता, सुरक्षा और शांतिपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करना जारी रखेंगे। हम इजराइल-फिलिस्तीन के बीच दो राष्ट्र समाधान पर भी सहमति की कोशिशें जारी रखेंगे, ताकि फलस्तीन और इस्राइल के लोगों को समान स्वतंत्रता, सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि मिले। स्थायी शांति का यही इकलौता रास्ता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका जमीन, हवाई मार्ग और समुद्र के माध्यम से गाजा में ज्यादा से ज्यादा मानवीय सहायता मुहैया कराने की अंतरराष्ट्रीय कोशिशों का नेतृत्व करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, यह पवित्र महीना चिंतन और एक नई शुरुआत का समय है।

राष्ट्रपति की बेटी आसिफा बनेंगी पाकिस्तान की प्रथम महिला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की प्रथम महिला का पद राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी को दिया जाएगा। देश के नवनियुक्त राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपनी बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी को देश की प्रथम महिला के रूप में औपचारिक मान्यता देने की फैसला किया है। आमतौर पर देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति की पत्नी होती है।

देखा जाए तो यह पहली बार होगा कि किसी पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने प्रथम महिला के पद के लिए अपनी बेटी की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक कदम ने आसिफा भुट्टो को प्रथम महिला के प्रतिष्ठित पद पर पहुंचा दिया है, जो देश के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। मीडिया के अनुसार, आधिकारिक घोषणा के बाद, आसिफा भुट्टो जरदारी को प्रथम महिला के अनुरूप प्रोटोकॉल और विशेषाधिकार दिए जाएंगे। यह निर्णय विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि आसिफा भुट्टो प्रथम महिला का पद संभालने वाली किसी राष्ट्रपति की पहली बेटी बनने जा रही हैं।

गार्सेटी ने एक हजार वीजा आवेदकों का किया साक्षात्कार

नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक हजार पर्यटक वीजा आवेदकों के साक्षात्कार के लिए शनिवार यानी की नौ मार्च को अपने दरवाजे खोले। फिंगरप्रिंट के सत्यापन प्रक्रिया में सहायता करने के लिए राजदूत एरिक गार्सेटी ने दूतावास टीम की कमान संभाली। यह 2024 में आयोजित 'सुपर सैटरडे' वीजा प्रसंस्करण कार्यक्रम का हिस्सा है। मुंबई वाणिज्य दूतावास ने भी नौ मार्च को अपने दरवाजे खोल दिए थे।

बर्फ का पहाड़ बना बाधा...

मनाली: अटल टनल यातायात के लिए बंद है, लेकिन आपात स्थिति के लिए सड़क से बर्फ हटाने का कार्य जारी है। भारी हिमपात होने से जनजीवन अस्त व्यस्त है। पहाड़ी हिस्सों में जगह जगह हिमस्खलन हो रहा है। अटल टनल के उत्तरी पोर्टल के पास हुए हिमस्खलन से मनाली केलंग राष्ट्रीय राजमार्ग से बर्फ हटाते सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मी और कार्यकर्ता। • एजेंसी

अमेरिका में चार भारतवंशी महिलाओं को किया सम्मानित

न्यूयार्क। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चार प्रमुख भारतीय और भारतीय-अमेरिकी महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी उपलब्धियों और समाज में योगदान के लिए दिया गया है।

न्यूयार्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और फेडरेशन आफ इंडियन एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महारानी राधिकाराजे गायकवाड़, नीना सिंह, डां. इंदू ल्यू और मेघा देसाई को सम्मान दिया है। गायकवाड़ अपने परोपकारी कार्यों के माध्यम से शिक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। नीना सिंह न्यूजर्सी में पहली भारतीय और सिख महिला मेयर हैं। ल्यू क्लीनिकल ने स्वास्थ्य सेवा में असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

नदारद कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरों को काम पर रखा, कार्रवाई

आईजोल, एजेंसी

• लालडुहोमा सरकार ने तीन हजार सरकारी कर्मचारियों पर की कार्रवाई

मिजोरम के सरकारी विभाग में लगभग तीन हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरे लोगों को काम पर रखा है, जो विभिन्न विभागों में काम करते हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में, उनके स्थान पर अवैध रूप से कर्मचारी काम कर रहे हैं। विभिन्न विभागों द्वारा सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में इन अनियमितताओं का खुलासा हुआ है।

पिछले साल दिसंबर में सत्ता संभालने के तुरंत बाद, मुख्यमंत्री लालदूहोमा के नेतृत्व वाली जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) सरकार ने प्रॉक्सी कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी और उन्हें जनवरी तक रिपोर्ट करने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि विसंगतियों के बारे में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग में सबसे अधिक 1,115 स्थानापन्न कर्मचारी हैं, इसके बाद स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में 624 और बिजली विभाग में 253 प्रॉक्सी हैं।

मीडिया के मुताबिक, जिन लोगों ने स्थानापन्न कर्मचारियों को काम पर रखा था, उनमें से 2,070 सरकारी कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें स्वास्थ्य कारणों से ऐसा करना पड़ा, जबकि 703 ने घरेलू समस्याओं का हवाला दिया।

हरियाणा के रेवाड़ी में वाहनों की टक्कर से 6 की मौत, कई घायल

रेवाड़ी। हरियाणा के रेवाड़ी में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की मौत हुई है, जबकि अन्य छह लोग घायल हुए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी लोग खाटू श्याम के दर्शन करके लौट रहे थे। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दिल्ली सीमा के पास स्थित एक सोसायटी के निवासी थे।

जो खाटू श्याम से लौट रहे थे। हादसे में ड्राइवर विजय, शिखा, पूनम, नीलम और रंजना कपूर की जान चली गई। परिवार जब अस्पताल में पहुंचा तो इस दौरान शवों को देखकर चीख पुकार मच गई जैसे-तैसे साथ में आए लोगों ने एक दूसरे को संभाला। रेवाड़ी के पास एसयूवी ने पीछे से टक्कर मार दी। शादी से लौट रहे एसयूवी में सवार भी घायल हुए हैं।

विज्ञान एक दशक पहले से ही वैज्ञानिक दूरबीनों के निर्माण की जुगत में लगे हैं, अब एनएसएफ की आर्थिक मदद पर निर्भर

सबसे बड़ी दूरबीनों का निर्माण अधर में लटका, भारत की 10% हिस्सेदारी

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : निर्माणाधीन दुनिया की सबसे बड़ी दो दूरबीनों (टीएमटी व जीएमटी) का भविष्य फंड के अभाव में अधर में लटका हुआ है। राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन (एनएसएफ) ने अपेक्षित आर्थिक मदद देने से इंकार कर देने के चलते महत्वाकांक्षी परियोजना का सपना फिलहाल अधूरा है।

टीएमटी परियोजना में भारत की दस फीसदी की हिस्सेदारी है। करीब एक दशक पहले से खगोलशास्त्री दोनों प्रमुख दूरबीनों के निर्माण के जुगत में लगे हुए हैं। जिसमें एक का नाम विशाल मैगलन टेलीस्कोप (जीएमटी) है, जबकि दूसरे का नाम तीस मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) है। टीएमटी उत्तरी गोलार्ध में अध्ययन करेगी और जीएमटी दक्षिणी गोलार्ध की कमान संभालेगी। टीएमटी में भारत की भागीदारी है। इन दोनों दूरबीनों का निर्माण राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन की आर्थिक मदद पर निर्भर है। एनएसएफ 1.6 बिलियन डॉलर बजट देने को तैयार है। मगर खर्चा इससे कहीं अधिक होना है। यह दोनों शक्तिशाली दूरबीनें हैं, जो आधुनिक खगोल विज्ञान को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह दूरबीनें खोज की दिशा में आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान होंगी। मगर जितना बजट दिया जा रहा है, उससे एक दूरबीन ही बन सकती है। जिससे वैज्ञानिकों का दोनों गोलार्द्धों में खोज की दिशा का समावेश संभव नही है। दोनों दूरबीनों का निर्माण कार्य चल रहा है और किसी भी एक दूरबीन का कार्य बीच में छोड़ा नही जा सकता है। जिस कारण अमेरिकी खगोल विज्ञान समुदाय बेहद चिंतित है विशालकाय मैगलन टेलीस्कोप (जीएमटी) का निर्माण कार्य चिली के रेगिस्तान में चल रहा है, इसकी लागत लगभग 2.54 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) हवाई में मौना के नामक एक पर्वत में लगाए जाने की योजना बनाई गई है, लेकिन स्थानीय लोग इस दूरबीन को लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं।

13 दूरबीनें पहले से ही क्षेत्र में मौजूद हैं और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित कर रही हैं। फ़िलहाल, दोनों टेलीस्कोप का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

टीएमटी व जीएमटी दूरबीन का डिजाइन।

तेजी से चल रहा टीएमटी उपकरणों का निर्माण

टीएमटी में 492 दर्पण खंडों में से 100 का कार्य समाप्त हो चुका है। इस दूरबीन का व्यास 30 मीटर है। जीएमटी 8.4 मीटर व्यास की होगी। यह दोनों ऑप्टिकल दूरबीनें हैं। पृथ्वी की सतह पर इतनी बड़ी दूरबीन अभी तक स्थापित नही की जा सकी हैं। टीएमटी निर्माण में भारत की हिस्सेदारी का कार्य कोविड से पहले ही डिजाइन किया जा चुका है। टीएमटी हबल स्पेस टेलीस्कोप की तुलना में 12 गुना अधिक क्षमतावान होगी। बता दें, 13 दूरबीनें पहले से ही क्षेत्र में मौजूद हैं और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित कर रही हैं। फिलाहल, दोनों टेलीस्कोप का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

कावेरी का पानी कर्नाटक का है, तमिलनाडु का नहीं

• जल संकट के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर लगाई रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू जल संकट के दौर से गुजर रही है। देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में लोग पानी की बूंद-बूंद को भी तरस रहे हैं।

कृष्णराज सागर के बीच उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु के लिए छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि, अभी किसी भी कीमत पर कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु को देने का सवाल ही नहीं उठता है। कृष्णराज सागर (केआरएस) बांध से तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़े जाने के आरोपों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और आलोचना के बीच, शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि कावेरी का पानी बेंगलुरु के लिए है, न कि पड़ोसी राज्य के लिए। जल संसाधन विभाग का भी कार्यभार संभाल रहे शिवकुमार ने कहा, अब किसी भी कीमत पर तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने का सवाल ही नहीं है, हमने नहीं छोड़ा है...तमिलनाडु में कितना पानी जाता है, इसका हिसाब है। अगर आज पानी छोड़ा जाए तो वहां तक पहुंचने में चार दिन लगेंगे।

हमने कई कठोर कदम उठाए हैं: शिवकुमार

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि 16,000 बोरवेल में से 7,000 बोरवेल ने काम करना बंद कर दिया है। हम लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। बीडब्ल्यूएसएसबी, बीबीएमपी और नोडल अधिकारी इस पूरे मामले को देख रहे हैं। एक बोर्ड होगा, यह देखने के लिए कि वैध जल प्रदाता टैंकर और अवैध प्रदाता कौन हैं, जो अधिक शुल्क ले रहे हैं। पानी के संकट पर बोलते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि हम झुग्गियों में मुफ्त पानी उपलब्ध करा रहे हैं। भाजपा इसमें राजनीति कर रही है और हमें भाजपा के आरोपों की कोई चिंता नहीं है। भाजपा जानबूझकर राजनीति कर रही है। यह राजनीति है, जो भाजपा खेल रही है। हम तमिलनाडु को कोई पानी नहीं दे रहे हैं और हमने जारी नहीं किया है।